प्रकाशन का सफलतम 17 वां वर्ष

**सुविचार**

अहंकार, घमण्ड, क्रोध और निष्ठुरता ये अज्ञान से उत्पन्न हुए आसुरी प्रकृति के लोगों के भुण है, इनका त्याग करना ही हमें अच्छा इंसान बनाता है!!!

श्रीमद भगवद् गीता


आवाज आज की, नज़र कल पर

# पूर्वांचल सूर्य

रांची > दिल्ली > देवघर से प्रकाशित

www.purvanchalsurya.com

RNI No.- JHAHIN/2007/24306

10


वर्ष - 17 | अंक 225 | दैनिक | रांची | शनिवार 30 मार्च 2024 | पृष्ठ - 12 | मूल्य : ₹ 4.00




# अब देश में सैटेलाइट बेस्ड टोल सिस्टम की तैयारी

**● फास्टैग की छुट्टी तय, सड़क पर उतरते ही खुद कट जाएगा टोल ● टोल प्लाजा पर फिर बदलने जा रहे नियम, प्लान पर ऐक्शन शुरू**

नई दिल्ली (एजेंसी)। फास्टैग और टोल प्लाजा को लेकर भारत में नियम बदलने जा रहे हैं। कुछ समय पहले भारत में टोल प्लाजा पर कैश देकर गाड़ी की एंट्री करवानी होती थी, लेकिन इसके बाद फास्टैग की एंट्री हुई और टोल प्लाजा पर लगने वाली लंबी लंबी लाइनों से लोगों को राहत मिली, लेकिन अब सैटेलाइट टोल आने वाला है। इसकी मदद से गाड़ियों को ज्यादा रफ्तार मिलेगी और टोल पर एंट्री होने लगेगी। केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने हाल ही में सैटेलाइट टोल की घोषणा की है। आज हम आपको इससे संबंधित जानकारी देने वाले हैं। क्योंकि अब सबके मन में सवाल होगा कि आखिर ये काम कैसे करता है। अभी तक सामने आई जानकारी की मानें तो सैटेलाइट बेस्ड टोल सिस्टम की मदद से आपकी गाड़ी जैसे ही रोड पर आएगी तो खुद ही टोल कट जाएगा और आपको अलग से कुछ देने की जरूरत नहीं है। यानी पैसे सीधा आपके बैंक अकाउंट



से कटेंगे। सरकार इसके लिए सैटेलाइट बेस्ड टोलिंग सिस्टम का इस्तेमाल करने जा रही है। ये फिजिकल फास्टैग को रिमूव कर देगा और आपको हाईवे पर बिल्कुल अलग एक्सपीरियंस होने वाला है। जीसीसीसी टोलिंग सिस्टम एक वर्चुअल सिस्टम है जो गाड़ी के नंबर की पहचान करेगा और वाहन के मालिक के बैंक अकाउंट से कनेक्ट हो जाएगा। इसके लिए आपको कहीं पर भी रुकने की आवश्यकता नहीं होगी। एक प्रकार का वर्चुअल टोल बनाया जाएगा और यहां पर गैन्ट्रीज को इंस्टॉल किया जाएगा। इससे होते हुए जैसे ही गाड़ी गुजरेगी तो खुद ही टोल कट जाएगा। यही वजह है कि किसी के लिए भी व्हीकल को ट्रैक करना काफी आसान हो जाएगा। हालांकि ये सिस्टम कई देशों में पहले ही उपलब्ध है। इसमें दुबई, जर्मनी और रूस शामिल है। अब भारत में इसकी एंट्री के बाद वाहन मालिकों के लिए यात्रा करना काफी आसान होने वाला है जो बिल्कुल अलग फील देगा।

## पत्नी सुनीता ने केजरीवाल को आशीर्वाद कैंपेन लॉन्च किया

● केंद्रीय मंत्री बोले-केजरीवाल दिन गिन रहे, पत्नी सीएम बनने की तैयारी कर रहीं

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** आम आदमी पार्टी ने केजरीवाल को आशीर्वाद अभियान लॉन्च किया है। शुक्रवार को दिल्ली सीएम अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल ने कहा, मैं आपको (जनता) वॉट्सऐप नंबर 8297 324624 दे रही हूं। आप इस पर मैसेज भेजकर अपने अरविंद को आशीर्वाद भेज सकते हैं। इस बीच केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की कस्टडी में रह रहे अरविंद केजरीवाल पर तंज कसा कि उनके (अरविंद केजरीवाल) पास गिनती का वक्त बचा है। संभवतः उनकी पत्नी सुनीता मुख्यमंत्री पद की तैयारी कर रही हैं। केजरीवाल की पत्नी रेवेन्यू सर्विस में रहने के दौरान महज उनकी साथी नहीं थीं।



## मुख्तार का हुआ पोस्टमॉर्टम

# मौत की होगी न्यायिक जांच

**प्राइमरी रिपोर्ट में मौत की वजह हार्ट अटैक, आज होगा सुपुर्द-ए-खाक**



बांदा (एजेंसी)। उत्तर प्रदेश की बांदा जेल में बंद मुख्तार अंसारी की कार्डियक अरेस्ट से गुरुवार (28 मार्च) रात को मौत हो गई। उसे उल्टी की शिकायत और बेहोशी की हालत में रात 8.25 बजे जेल से रानी दुर्गावती मेडिकल कॉलेज ले जाया गया था। 9 डॉक्टरों ने इलाज किया, लेकिन उसे बचाया नहीं जा सका। शुक्रवार को 3 डॉक्टरों के पैनल सहित 5 लोगों की टीम ने मुख्तार का पोस्टमॉर्टम किया। सुबह 11 बजे शुरू हुआ पोस्टमॉर्टम दोपहर 1.30 बजे तक चला। पोस्टमॉर्टम की प्राइमरी रिपोर्ट में मौत की वजह हार्ट अटैक बताई गई है। मुख्तार का शव परिजन को सौंपा जाएगा। जिसके बाद सड़क के रास्ते मुख्तार को पुश्तैनी घर गाजीपुर लाया जाएगा। यहां शनिवार को काली बाग कब्रिस्तान में उसे सुपुर्द-ए-खाक किया जाएगा। इसी बीच मुख्तार के बेटे उमर ने बांदा डीएम को पत्र लिखा। मांग की है कि पिता मुख्तार का दिल्ली एम्स में पोस्टमार्टम कराया जाए। हमारे परिवार को बांदा की चिकित्सा व्यवस्था पर भरोसा नहीं है। उधर, बांदा डीएम की संस्तुति पर मुख्तार की मौत मामले की न्यायिक जांच के आदेश सीजेएम ने जारी किए हैं। मुख्तार के बेटे उमर अंसारी की अपील पर बांदा के मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट भगवान दास गुप्ता ने अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट (एमपी/एमएलए कोर्ट) गरिमा सिंह को जांच अधिकारी नियुक्त किया है। गरिमा सिंह को इस मामले की एक महीने में रिपोर्ट देनी होगी। मुख्तार अंसारी के बेटे उमर अंसारी ने कहा कि यह पोस्टमार्टम उनकी प्रक्रिया है। मैंने पत्र लिखा है कि इसे एम्स दिल्ली के डॉक्टरों द्वारा किया जाना चाहिए।

## पाकिस्तान की जांच पर चीन को नहीं रहा भरोसा

**इस्लामाबाद (एजेंसी)।** पाकिस्तान में अपने नागरिकों पर बढ़ते हमले को लेकर चीन बौखलाया हुआ है। पिछले एक हफ्ते में तीन बार चीनी नागरिकों को निशाना बनाया जा चुका है। ऐसे में चीन को अब पाकिस्तान के वादों पर भरोसा नहीं



रहा है। चीन कई साल पहले से पाकिस्तान से अपने नागरिकों की सुरक्षा बढ़ाने का अनुरोध करता रहा है। हर बार पाकिस्तान की तरफ से कड़े सुरक्षा प्रबंध करने का वादा भी किया गया है, हालांकि इसके बावजूद चीनी नागरिकों पर हमलों में कोई कमी नहीं आई है। इस्लामाबाद से लगभग 270 किलोमीटर उत्तर-पश्चिम में बेशम में एक आत्मघाती हमले में पांच चीनी इंजीनियर मारे गए।

**पहले हाईकोर्ट ने दिया झटका**

# अब आईटी ने फिर थमाया नोटिस

● कांग्रेस को लग गया डबल झटका, पुरानी पार्टी की बढ़ गई आर्थिक चिंताएं

● माकन बोले-भाजपा ने भी जानकारियां छिपाईं, 4600 करोड़ वसूले आईटी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** कांग्रेस पार्टी को गुरुवार को पहले दिल्ली हाईकोर्ट से झटका लगा। उसके बाद आयकर विभाग ने मुश्किलें और बढ़ा दी। आयकर विभाग ने कांग्रेस पार्टी को लगभग 1700 करोड़ रुपये का नोटिस दिया है। इसके साथ ही लोकसभा चुनावों से ठीक पहले देश की सबसे पुरानी पार्टी की आर्थिक चिंताएं बढ़ गई हैं। आयकर विभाग की नई मांग 2017-18 से लेकर 2020-21 के लिए है। इसमें जुर्माना और ब्याज दोनों शामिल है। यह राशि और बढ़ने के आसार हैं। आयकर विभाग 2021-22 से लेकर 2024-25 की आय का पुनर्मूल्यांकन का इंतजार कर रही है। इसकी कट-ऑफ तिथि रविवार तक पूरा हो जाएगा। कांग्रेस के वकील और राज्यसभा सांसद विवेक तन्खा ने कहा कि पार्टी कानूनी चुनौती को आगे बढ़ाएगी। उन्होंने आयकर विभाग की इस कार्रवाई को अलोकतांत्रिक और अनुचित करार दिया। राज्यसभा सांसद और कांग्रेस के वकील विवेक तन्खा ने आरोप लगाया कि गुरुवार को पार्टी को लगभग 1700 करोड़ रुपये का नया नोटिस बिना प्रमुख दस्तावेजों के भेजा गया। उन्होंने कहा कि देश के मुख्य विपक्षी दल का आर्थिक रूप से गला घोंटा जा रहा है और वह भी लोकसभा चुनाव के दौरान। दिल्ली हाईकोर्ट ने गुरुवार को कांग्रेस की उन याचिकाओं को खारिज कर दिया जिनमें कर अधिकारियों द्वारा उसके खिलाफ चार साल की अवधि के लिए कर पुनर्मूल्यांकन कार्यवाही शुरू किए जाने को चुनौती दी गई थी।



## सिद्धारमैया का बेटा बोला-शाह का क्रिमिनल बैकग्राउंड

● कहा-उन पर है हत्या का आरोप, लेकिन वे ऊंचे पद पर कायम

**बेंगलुरु (एजेंसी)।** कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया के बेटे यतींद्र सिद्धारमैया ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी की है। इस पर विवाद हो गया है। न्यूज एजेंसी के मुताबिक कांग्रेस नेता यतींद्र सिद्धारमैया ने गुरुवार 28 मार्च को अमित शाह को गुंडा और दबंग बताया। यतींद्र ने ये भी कहा कि शाह पर गुजरात में हत्या के आरोप है। उनका क्रिमिनल बैकग्राउंड रहा है, लेकिन अभी वह देश में ऊंचे पद पर बैठे हुए हैं। यतींद्र के बयान पर भाजपा ने पलटवार किया। भाजपा नेता चलावेदी नारायणस्वामी ने कहा कि दबंगई वाली संस्कृति भाजपा में नहीं, सिर्फ कांग्रेस में है। भाजपा सांसद एस मुनिस्वामी ने यतींद्र के बयान पर कहा कि वह



निराश है, क्योंकि उन्हें लोकसभा चुनाव के लिए मैसूर से टिकट नहीं दिया गया। सिद्धारमैया ने यतींद्र को मैसूर से टिकट देने का वादा किया था, लेकिन उन्होंने टिकट नहीं दिया। यही कारण है कि वह इस तरह की बयानबाजी कर रहे है। फिलहाल वह (यतींद्र) अभी एक छोटा बच्चा है। उसे राजनीति में कोई अनुभव नहीं है। ये लोग भाजपा के खिलाफ जितनी बात करेंगे, भाजपा और उसका नेतृत्व उतना ही मजबूत होगा। भाजपा नेता एन. रविकुमार ने कहा कि हम यतींद्र के खिलाफ चुनाव आयोग और पुलिस में शिकायत दर्ज कराएंगे। यतींद्र सिद्धारमैया ने गृह मंत्री अमित शाह के लिए बहुत गलत शब्दों का इस्तेमाल किया है। यदि वह (सिद्धारमैया) एक निष्पक्ष और संतुलित सरकार चला रहे हैं तो अपने बेटे के खिलाफ कार्रवाई करें।

# मैं भारत में डिजिटल विभाजन नहीं होने दूंगा

*● बिल गेट्स से बोले पीएम मोदी, टेक्नोलॉजी, स्वास्थ्य पर की बात ● पीएम मोदी ने कहा-मैंने इस तकनीक को प्रजातांत्रिक बना दिया है*

**पीएम ने कहा-मैंने 2 लाख आयुष्मान आरोग्य मंदिर गांवों में बनाएं**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और माइक्रोसॉफ्ट के सह-संस्थापक व समाजसेवी बिल गेट्स ने हाल ही में आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस (एआई) से लेकर टेक्नोलॉजी, स्वास्थ्य देखभाल, क्लाइमेट आदि पर बेहद खास चर्चा की। इस चर्चा का वीडियो आज रिलीज किया गया है। इस दौरान पीएम मोदी ने भारत में हो रहे टेक्नोलॉजी इनोवेशन को लेकर दिल खोलकर बात की। साथ ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बिल गेट्स को अपने भविष्य के लक्ष्यों के बारे में भी बताया। उन्होंने कहा कि वह 3 करोड़ महिलाओं को लखपति दीदी बनाना चाहते हैं। इसके अलावा, कृषि को आधुनिक बनाना चाहते हैं। पीएम नरेंद्र मोदी और बिल गेट्स ने 2023 जी20 शिखर सम्मेलन पर भी चर्चा की जो पिछले साल भारत की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। पीएम मोदी ने कहा,..जी20 शिखर सम्मेलन से पहले हमने व्यापक चर्चा की और जैसा कि आपने देखा होगा, शिखर सम्मेलन की कार्यवाही में कई मोड़ आए। मेरा मानना है कि अब हम जी20 के मूल उद्देश्यों के साथ जुड़ गए हैं और उन्हें मुख्यधारा में ला रहे हैं। वहीं बिल गेट्स ने कहा, जी20 कहीं अधिक समावेशी है और इसलिए भारत को इसकी मेजबानी करते हुए देखना शानदार रहा। पीएम नरेंद्र मोदी और बिल गेट्स ने भारत में डिजिटल क्रांति के साथ-साथ भारत में स्वास्थ्य, कृषि और शिक्षा क्षेत्रों पर भी चर्चा की। पीएम आवास पर बिल गेट्स के साथ बातचीत करते हुए पीएम मोदी ने कहा, जब मैं इंडोनेशिया में भी जी-20 में गया था तब दुनिया के सभी देशों की उत्सुकता थी कि आप ने डिजिटल रिवॉल्यूशन कैसे लाया है। तब मैं उनको समझाता था कि मैंने इस तकनीक को प्रजातांत्रिक बना दिया है। इस पर किसी का एकाधिकार नहीं रहेगा। ये जनता का होगा, जनता के द्वारा होगा।



## सोनमर्ग में एवलांच श्रीनगर-लेह हाईवे बंद



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** देश भर में मौसम का मिजाज बदलने लगा है। जम्मू-कश्मीर में बर्फबारी हो रही है। शुक्रवार को राज्य के सोनमर्ग के हंग इलाके में एवलांच हुआ। इससे दो कारें बर्फ में फंस गई। कार में फंसे लोगों का रेस्क्यू किया गया। हालांकि, एवलांच के कारण बर्फ जमा होने से श्रीनगर-लेह हाईवे बंद हो गया। भारतीय मौसम विभाग ने 30 मार्च को 19 राज्यों में बूंदाबांदी की संभावना जताई है। हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, पंजाब, हरियाणा और दिल्ली में ऑरेंज अलर्ट है। यहां बारिश के साथ आंधी-तूफान की संभावना है।

# बीच में टांग अड़ा चौधरी बनने की जुर्रत ना करें

● एक ही दिन में दूसरी बार एमईए ने चीन को हड़काया

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने एक बार फिर चीन को कड़ी झिड़की दी है और कहा है कि वह भारत-अमेरिका के बीच किसी भी मामले में अनावश्यक रूप से टांग अड़ाने की कोशिश ना करे। साप्ताहिक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए जायसवाल ने नई दिल्ली में गुरुवार को कहा, भारत और अमेरिका, कानून का पालन करने वाले दो देशों के रूप में किसी भी आपसी मुद्दे को निपटाने में सक्षम हैं और इसमें किसी तीसरे पक्ष को कूदने की कोई जरूरत नहीं है। जायसवाल की यह टिप्पणी खालिस्तानी आतंकी गुरपतवंत सिंह पन्नू प्रकरण पर चीन की हालिया टिप्पणियों के जवाब में आई है। विदेश मंत्रालय ने गुरुवार को कहा कि हम दो पक्षों के बीच असंबंधित तीसरे पक्षों की अटकलबाजी वाली टिप्पणियों और अनावश्यक सलाह की कोई भूमिका नहीं है। चीन ने कहा था कि उसने अमेरिका के कथित आरोप पर ध्यान दिया है कि भारत ने एक अमेरिकी सिख नेता की हत्या की साजिश रची थी। एक चीनी राजनयिक ने मंगलवार को कहा था, हमें उम्मीद है कि संबंधित देश अंतरराष्ट्रीय कानून और अंतरराष्ट्रीय संबंधों को नियंत्रित करने वाले बुनियादी मानदंडों का पालन करेंगे। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता जायसवाल ने अरुणाचल प्रदेश के मुद्दे पर भी चीन को दो टूक सुनाई है और कहा है कि चीन चाहे जितना अपने 'निराधार दावे दोहराए' लेकिन इससे भारत का रुख नहीं बदलेगा कि अरुणाचल प्रदेश उसका अभिन्न और अविभाज्य हिस्सा था, है और हमेशा रहेगा। उनकी यह टिप्पणी चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता लिन जियान द्वारा सोमवार को चीन के दावे को दोहराए जाने के बाद आई है।



# कन्हैया बेगूसराय पार तो पप्पू सीमांचल से हो गए 'तड़ीपार'

**● कांग्रेस की नैया डुबोने के लिए लालू ने कर दिया खेला! ● आरजेडी और लेफ्ट पार्टियों के सामने कांग्रेस का सरेंडर**

**पटना (एजेंसी)।** बिहार में लालू यादव ने कांग्रेस के साथ खेला किया या फिर इसके यूनिट अध्यक्ष अखिलेश सिंह ने खेला होने दिया, कहना मुश्किल है। सबसे पहले बेगूसराय सीट हाथ से निकली, जहां से कांग्रेस के लिए मजबूत उम्मीदवार कन्हैया कुमार हो सकते थे। इसके बाद औरंगाबाद सीट, जहां से निखिल कुमार चुनाव लड़ने के लिए लोकल लेवल पर काफी ऐक्टिव थे। अब बारी पूर्णिया की थी, जहां से कांग्रेस के टिकट पर पप्पू यादव फाइट करने के लिए तैयार थे। वाल्मिकीनगर में कांग्रेस के प्रवेश कुमार मिश्रा पिछला चुनाव सिर्फ 23 हजार वोट से हारे थे, उसे भी लालू यादव ने अपने पास रख लिया। कांग्रेस को छंटी-छटाई सीटें दे दी गई, जहां से उम्मीदवार खोजना भी मुश्किल है। अपनी पार्टी का कांग्रेस में मर्ज कराने वाले पप्पू यादव आज मारे-मारे फिर रहे हैं। पार्टी तो हाथ से निकल गई, साथ ही छवि भी धूमिल हुई। पूर्णिया सीट भी मुट्ठी में नहीं रहा। एक सप्ताह तक गिड़गिड़ाने के बाद भी न तो पूर्णिया मिला और ना ही सुपौल, मधेपुरा। तेज-तर्रार छवि रखने वाले बेगूसराय के कन्हैया कुमार पहले से ही बिहार बदर हैं। बिहार से दूरी उनकी मजबूरी है।



# मल्टीपल धमनी ग्राफ्ट-सीएबीजी की विधि सर्जरी के लिए बेहतर -डॉ अशोक बंद्योपाध्याय

**विशेष संवाददाता , रांची।** पीयरलेस हॉस्पिटल कोलकाता में कार्डियोथोरेसिक सर्जरी विभाग के क्लिनिकल डायरेक्टर डॉ अशोक बंद्योपाध्याय ने कहा कि मल्टीपल धमनी ग्राफ्ट-सीएबीजी की विधि को सर्जरी का सबसे अच्छा तरीका मानता हूं और लंबे समय से इसे कर रहा हूं। मैंने इस विषय पर फ्रांस में भी एक पेपर प्रस्तुत किया है। मल्टीपल धमनी ग्राफ्ट शिरापरक ग्राफ्ट की तुलना में बेहतर दीर्घकालिक परिणाम प्रदान करते हैं। हालांकि मरीज तुरंत इसके महत्व को नहीं समझ पाते हैं। समय के साथ, जो लोग कई धमनियों के ग्राफ्ट से गुजरते हैं, उन्हें बेहतर परिणाम का अनुभव होता है। डॉ बंद्योपाध्याय ने कहा कि धमनी ग्राफ्ट, जैसे कि बाएं और दाएं आंतरिक स्तन धमनियां ( लीमा और रीमा ) और रेडियल धमनी, में पैर से ली गई नसों की तुलना में अवरुद्ध होने की काफी कम संभावना होती है। यह कम जोखिम बेहतर जीवित रहने की दर और बीमारी की पुनरावृत्ति की संभावना को कम करने में योगदान देता है। मल्टीपल धमनी ग्राफ्ट करने के लिए उच्च स्तर के कौशल और धैर्य की आवश्यकता होती है, क्योंकि यह शिरापरक ग्राफ्ट का उपयोग करने की तुलना में अधिक जटिल और समय लेने वाला है। हालांकि, कौशल और समय में निवेश का लाभ रोगी को बेहतर दीर्घकालिक परिणामों के रूप में मिलता है। जटिलता और समय के कारण रोगी तुरंत एकाधिक धमनी ग्राफ्ट की पसंद की सराहना नहीं कर सकते हैं, लेकिन समय के साथ उनकी संतुष्टि बढ़ जाती है क्योंकि वे बेहतर परिणाम और कम पुनरावृत्ति दर का अनुभव करते हैं। पारंपरिक शिरापरक ग्राफ्ट की तुलना में मल्टीपल धमनी ग्राफ्ट बेहतर दीर्घकालिक परिणाम, रुकावट का कम जोखिम और उच्च रोगी संतुष्टि प्रदान करते हैं।

# स्वाति प्रसाद का जोर लगा रे गाना यू ट्यूब पर रिलीज

## पेरिस ओलपिंक 2024 में खेलने वाले खिलाड़ियों में भर रहा जोश




**विशेष संवाददाता ,रांची।** राजधानी रांची की उभरती हुई प्लेबैक सिंगर स्वाति प्रसाद ने पेरिस ओलपिंक 2024 में खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के लिए ÷जोर लगा रे÷ गाने को गाया है। इस गाने को गुरूवार को स्वाति प्रसाद के यू ट्यूब चैनल ÷स्वाति प्रसाद ऑफिशियल÷ पर रिलीज किया गया। इस गाने के माध्यम से खिलाड़ियों मे जोश भरने का काम किया गया है। गाने में कई खिलाड़ियों के नामों का भी जिक्र किया है, जिन्होंने अपने खेल से देश का नाम रौशन किया है। इस गाने को डॉ पंकज सोनी ने लिखा है। पीवीवी एंटरटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड इस एलबम का निर्माता है। संगीत स्वाति प्रसाद ने ही दिया है। डीओपी अभिषेक और एडिटर साई राज है। आपको बता दें कि स्वाति प्रसाद के कई गीत काफी प्रसिद्ध हुए हैं, जिनमें रांची के छोरे, जोर लगा रे, छठी मईया सुनी न, बिध के बताई हो शामिल है। इसके अलावा कौन बनेगा करोड़पति के टाइटल ट्रैक में अपनी आवाज दी है। इससे पहले भी उन्होंने फिल्म थर्ड आई के सॉन्ग मोरनी सा अंग मेरा... गा चुकी हैं। वहीं आइजीटी में उपविजेता का ताज भी हासिल किया है।

# गांडेय उपचुनाव में भाजपा के राष्ट्रीय नेतृत्व ने बाबूलाल के करीबी दिलीप वर्मा को बनाया प्रत्याशी



**पूसू प्रतिनिधि,गिरिडीह।** शुक्रवार का दिन गिरिडीह की राजनीति के लिए अटकलों का दौर खत्म करने वाला रहा। क्योंकि एक तरफ चंद्र प्रकाश चौधरी को दूसरी बार गिरिडीह लोक सभा सीट के लिए आजसू ने भरोसा जताते हुए प्रत्याशी बनाया। तो वहीं दूसरी तरफ भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मंराडी ने भाजपा के प्रदेश मंत्री दिलीप वर्मा को गांडेय उपचुनाव के लिए प्रत्याशी बनाया। लिहाजा, अटकलों का बाजार खत्म करते ही अब गांडेय उपचुनाव की राजनीतिक सरगर्मी तेज हो गई है। क्योंकि माना भी यही जा रहा था कि दिलीप वर्मा को ही भाजपा इस बार मौका देगी। दिलीप वर्मा का राजनीतिक संबध कोडरमा के भूतपूर्व सांसद रीतलाल वर्मा से है। भूतपूर्व सांसद रीतलाल वर्मा के भतीजे होने के साथ साथ भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष प्रणव वर्मा के चचेरे भाई हैं। वहीं गांडेय के पूर्व भाजपा विधायक सह झामुमो नेता जयप्रकाश वर्मा के भांजे भी हैं। जबकि वे एक किसान परिवार से आते है। तो भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मंराडी के बेहद करीबी है।उन्होंने अब तक बाबूलाल मंराडी के साथ ही अपनी राजनीतिक कैरियर का सफर जारी रखा। क्योंकि जब बाबूलाल मंराडी ने भाजपा से अलग होकर झाविमो का गठन किया था। तो बाबूलाल मंराडी ने इसी गांडेय से दिलीप वर्मा को अपना प्रत्याशी बनाया था। हालांकि दिलीप वर्मा इससे पहले झामुमो में रह चुके हैं। लेकिन बाबूलाल मंराडी के भाजपा में आने के बाद दिलीप वर्मा भी भाजपा से नाता जोड़े थे। लिहाजा उपचुनाव की घोषणा होने के साथ भाजपा में इस बात को लेकर चर्चा जोर-शोर से रहा था कि संभवत गांडेय उपचुनाव के लिए दिलीप वर्मा को ही प्रत्याशी बनाया जाएगा।

# ईद से पूर्व बाजारों में बढ़ी रौनक



**पूसू प्रतिनिधि,गिरिडीह।** मुस्लिम संप्रदाय का पर्व ईद नजदीक आने के साथ ही गिरिडीह के बाजारों में रौनक भी बढ़ चुकी है। शाम होते ही मुस्लिम समुदाय की महिलाए और युवतियां बच्चो के साथ खरीदारी करने बाजार में निकल रही हैं। शाम होते ही शहर के कई हिस्सों में सड़क जाम भी लगना शुरू हो जाता है। वहीं बाजारों में बढ़ते भीड़ को देखते हुए शुक्रवार को नगर थाना प्रभारी शैलेश कुमार ने अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया। इस दौरान नगर थाना प्रभारी के साथ पुलिस जवानो ने सड़क के किनारे लगे ठेले और फुटपाथी दुकानों को हटाया और कड़ा निर्देश देते हुए कहा कि हर हाल में उन्हें सड़क पूरी तरह अतिक्रमण मुक्त चाहिए। किसी भी सूरत में सड़क किनारे दुकानों को लगाने नही दिया जाएगा।

लेकिन सबसे खराब हालत शहर के पदम चौक और काली बाड़ी चौक की रही। जहां दोनो ओर फुटपाथ में दुकानों का कब्जा था। इस दौरान फुटपाथी दुकानों को नगर थाना प्रभारी ने हटाया और दुकानदारों को निर्देश दिया कि बाजार में भीड़ बढ़ रहा है, ऐसे में सड़क किनारे लगे दुकानों को तुरंत हटाएं।

# मतदाता जागरूकता के उद्देश्य से जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त की अध्यक्षता में वोटर अवेयरनेस फोरम की हुई बैठक

## कोई भी मतदाता अपने मताधिकार के प्रयोग से वंचित न रहे :उपायुक्त,रामगढ़ चंदन कुमार

**प्रतिनिधि,रामगढ़।** आगामी लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के दौरान रामगढ़ जिले में शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के मद्देनजर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार की अध्यक्षता में गुरुवार को समाहरणालय सभा कक्ष में वोटर अवेयरनेस फोरम की हुई बैठक।

बैठक के दौरान सर्वप्रथम उप निर्वाचन पदाधिकारी रविंद्र कुमार गुप्ता ने उपायुक्त को जानकारी देते हुए बताया की आगामी लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के मद्देनजर मतदाता जागरूकता हेतु 48 वोटर अवेयरनेस फोरम का गठन किया गया है जो मतदाता प्रतिशत में वृद्धि हेतु लोगों को मतदान के प्रति जागरूक करने का काम कर रही है।

बैठक के दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त ने उपस्थित सभी वोटर अवेयरनेस फोरम के सदस्यों को मतदाता



जागरूकता के उद्देश्य से विभिन्न प्रतियोगिताओं, कार्यक्रमों आदि का आयोजन कर अधिक से अधिक मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करने का निर्देश दिया साथ ही उपायुक्त ने वोटर अवेयरनेस फोरम के सदस्यों को वोटर हेल्पलाइन ऐप के संबंध में विस्तार पूर्वक जानकारी देते हुए कहा की अधिक से अधिक मतदाताओं के बीच वोटर हेल्पलाइन ऐप के संबंध में जानकारी देने का निर्देश दिया।बैठक के दौरान उपायुक्त ने वोटर अवेयरनेस फोरम के सभी सदस्यों को वोटर हेल्पलाइन ऐप के माध्यम से मतदाता सूची में किसी भी मतदाता तथा उनके परिजनों के नाम की जांच करने हेतु प्रोत्साहित करने और जो मतदाता किसी अन्य राज्य के हैं और संबंधित लोकसभा क्षेत्र में रह रहे हैं जिनका मतदाता पहचान पत्र संबंधित लोकसभा क्षेत्र में नहीं बना है वह वोटर हेल्पलाइन ऐप के माध्यम से फार्म 6 भर कर निवास कर रहे लोकसभा क्षेत्र में अपना मतदाता पहचान पत्र बनवा सकते हैं साथ ही किसी मतदाता परिवार के किसी सदस्य का नाम मतदाता सूची में दर्ज नहीं है तो उन्हें तत्काल वोटर हेल्पलाइन के माध्यम से प्रपत्र 6 भरकर मतदाता के रूप में उन्हें निबंध करने हेतु प्रेरित करने का अपील किया गया

बैठक में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त ने निर्वाचन के दौरान सरकारी अथवा गैर सरकारी संस्थानों में कार्य कर रहे कर्मियों का अपने मताधिकार का प्रयोग करना सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया। इस संबंध में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त ने संचालकों को आवश्यक निर्देश दिए। साथ ही जानकारी देते हुए कहा कि कोई भी संस्थान सरकारी या गैर सरकारी मतदान के लिए छुट्टी में गए कर्मियों के वेतन में कटौती नही कर सकती है । अगर ऐसी सूचना प्राप्त होती है तो संबंधित संस्थान पर ईसीआई के निर्देशानुसार सेक्शन 135क्के तहत कार्रवाई की जाएगी।

मौके पर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त चंदन कुमार ने उपस्थित सभी वोटर अवेयरनेस फोरम के सदस्यों व पदाधिकारी को मतदाता जागरूकता शपथ भी दिलाई गई।

बैठक के दौरान स्वीप नोडल पदाधिकारी कनक तिर्की ने उपस्थित सभी वोटर अवेयरनेस फोरम के सदस्यों को सक्षम ऐप के संबंध में विस्तार पूर्वक जानकारी देते हुए बताया कि सक्षम ऐप के माध्यम से वैसे दिव्यांग मतदाता जो मतदान केंद्र जाने में सक्षम नहीं है उन सभी मतदाताओं के लिए सक्षम ऐप में फॉर्म भरने के उपरांत उन सभी मतदाताओं के लिए मतदान केंद्र पहुंचाने हेतु विभिन्न प्रकार के उपकरणों या संसाधनों से मतदान केंद्र तक पहुंचाया जाएगा। अगर कोई भी मतदाता जो मतदान केंद्र जाने में सक्षम नहीं हो तो उस मतदाता का डिटेल सक्षम ऐप में भरने की अपील की।

# भाजपा प्रत्याशी का जनसम्पर्क अभियान जारी



## पीएम नरेंद्र मोदी ने सबको गौरवान्वित किया : मनीष जायसवाल

**प्रतिनिधि, बरही।** भाजपा हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद प्रत्याशी मनीष जायसवाल ने शुक्रवार को बरही प्रखण्ड के पूर्वी मंडल अंतर्गत दर्जनों गांव में तपिश भरी गर्मी में जनसम्पर्क अभियान चलाया। तपिश भरी गर्मी होने के बावजूद ग्रामीणों ने लोकसभा उम्मीदवार मनीष जायसवाल व बरही के पूर्व विधायक मनोज यादव का गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। इस दौरान उन्होंने बरही प्रखण्ड अंतर्गत कोल्हुआकला पंचायत के तिलैया बस्ती, महुआटांड़, बेला, करगइयो, जवाड, कोल्हुआ, धोबियापहरी, भंडारों पंचायत के तेतरिया भंडारों, बेहराबाद, पुरहरा, बैरिशाल, विजैया पंचायत के गुड़ियों, विजैया चौक, डपोक पंचायत के गरजामो, डपोक, खुर्दजवाड, ओरपरता, बेलहारा, मलकोको पंचायत के बुंडू, बेलादोहर, मलकोको, पड़रिया, बरसोत पंचायत के श्रीनगर, बरसोत और करियातपुर क्षेत्रों का सघन दौरा किया और जनसम्पर्क अभियान चलाया। भाजपा प्रत्याशी मनीष जायसवाल ने जनसंपर्क अभियान के दौरान जनता से रुबरु होते हुए मोदी सरकार के जनकल्याणकारी योजनाओं से अवगत कराते हुए फिर एक बार प्रचंड बहुमत के साथ भाजपा की सरकार बनाने का अपील किया। भाजपा सांसद प्रत्याशी मनीष जायसवाल को अपने बीच पाकर क्षेत्र की जनता बेहद उत्साहित थी। हर एक जगह पर भाजपा कार्यकर्ताओं और स्थानीय लोगों के द्वारा मनीष जयसवाल का ढोल-ताशे के साथ अभूतपुर्व स्वागत हुआ। भाजपा सांसद प्रत्याशी मनीष जायसवाल ने आम जनता से रूबरू होते हुए कहा कि आज पूरी दुनिया भारत को सम्मान की दृष्टि से देख रहा है, इसका पूरा श्रेय पीएम मोदी को जाता है। कहा कि भाजपा कार्यकर्ता और हजारीबाग की जनता के विश्वास पर पार्टी ने भरोसा जताया है। उन्होंने कहा कि जनसेवा और विकास हमारी प्राथमिकता रही है और भविष्य में भी इसी प्राथमिकता के आधार पर कार्य करूंगा। पूर्व विधायक मनोज यादव ने कहा कि हजारीबाग संसदीय क्षेत्र से पार्टी ने मनीष जायसवाल को टिकट देकर लोगों में उत्साह का संचार किया है। उन्होंने कहा कि हजारीबाग से पार्टी की जीत सुनिश्चित है।

**जनसम्पर्क अभियान में यह रहे शामिल =** जनसम्पर्क अभियान में भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, जीप उपाध्यक्ष किशुन यादव, जिला महामंत्री सुनील साहू, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य गणेश यादव, शैलेन्द्र सिन्हा, दिनेश सिंह राठौड़, जीप प्रतिनिधि गुरुदेव गुप्ता, डोमन पांडेय, आकाश जायसवाल, मनितोष यादव, मंडल अध्यक्ष बंधन यादव, कोल्हुआकला मुखिया मंगलदेव यादव, भंडारों मुखिया प्रतिनिधि सकलदेव यादव, मुखिया संघ अध्यक्ष सह मलकोको मुखिया विजय यादव, ओबीसी मोर्चा मंडल अध्यक्ष मुन्ना यादव, रवि यादव, टेकलाल यादव, पंसस प्रभु यादव, पंसस सुजीता देवी, प्रतिनिधि बिनोद यादव, मणिलाल यादव, बाबूलाल यादव, राजेन्द्र यादव, केदार यादव, बिट्टू यादव, गुड्डू यादव, संतोष यादव सहित अन्य मौजूद रहे।

# भ्रामक विज्ञापन पर रोक के लिए सीसीपीए और एएससीआई में साझेदारी

वरीय संवाददाता

**रांची।** सीसीपीए और एएससीआई ने भारत में विज्ञापनों के नियमों को सख्ती से लागू करने के लिए साझेदारी की है। इस कदम से भ्रामक और झूठे विज्ञापनों पर रोक लगने और विज्ञापनों के नियम लागू करने में मदद मिलने की उम्मीद है। उपभोक्ता मामलों के विभाग (डीओसीए) और भारतीय विज्ञापन मानक परिषद (एएससीआई) दोनों उपभोक्ताओं के हितों की रक्षा करने के समान लक्ष्य को हासिल करने के लिए काम करते हैं। एएससीआई और केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण (सीसीपीए) दोनों के मिशन का केंद्रीय तत्व भ्रम फैलाने वाले, गुमराह करने वाले और झूठे दावे करने वाले विज्ञापनों के मामले में उपभोक्ता के हितों का संरक्षण करना है। गौरतलब है कि विज्ञापन के क्षेत्र में एएससीआई के कोड और उससे जुड़े दिशानिर्देश केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण (सीसीपीए) की कई गाइडलाइंस से तालमेल रखते हैं। इसमें गुमराह करने वाले विज्ञापनों, डार्क पैटर्न, विज्ञापनों के प्रसार में शामिल सेलिब्रिटीज, कोचिंग संस्थाओं, किसी प्रॉडक्ट के इस्तेमाल से स्वच्छ पर्यावरण को बढ़ावा मिलने के झूठे दावे और अन्य मामलों से संबंधित दिशा-निर्देश शामिल हैं। एएससीआई और सीसीपीए की भागीदारी में सीसीपीए ने यह पहचान की है कि एएससीआई की किसी संहिता का उल्लंघन संभावित रूप से उपभोक्ता संरक्षण कानून 2019 और उससे संबंधित दिशानिर्देशों का उल्लंघन भी हो सकता है। इसलिए सीसीपीए ने एएससीआई से किसी भी ऐसे गुमराह करने वाले विज्ञापनों को उचित कार्रवाई के लिए उसके पास आगे भेजने का अनुरोध किया है, जो एएससीआई के कोड का पालन नहीं करते और इनसे संभावित रूप से उपभोक्ता संरक्षण कानून 2019 और उससे संबंधित गाइडलाइंस का उल्लंघन हो सकता है। एएससीआई की ओर से उठाए गए झूठे दावे करने वाले विज्ञापनों पर सीसीपीए द्वारा उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम 2019 के प्रावधानों के अनुसार सख्ती से प्रभावी कार्रवाई की जाएगी। विज्ञापनों के क्षेत्र में, खासतौर से डिजिटल विज्ञापनों की बढ़ती जटिलता के बीच यह भागीदारी काफी महत्वपूर्ण हो गई है। उपभोक्ता मामलों के विभाग के सचिव रोहित कुमार सिंह ने कहा कि एएससीआई कोड और सीसीपीए की गाइडलाइंस विज्ञापनों में तालमेल पारदर्शिता और निष्पक्षता को बढ़ावा देने के सामूहिक प्रयास को उभारती है। सीसीपीए और एएससीआई समान लक्ष्यों के साथ यह सुनिश्चित करने के लिए पूरक तरीकों से काम कर सकते हैं कि किसी भी तरह के उल्लंघन से प्रभावी तरीके से सख्ती से निपटा जाए। डिजिटल विज्ञापनों से नई चुनौतियां सामने आई हैं। डिजिटल विज्ञापन की रफ्तार से तालमेल रखने के लिए समान विचारधारा वाले निकायों के बीच सहयोग की जरूरत है। इस क्षेत्र में नियामकों का स्वनियामकों के साथ मिलकर काम करना एक बेहतरीन तरीका है, जो अब स्थापित हो चुका है।

## स्वीप अंतर्गत वोटर अवेयरनेस को लेकर मांडू प्रखंड के असमी टोला में हुआ मतदाता जागरूकता रैली का आयोजन

**प्रतिनिधि,रामगढ़।** आगामी लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार के निर्देशानुसार जिले में शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के मद्देनजर स्वीप÷ अंतर्गत वोटर अवेयरनेस को लेकर मांडू प्रखंड के असमी टोला में मतदाता जागरूकता रैली के माध्यम से चलाया गया मतदाता जागरूकता अभियान। इसी क्रम में आंगनबाड़ी सहिया सेविका ने अपने-अपने क्षेत्र में सभी मतदाताओं को आगामी लोकसभा आम निर्वाचन 2024 में सभी मतदाताओं को जागरुक करते हुए बिना लोभ लालच या दबाव में आए हुए 20 मई को अपने नजदीकी मतदान केंद्रों में जाकर अपना बहुमूल्य मतों का उपयोग को लेकर मतदान करने हेतु अपील की।जिला स्वीप नोडल पदाधिकारी कनक तिर्की निर्देशानुसार महिला मतदाताओं को मतदाता जागरूकता रैली के माध्यम से ÷वोट करेगा रामगढ़, 20 मई÷ ÷चुनाव का पर्व देश का गर्व÷ आई एम रेडी टू वोट थीम के तहत मतदाता जागरूकता के माध्यम से लोगों को जागरूक किया गया।

# पत्रकार को मिला पं बाबूराव विष्णु परारकड़ सम्मान

- झारखण्ड में पं बाबूराव विष्णु परारकड़ स्मृति पर पत्रकार सम्मान की हुई शुरुआत
- पं प्रभाकर मिश्र के परिवार की ओर से झारखण्ड के 240 पत्रकारों को किया जाना है सम्मानित



**प्रतिनिधि,गोला।** झारखण्ड में रामगढ़ जिले के गोला स्थित पंडित देवदत्त ज्योतिष कार्यालय के स्मृति शेष पंडित प्रभाकर मिश्र के परिवार की ओर से पंडित बाबूराव विष्णु परारकड़ की स्मृति में पत्रकार सम्मान की शुरुआत की गयी है। सम्मान देने का कार्य रामगढ़ जिले के गोला प्रखंड क्षेत्र से किया गया है, जहां मंगलवार को क्षेत्र के वरिष्ठ पत्रकार चन्द्रदीप बक्सी को सम्मान से नवाजा गया। दिवंगत पंडित प्रभाकर मिश्र के परिवार के सदस्य रविंद्र कुमार मिश्र, पत्रकार मनोज मिश्र ने चन्द्रदीप बक्सी को सम्मान में मोमेंटो, सम्मान पत्रक सहित अन्य सामग्री प्रदान किया। इस दौरान मनोज मिश्र ने बताया कि पंडित बाबूराव विष्णु परारकड़ उनके कुलगुरु हैं । वे दैनिक आज अखबार के संस्थापक संपादक थे। उन्हें हिन्दी पत्रकारिता क्षेत्र में भीष्म पितामह कहा जाता है। साथ ही वे हिन्दी शब्दों के शिल्पकार हुए, जिन्होने संसद और संविधान जैसे शब्दों को दिया। मनोज मिश्र ने यह भी बताया कि शरुआत ने यह सम्मान पूरे झारखंड प्रदेश के 24 जिलों के 240 पत्रकारों को दिया जाना है। प्रत्येक जिले के 10-10 पत्रकारों को सम्मानित किया जाएगा। इसकी शुरुआत आज की गयी है। इसके पश्चात् हज़ारीबाग जिले के पत्रकारों को सम्मानित किया जाना है। इस दौरान शिक्षक कैलाश बिहारी प्रसाद, सुचित कुमार सिन्हा, कुंवर कुमार बक्सी, नवीन कुमार सिन्हा, पत्रकार प्रदीप बर्मन, श्रीकांत महतो, संतोष महतो, वीरेंद्र प्रसाद, निहाल कुमार, आकाश कुमार, अभिषेक, अंशुमान मौजूद थे।

# ऑल इंडिया मुस्लिम मजलिस मुशाविरत एडहॉक कमिटी गठित

## संयोजक बने खुर्शीद हसन रूमी

वरीय संवाददाता

**रांची।** ऑल इंडिया मुस्लिम मजलिस मुशाविरत ने राज्यों में कमेटी बनाने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। इसी कड़ी में झारखंड में भी अध्यक्ष फिरोज अहमद ने हाल ही में झारखंड का दौरा किया और अपने प्रवास के दौरान मुशाविरत से जुड़े विभिन्न दलों के लोगों से मुलाकात की। उन्होंने राज्य के नेतृत्व वाले सामाजिक एवं कल्याणकारी संगठनों के सक्रिय सदस्यों से भी बातचीत की। मजलिस मुशाविरत के सदस्य मौलाना डॉ. यासीन कासमी और सदस्य मंजूर अहमद अंसारी के साथ मस्जिद जाफरिया में एक बैठक में भाग लिया। अध्यक्ष फिरोज अहमद एडवोकेट से सभी लोगों ने झारखंड में मुशाविरत गठित करने को कहा। अध्यक्ष के निर्देश के बाद ऑल इंडिया मजलिस मुशाविरत के महासचिव शेख मंजूर अहमद ने एक पत्र जारी किया। जिसमें 6 महीने के अंदर प्रदेश इकाई का गठन कर समिति बनाने को कहा। इस पत्र के अनुसार 7 सदस्यों की एक एडहॉक समिति का गठन इस प्रकार किया गया (1) झारखंड राज्य मुस्लिम मजलिस मुशाविरत के पूर्व महासचिव खुर्शीद हसन रूमी को झारखंड का संयोजक बनाया गया।



इसके अलावा हाजी हलीमुद्दीन रांची, हाजी शकील अहमद लोहरदगा, मुहम्मद मिन्हाज आलम चतरा, मौलाना सैयद तहजिबुल हसन रिजवी रांची, साजिद हुसैन लालू कोडरमा, प्रोफेसर डॉ. जकी अख्तर जमशेदपुर का नाम है। साथ ही कमिटी से जल्द से जल्द चुनाव प्रक्रिया पूरी कर सदस्यता अभियान शुरू करने का अनुरोध किया गया। झारखंड में ऑल इंडिया मुस्लिम मजलिस मुशाविरत एडहॉक कमेटी के गठन और इसके संयोजक सामाजिक कार्यकर्ता खुर्शीद हसन रूमी की नियुक्ति पर जामिया रशीदुल उलूम चतरा के नाजिम हजरत मौलाना मुफ्ती नजर तौहीद, मौलाना मुस्तफा कासमी, जमीयत उलेमा के झारखंड के कोषाध्यक्ष शाह उमैर, सेंट्रल मुहर्रम कमेटी के महासचिव अकीलुर रहमान, कल्हाडी शाह बाबा कर्बला कमेटी के आफताब आलम, रांची पब्लिक स्कूल के सचिव मुहम्मद तौहीद, सत्य भारती कमेटी के सरवर खान, सहाफी जर्नलिस्ट एसोसिएशन ऑफ वर्किंग जर्नलिस्ट के आदिल रशीद, जमीयत उल-इराकीन के महासचिव सैफुल हक, ऑल इंडिया मोमिन कॉन्फ्रेंस के कार्यकारी अध्यक्ष मंजूर अहमद अंसारी, ऑल इंडिया कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग के उपाध्यक्ष अनवार अहमद अंसारी, मजलिस उलेमा के अध्यक्ष मौलाना साबिर मोहनपुरी, लोहारदगा अंजुमन इस्लामिया के अध्यक्ष रऊफ अंसारी, जमीयत उल-इराकीन ग्रामीण अध्यक्ष मुहम्मद जावेद, डॉ. जफर अहमद और शाहनवाज आलम टाटा, गुलाम जिलानी अधिवक्ता हजारीबाग समेत दर्जनों संस्थानों के प्रमुखों ने बधाई दी।

## महिला की कर दी हत्या, भाग रहे आरोपी पकड़ाए



**पूसू प्रतिनिधि, गिरिडीह।** गिरिडीह में घरेलू विवाद में एक गर्भवती महिला की हत्या कर दी गई।वहीं हत्या का आरोप महिला और उसके ससुर पर ही लगा है। हत्या के बाद कोलकाता भागने की फ़िराक में लगे आरोपी पति और ससुर को पचंबा थाना पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए मधुपुर रेलवे स्टेशन से गिरफ्तार कर लिया। घटना जिले के पचम्बा थाना क्षेत्र अंतर्गत नरेंद्रपुर गांव की है। मृतका यास्मीन खातून की हत्या का आरोप उसके पति मोहम्मद हसनैन और ससुर कलीम अंसारी पर लगा है। मृतका के परिजनों के अलावा ग्रामीणों का भी कहना है कि घरेलू विवाद में यास्मीन की गला दबाकर हत्या कर दी गई। हत्या में परिवार के अन्य सदस्यों के भी शामिल होने की बात कही जा रही है। हालांकि घटना की जानकारी मिलते ही ग्रामीण उग्र हो गए। इसी बीच मौके का फायदा उठा कर हत्यारोपी गाँव से भागने में सफल रहे।

इधर घटना की जानकारी मिलते ही पचम्बा थाना प्रभारी नरेंद्र यादव ने तत्परता दिखाई और पुलिस जवानों के साथ मधुपुर आरपीएफ का सहयोग लिया, और दोनो को कोलकाता की ट्रेन में चढ़ने से पहले ही मधुपुर स्टेशन से गिरफ्तार करने में सफल रहे। मृतका के भाई मिस्टर अंसारी ने जानकारी देते हुए बताया कि उसकी बहन की परवरिश उसके नाना बशारत मियां के घर में ही हुई थी। नाना ने ही उसकी बहन यास्मीन खातून की शादी नरेंद्रपुर निवासी कलीम अंसारी के बेटे हसनेन के साथ की थी। भाई का आरोप है कि शादी के बाद से ही उसकी बहन को ससुराल में प्रताड़ित किया जाता था। जबकि उसकी 26 वर्षीय बहन को शादी के बाद तीन बेटियां हुई थी और अभी भी वह चार माह की गर्भवती थीं। इस हालत में भी उसके साथ मारपीट की जाती थी।पुलिस द्वारा मामले की जांच पड़ताल की जा रही है।

## गिरिडीह एनडीए प्रत्याशी घोषित होने पर समर्थकों में हर्ष

**पूसू प्रतिनिधि, गिरिडीह।** गिरिडीह संसदीय सीट से एनडीए का उम्मीदवार पुनः चंद्र प्रकाश चौधरी को बनाए जाने के लिए आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो व आजसू पार्टी के संसदीय बोर्ड का एनडीए समर्थकों ने आभार व्यक्त किया है।



वहीं स्थानीय भाजपाइयों ने खुशी जाहिर की है।इस बाबत भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य प्रशांत जायसवाल ने कहा कि यह चुनाव एक औपचारिकता है,जीत तो एनडीए गठबंधन की सुनिश्चित है।उन्होंने कहा की माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के %विकसित भारत% के संकल्प को सिद्धि तक पहुंचाने के लिए गिरिडीह लोकसभा के समस्त आजसू-बीजेपी कार्यकर्तागण अपने सामर्थ्य एवं समर्पण के साथ प्रतिबद्ध हैं।

खुशी व्यक्त करने वालों में भाजपा नेता जीवाधन महतो,इन्द्रजीत जायसवाल, कृष्णकांत शर्मा,निर्मल जायसवाल,सुरेन्द्र कुमार,संजय अग्रवाल,केदार महतो,शिवकुमार सिन्हा,युगल यादव, आशीष अग्रवाल,बजल हेम्ब्रम,बासुदेव यादव,दीपक श्रीवास्तव,छत्रधारी महतो,मौजीलाल महतो,डालोराम महतो शामिल रहे।

## पुलिस ने अवैध कोयला लदा ट्रक पकड़ा,3 को जेल

**प्रतिनिधि, गिरिडीह।** अवैध कोयला के परिवहन पर रोकथाम को लेकर गिरिडीह एसपी दीपक कुमार शर्मा लगातार सक्रिय रहे हैं।पुलिस द्वारा धंधबाजो के खिलाफ कार्रवाई लगातार जारी है। इसी क्रम में शुक्रवार को गुप्त सूचना के आधार पर बगोदर-सरिया एसडीपीओ धनजंय राम ने सरिया-धनवार मार्ग स्थित पंदनाखुर्द के समीप वाहन जांच अभियान के दौरान चार टन अवैध कोयला लोड पिकअप वैन को जब्त करने में सफलता पाया। इस दौरान कार्रवाई में बिरनी थाना प्रभारी राजीव कुमार भी शामिल थे। कार्रवाई के क्रम में एसडीपीओ के नेतृत्व में ही बिरनी थाना पुलिस ने पिकअप वैन में मौजूद तीन धंधेबाजों को भी दबोचा। जिसमें सरिया के नावाडीह निवासीर पिंटू यादव, खेसकरी गांव निवासी नागेन्द्र कुमार सिंह और जमुआ के धुडगडगी निवासी राजकुमार राय शामिल थे। एसडीपीओ ने तीनों से पूछताछ कर शुक्रवार को जेल भेज दिया।

## लोस चुनाव को लेकर चतरा पुलिस हरकत में, अलग-अलग मामले में 4 अपराधी गिरफ्तार, हथियार के साथ 138 ग्राम कोकीन बरामद

**प्रतिनिधि, चतरा।** लोक सभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए चतरा पुलिस के द्वारा वाहन चेकिंग अभियान, आपराधिक और संदिग्ध व्यक्तियों के जमावड़े, जिले में चल रहे अवैध तस्करी और मादक पदार्थों की खरीद फरोख्त के खिलाफ अभियान तेज कर दिया गया है। पुलिस अधीक्षक विकास कुमार पांडेय ने गुरुवार को समाहरणालय स्थित अपने कार्यालय कक्ष में प्रेस वार्ता कर जानकारी देते हुए बताया कि जिले में पुलिस ने पिछले कुछ दिनों में कई अपराधियों को पकड़ने में सफलता प्राप्त की है। पुलिस अधीक्षक ने आगे कहा कि जिले के गिद्धौर प्रखंड में वाहन चेकिंग के दौरान एक युवक के पास से 138 ग्राम ब्राउन शुगर बरामद किया है। जिसकी कीमत 1 लाख 28 हजार रुपए है। गिरफ्तार अभियुक्त का नाम पंकज दांगी है जो पथलगड़ा थाना क्षेत्र का रहने वाला है। वहीं इटखोरी थाना क्षेत्र के एक अपराधिक वारदात जिसमें एक गैस एजेंसी के डिलीवरी करने वाले कर्मी से 5 हजार रुपए लूट करने वाले 2 युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। गिरफ्तार अभियुक्तों के पास से 1 देशी कट्टा 1 देशी पिस्टल, 1100रुपए, 1 अपाची मोटर साइकल और 2 विभिन्न कम्पनियों के मोबाइल फोन बरामद किया है। वहीं एक अन्य मामले में जिला मुख्यालय के नईकी तालाब के पास से किसी अपराधिक घटना को अंजाम देने के फिराक में खड़े एक युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार युवक के पास से 1 देशी पिस्टल व 4 जिंदा कारतूस,बरामद किया है। साथ ही उसके निशानदेही पर 2 देशी कट्टा और 1 देशी रिवॉल्वर बरामद किया गया है। सभी गिरफ्तार अपराधी को जेल भेज दिया गया है।

# उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक ने जिला से सटे राज्य सीमावर्ती चेकपोस्ट का किया औचक निरीक्षण

**पूर्वांचल सूर्य प्रतिनिधि- गढ़वा**



**गढ़वा।** गुरूवार 28 मार्च 2024 की देर शाम जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त शेखर जमुआर एवं पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार पांडेय द्वारा संयुक्त रूप से लोकसभा आम निर्वाचन 2024 को लेकर गढ़वा जिला से सटे सीमावर्ती राज्यों एवं जिलों में बने चेक पोस्ट का औचक निरीक्षण किया गया। इस दौरान ह॥ 75 पर बिलासपुर अवस्थित बॉर्डर के समीप बने चेक पोस्ट, खरौंधी से उत्तर प्रदेश सीमा जाने के लिए खोखा चेक पोस्ट, कांडी से बिहार जाने के लिए श्रीनगर के समीप अवस्थित नवघाट के पास बने चेक पोस्ट का उक्त पदाधिकारियों ने औचक निरीक्षण किया। इस दौरान सभी चेक पोस्टों पर प्रतिनिधित्व कर्मी अपने ड्यूटी पर मौजूद थे। उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक के समक्ष चेक किए गए वाहनों की सूची पंजी का निरीक्षण किया गया। साथ हीं उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा चेक पोस्ट पर तैनात दंडाधिकारी एवं पुलिस के जवानों के रहने, खाने, बिजली, पानी आदि मूलभूत व्यवस्था का भी जायजा लिया गया। उल्लेखनीय है कि लोकसभा आम निर्वाचन 2024 को लेकर गढ़वा जिला के विभिन्न सड़कों जो अन्य राज्य या अन्य जिला से जुड़ती है उन पर चेक पोस्ट बनाया गया है। जिससे मादक पदार्थों, असमाजिक तत्वों, संदिग्ध वाहनों समेत अन्य अवैध आवागमन को रोका जा सके। सभी चेक पोस्ट पर वेब कैमरा भी लगाया गया है जिसकी सहायता से लाइव हर गतिविधि पर जिले में रहकर पैनी नजर रखी जा सके।

## थाना प्रभारी के नेतृत्व में विभिन्न गांवों में किया गया फ्लैग मार्च



**प्रतिनिधि, पाकुड़।** लोकसभा आम चुनाव 2024 एवं सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पाकुड़ मुफस्सिल थाना प्रभारी संजीव झा के नेतृत्व में शुक्रवार को एसएसबी बल के साथ पाकुड़ मुफ्फसिल थाना क्षेत्र अन्तर्गत अजना, इलामी, दुबराजपुर, मदनमोहनपुर, गगनपहाड़ी और मनिकापाड़ा गांव में फ्लैग मार्च किया गया। लोकसभा आम चुनाव 2024 शान्तिपूर्ण माहौल में सम्पन्न कराने की दिशा में जिला प्रशासन तत्पर हैं। इसके लिए लगातार चुनावी प्रोटोकॉल को ध्यान में रखते हुए पुलिस प्रशासन द्वारा समय-समय पर फ्लैग मार्च किया जा रहा है।इस फ्लैग मार्च में थाना प्रभारी सहित पु0अ0नि0 राकेश कुमार राजन, स0अ0नि0 राजेश कुमार राम, स0अ0नि0 किशोर टुडु एवं स0अ0नि0 सुरेश उरांव समेत काफी संख्या में एसएसबी के जवान शामिल हुए।

## झामुमो जिला कमिटी की बैठक में सांसद/विधायक होंगे शामिल

**प्रतिनिधि, पाकुड़।** झारखण्ड मुक्ति मोर्चा के पाकुड़ जिलाध्यक्ष श्याम यादव ने सूचना जारी करते हुए कहा कि शनिवार करीब पूर्वाह्न 11=30 बजे से झामुमो जिला कार्यालय पाकुड़ में लोकसभा चुनाव की तैयारी को लेकर जिला कमिटी की एक आवश्यक बैठक रखी गई है।



झामुमो जिलाध्यक्ष श्याम यादव के द्वारा झामुमो के जिला समिति के पदाधिकारी, जिला वर्ग संगठन के पदाधिकारी व सदस्य, केन्द्रीय सदस्य, जिला सदस्य, जिला सोशल मीडिया सदस्य, सभी प्रखण्ड अध्यक्ष व सचिव, नगर अध्यक्ष व सचिव सहित सभी सक्रिय कार्यकर्ता को आह्वान करते हुए कहा कि बैठक को सफल बनाने की दिशा में ससमय पहुंचकर अपनी भागीदारी सुनिश्चित करे। साथ ही उन्होंने शनिवार को होने जा रही जिला कमिटी के बैठक में राजमहल लोकसभा क्षेत्र के सांसद विजय हांसदा, महेशपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक प्रो0 स्टीफन मरांडी, लिट्टीपाड़ा विधानसभा क्षेत्र के विधायक दिनेश मरांडी को भी आमंत्रित किया है।

## तीन असहाय पीड़ितों को इंसानियत फाउंडेशन के सदस्यों ने किया रक्तदान

**प्रतिनिधि, पाकुड़।** इंसानियत फाउंडेशन के माध्यम से लगातार थैलेसीमिया और गर्भवती महिलाओ को रक्तदान से राहत पहुंचाने का कार्य कर रहा है। सदर अस्पताल सोनाजोड़ी मे इलाजरत सदर प्रखंड के मनीरामपुर गांव के 60 वर्षीय बुजुर्ग महिला एम बीबी एवं हिरणपुर के 55 वर्षीय बुजुर्ग महिला रहेला बीबी को ओ पॉजिटिव तथा महेशपुर के 8 वर्षीय थैलेसीमिया बीमारी से पीड़ित रवि मुर्मू को ए बी पॉजिटिव ब्लड की अत्यंत आवश्यकता पड़ी। चिकित्सकों ने मरीजों को यथाशीघ्र रक्त चढ़ाने की बात कही। हमेशा की तरह जरूरतमंदो को खुशियाँ बांटने वाले संस्था इंसानियत फाउंडेशन के सदस्यों को परिजनों के द्वारा सूचना दी गई। सूचना मिलने के बाद फाउंडेशन के अध्यक्ष सद्दाम हुसैन,




सचिव बानिज शेख, एक्टिव सदस्यों में से सालिम और मोफीजुद्दीन ने तीन डोनर को पुराना सदर अस्पताल स्थित रक्त अधिकोष ले जाकर रक्तदान कराया। सदर प्रखंड अंतर्गत ईलामी गांव के कामेज शेख ने ओ पॉजिटिव, सितापहाड़ी गांव के एक व्यक्ति ने (गुप्त नाम) ए बी पॉजिटिव और अलाउद्दीन शेख ने ओ पॉजिटिव रक्तदान किया। फिलहाल मरीज खतरे से बाहर बताए जा रहे है। मौके पर इंसानियत फाउंडेशन के सचिव बानिज शेख, सक्रिय सदस्य सालिम शेख, समसेर आलम, मोफीजुद्दीन, रक्त अधिकोष के कर्मचारी नवीन कुमार और पियूष दास उपस्थित थे।

## भरे पेप्सी के बॉटल में निकला पैर का बिछिया, बाल बाल बचा ग्राहक




**प्रतिनिधि, श्री बंशीधर नगर(गढ़वा)।** 28 मार्च दिन गुरुवार की शाम हनुमान मोड़ स्तिथ कुल्हड़ चाय दुकान में एक ग्राहक के पेप्सी के सील बॉटल में महिला के पैर का बिछिया पाया गया यह देखकर ग्राहक ने अपना सर पकड़ लिया वही दुकानदार सहित और भी ग्राहक यह माजरा देखकर सन्न हो गए। दुकानदार ने बताया की मैंने ऐसा सिर्फ फिल्मों में देखा है लेकिन आज यह घटना अपने ही दुकान में देख ली,पूछने पर उन्होंने बताया की तृषा पेप्सी एजेंसी से मैने पेप्सी थोक खरीदा था पर इस मामले में उन्हें भी कोई जानकारी नहीं है।ग्राहकों ने पेप्सी के बॉटल में बिछिया देख कर भविष्य में पेप्सी पीने से मना कर दिया।

## आग लगने से झोपड़ी में बंधी 3 बकरियां झुलसी



**प्रतिनिधि, बरडीहा(गढ़वा)।** थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत आदर के महुआ टोला निवासी स्वर्गीय विफन सिंह के पुत्र सुखदील सिंह की झोपड़ी में बंधी तीन बकरियां झुलस गई। लगभग 50 हजार रुपए का संपत्ति जल कर राख हो गया। आग कैसी लगा किसी को कोई पता नहीं चल सका है। आग लगने के दौरान सुखदिल सिंह के घर में कोई नहीं था। वहीं मिली जानकारी के अनुसार सुखदिल सिंह ने कहा की आग की खबर सुनकर वहां पहुंचे और ग्रामीणों की मदद से आग पर काबू पाया गया। पत्नी महिला समूह में काम करती है और उस दौरान वह पंचायत भवन में गई हुई थी। वहीं आग लगने की खबर पाते ही महिला अपने घर पहुंची। इधर इस संबंध में आदर बीडीसी राजकुमार ने बताया कि आग काफी भयावह था लेकिन ग्रामीण के द्वारा मिलकर आग बुझाने का काम किया गया। घर के बगल में होने के कारण घर में भी आग पकड़ चुका था लेकिन विशेष नुकसान होने से बच गया। वहीं झोपड़ी में बंधी तीन बकरियां आग में झुलस ग?ईं। इसके साथ-साथ लगभग 50 हजार रुपए का नुकसान हुआ है। अभी तक कोई पदाधिकारी को आवेदन नहीं दिया गया है।

## कार्यों को सफलता से संचालित करने हेतु दिए कई महत्वपूर्ण निदेश

**प्रतिनिधि, गढ़वा।** समाहरणालय स्थित सभागार में दिनांक 29 मार्च दिन शुक्रवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी -सह- उपायुक्त गढ़वा शेखर जमुआर द्वारा लोकसभा आम चुनाव 2024 की तैयारी को लेकर गठित विभिन्न कोषांगों द्वारा किए जा रहे कार्यों की गहन समीक्षा की गई। बैठक में कार्मिक कोषांग द्वारा मतदान कर्मियों एवं पदाधिकारियों को अब तक तमिला कराए गए पत्रों की जानकारी प्राप्त की गई। प्रशिक्षण कोषांग द्वारा अब तक दिए गए पीठासीन पदाधिकारी एवं मतदान पदाधिकारी को दिए गए प्रशिक्षण की जानकारी ली गई। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने प्रशिक्षण के दौरान अनुपस्थित पदाधिकारियों की जानकारी लेते हुए अग्रेतर कार्रवाई का निर्देश दिया। उन्होंने सभी पदाधिकारी एवं कर्मी को प्राथमिकता के आधार पर अपने-अपने सेल से जुड़े कार्यों को करने का निर्देश दिया। उन्होंने निर्वाचन आयोग द्वारा जारी सभी गाइडलाइंस का अनुपालन करते हुए कार्यों के निष्पादन का निर्देश दिया। जिला निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन से संबंधित मामला प्रकाश में आने पर प्राथमिकता के आधार पर कार्रवाई करने हेतु निदेशित किया गया। स्वीप के तहत चलाए चलाये जा रहे विभिन्न जागरूकता कार्यक्रमों के माध्यम से मतदाताओं को जागरुक करते हुए मतदान प्रतिशत बढ़ाने की बात कही गई। जिले में बनाये गये विभिन्न मतदान केन्द्रों को एएमएफ के तहत बुनियादी सुविधाओं को बहाल करने को लेकर भी समीक्षा की गई एवं वैसे मतदान केंद्र जहां अभी तक बुनियादी सुविधाएं यथा- पेयजल, शौचालय, विद्युत, रैंप, चार्जिंग पॉइंट आदि की व्यवस्था नहीं हो सकी है उसे तत्काल व्यवस्थित करने हेतु संबंधितों को निर्देशित किया गया। बैठक में मुख्य रूप से पर्सनल एवं कंप्यूटराइजेशन सेल, इलेक्टरल सेल, ईवीएम मैनेजमेंट



सेल, ट्रेनिंग सेल, एमसीसी लॉ एंड आर्डर सेल, कंप्लेन मॉनिटरिंग सेल, स्वीप एवं टिप सेल, आईटी सेल, पोस्टल बैलट ईडीसी सेल, मीडिया एवं पब्लिसिटी सेल, मटेरियल डिस्ट्रीब्यूशन सेल, कंट्रोल रूम एवं हॉटलाइन सेल, ऑब्जर्वर सेल, ट्रांसपोर्ट मैनेजमेंट सेल, स्ट्रांग रूम सेल, एसएमएस मॉनिटरिंग एवं कम्युनिकेशन प्लान सेल, नॉमिनेशन एवं रिसीविंग सेल, एमसीएमसी सेल, वेलफेयर सेल एवं इलेक्शन एक्सपेंडिचर मॉनिटरिंग सेल का एक-एक कर जिला निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा समीक्षा किया गया एवं आवश्यक निर्देश दिए गए। उक्त बैठक में मुख्य रूप से उप विकास आयुक्त, अपर समाहर्ता, अनुमंडल पदाधिकारी गढ़वा, रंका एवं श्री बंशीधर नगर, जिला भू अर्जन पदाधिकारी -सह- गोपनीय प्रभारी, निदेशक डीआरडीए, उप निर्वाचन पदाधिकारी, जिला शिक्षा अधीक्षक, जिला परिवहन पदाधिकारी, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, जिला आपूर्ति पदाधिकारी, सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा, जिला सहकारिता पदाधिकारी, डीपीएम जेएसएलपीएस, कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद, जिला सूचना विज्ञान पदाधिकारी समेत अन्य संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थें।

# कार्यक्रम के जरिए मतदाताओं को किया जा रहा जागरूक

**प्रतिनिधि, गढ़वा।** जे एसएलपीएस की महिलाओं द्वारा गढ़वा जिले के प्रखंड कांडी एवं मंझिआंव में आमजनों के बीच लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के निमित मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के सफल संचालन हेतु स्वीप कोषांग के तहत नैतिक मतदान एवं EVM VVPAT के संबंध में जागरूक करने हेतु कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जहां कार्यक्रम के दौरान रंगोली, मेहंदी एवं रैली जैसे कार्यक्रमों को आयोजित कर जागरूकता फैलाई गई। ईवीएम वीवीपीएटी की पारदर्शिता के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई। बारी-बारी कर उक्त विषयों पर विस्तार पूर्वक चर्चा करते हुए सभी को अपने मताधिकार का प्रयोग करने हेतु प्रेरित किया। डमी ईवीएम एवं वीवीपीएटी के माध्यम से इसके कार्य प्रणाली की जानकारी दी गई और बताया गया कि कोई भी मतदाता ईवीएम के माध्यम से मतदान करते समय वीवीपीएटी



मशीन पर रियल टाइम में दबाए गए बटन के सामने छपे चुनाव चिन्ह का मिलान कर सकता है। मतदान का यह प्रक्रिया पूरी तरह से पारदर्शी है। इसलिए किसी भी प्रकार की अफवाहों पर मतदाता ध्यान ना दें। स्वीप के पदाधिकारियों द्वारा एथिकल वोटिंग यानी नैतिक मतदान को लेकर बताया गया कि हमें अपने मौलिक अधिकारों का इस्तेमाल देश के विकास के लिए अवश्य करना चाहिए। हर एक वोट कीमती है, इसलिए मतदान दिवस के दिन अपने घरों से बाहर आयें और अपने नजदीकी मतदान केंद्र पर पहुंच कर अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करें तथा अन्य मतदाताओं को भी मतदान करने हेतु प्रेरित करें। अमीर हो चाहे गरीब सभी वर्ग के पास मतदान करने का अधिकार है, हर एक वोट कीमती है, इसे व्यर्थ न जाने दें। इस दौरान नैतिक मतदान को लेकर उपस्थित कॉलेज कर्मियों के बीच अपनी बातों को रखा गया। उनसे अपील किया कि सभी अपने मताधिकार का प्रयोग कर देश एवं राज्य के सर्वांगीण विकास में भागीदारी बने। किसी भी प्रकार के प्रलोभन में ना आए ना ही किसी के दबाव में आकर वोट करें। अपने मर्जी से पूरी सूझबूझ के साथ मतदान करें। इस दौरान C-vigil App, SAKSHAM App एवं Voter Helpline App की भी जानकारी दी गई। बताया गया कि नए मतदाता वोटर हेल्पलाइन श्रश्च के माध्यम से मतदाता सूची में नाम दर्ज कर सकते हैं। साथ ही किसी भी प्रकार के सुधार या सहायता के लिए भी इस् श्रश्च का इस्तेमाल कर सकते हैं। C-vigil App के माध्यम से आप चुनाव के दौरान किसी भी प्रकार की गड़बड़ी पर गोपनीय तरीके से शिकायत दर्ज कर सकते हैं। C-vigil App के बारे में जानकारी देते हुए बताया गया कि चुनाव के दौरान किये जा रहे गड़बड़ी/धांधली आदि की शिकायत सरल तरीके से की जा सकती है, जिसमें शिकायतकर्ता की गोपनीयता भी भंग नहीं होती एवं त्वरित कार्रवाई की जाती है। सरकारी सेवक जो मतदान कार्य मे संलग्न हैं, को भी अपने मतों का उपयोग डाक मतपत्र के द्वारा अवश्य करने की अपील की गई। कार्यक्रम में लोगों द्वारा मतदान एवं मतदाता आदि के बारे में कुछ प्रश्न किए गए, जिन्हें स्वीप के तहत कार्यक्रम में उन्हें उनके प्रश्नों के उत्तर से अवगत कराया गया एवं संदेह को दूर किया गया। इसके अतिरिक्त स्वीप कार्यक्रम के तहत श्रस्ट के सदस्यों के बीच मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित छात्राओं को मतदाता पंजीकरण के लिए फॉर्म 6 भरने की प्रक्रिया, मतदाता पहचान पत्र में प्रविष्टियों की सुधार हेतु फॉर्म 8, मतदाता सूची में नाम हटाने हेतु फॉर्म 7 के बारे में विस्तार से बताया गया। सभी को स्वीप के तहत भावी मतदाता, चुनाव पाठशाला, वोटर अवेयरनेस फोरम, मतदाता जागरूकता समूह सहित विभिन्न विषयों के बारे में समझाया गया एवं डेमोक्रेसी रूम तैयार की गई। साथ ही साथ सभी नागरिकों को वोटर हेल्पलाइन एप, सक्षम एप, C-VIGIL एप्प सहित विभिन्न ऑनलाइन माध्यम का उपयोग कर समझाया गया। सभी के बीच रंगोली, मेहंदी, रैली जैसे कार्यक्रम के माध्यम से जागरूक किया गया। उक्त मौके पर स्वीप के तहत उपस्थित दीदियों द्वारा मतदाता जागरूकता का कार्य करने हेतु अपील की गई। उन्होंने युवा वर्ग को अवश्य मतदान में अपनी-अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने की बात कही। इस बार मतदान का दर 80 प्रतिशत तक बढ़ाने हेतु मतदाताओं से अपील की गई। उन्होंने उपस्थित प्रखंडवासियों को इसमें महत्वपूर्ण भूमिका निभाने की बात कही। मतदान प्रतिशत को बढ़ाने हेतु विभिन्न आवश्यक बिंदुओं पर चर्चा करते हुए मतदाताओं को जागरूक करने की बात कही गई एवं लोगों के बीच मतदाता प्रतिज्ञान का शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम में मौके पर JSLPS की महिलाओं के अतिरिक्त उक्त दोनों प्रखंडों के नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित थें।

# आजादी के बाद भी सड़क नहीं पहुंची राथाखाड़ गांव

## प्रखण्ड मुख्यालय से दो किमी दूर है राथाखाड़

## सबसे अधिक परेशानी गर्भवती महिलाओं को अस्पताल ले जाने में होती है – ग्रामीण



**प्रतिनिधि,मनिका(लातेहार)।** सबका साथ-सबका विकास का सरकार और प्रशासन भले ही लाख दावे कर ले, लेकिन जमीनी हकीकत कुछ और ही है। मनिका प्रखंड के सिंजो पंचायत के (बांड़ी) राथाखाड़ टोला मे निवास कर रही अनूसूचित जाति परिवार तक आजादी के बाद भी विकास की मशाल नहीं पहुंच पाई है। केंद्र की सरकार यह दावा करते हुए नहीं थकती कि प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के तहत देश के हर ग्राम तक पहुंच पथ बना दिया गया है, या बनाने का कार्य भी जारी है, लेकिन राथाखाड़ टोला तक जाने के लिए पक्की सड़क नहीं है।

मनिका प्रखण्ड मुख्यालय से दो किमी की दुरी पर स्थित है (बांड़ी) राथाखाड़ टोला। सड़क नहीं होने से समस्या है, लेकिन कोई हमें देखने या सुनने नहीं आता है। पंचायत के मुखिया से लेकर जिला के अधिकारी भी हमारी समस्या से अवगत हैं।ग्रामीण नरेश कुमार ने बताया कि सबसे अधिक परेशानी गर्भवती महिलाओं को अस्पताल ले जाने में होती है क्योंकि पक्की और सीधी सडक नहीं होने के कारण कोई भी छोटा वाहन भी गांव में नहीं आता है। जिसमे काफी परेशानी होती है। इस दौरान नरेश कुमार, विजय कुमार, फूलचंद भुईया, संजय भुईयां, कमली देवी, मीना देवी, कविता देवी, कमेश भुईयां, देवराज भुईयां, सावित्री देवी, नागेंद्र राम, जगमनिया कुंवर समेत कई ग्रामीण उपस्थित थे।

# चतरा उपायुक्त ने चेकनाका, अवैध खनन मादक पदार्थों एवं शराब एवं धारा 107 से संबंधित समीक्षात्मक बैठक की




**प्रतिनिधि,चतरा।** जिला समाहरणालय में उपायुक्त रमेश घोलप की अध्यक्षता में चेकनाका, अवैध शराब, खनन, मादक पदार्थ, धारा 107, एम0सी0सी से संबंधित समीक्षात्मक बैठक हुई।

आयोजित बैठक में चेकनाका पर की जा रही कार्रवाई, अवैध शराब के खिलाफ कार्रवाई, अवैध खनन, परिवहन, भंडारण, मादक पदार्थ, धारा 107, एम0सी0सी से संबंधित विन्दुओं पर समीक्षा की गई।

उपायुक्त ने अधिष्ठापित चेकनाका पर व्यापक रूप से निरंतर जांच अभियान चलाने का निर्देश दिया।

उन्होंने अवैध शराब के खिलाफ जिले भर में छापेमारी अभियान चलाने और अवैध खनन, परिवहन एवं भंडारण के विरूद्ध भी कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

इस बैठक में पुलिस अधीक्षक विकास कुमार पाण्डेय, उप विकास आयुक्त पवन कुमार मण्डल, वन प्रमण्डल पदाधिकारी दक्षिणी मुकेश कुमार, अनुमण्डल पदाधिकारी चतरा सुरेन्द्र उरांव, अनुमण्डल पदाधिकारी सिमरिया सन्नी राज, उप निर्वाचन पदाधिकारी वेदवंती कुमारी, अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी चतरा, सिमरिया, टण्डवा, सभी प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, सभी अंचल अधिकारी, सभी थाना प्रभारी समेत अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

# भाजपा चुनाव संचालन समिति सदस्य मुकुंद साह ने करगा गांव का किया दौरा



**प्रतिनिधि,चौपारण (हजारीबाग)।** शुक्रवार को चौपारण प्रखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत दैहर के करगा ग्राम जो चारो तरफ से जंगल से घिरा हुआ गांव है का दौरा भाजपा चुनाव संचालन समिति के सदस्य मुकुंद साहब ने अपने कार्यकर्ताओं के साथ किया और लोगों से मिलकर उनकी समस्याओं को सुना और चुनाव बाद समाधान का भरोसा दिलाया। इस मौके पर उन्होंने लोगों से अपील की कि अपना प्रत्यासी आदरणीय मनीष जायसवाल जी के पक्ष में मतदान कर भारी बहुमत से उन्हें जितना है। इस कार्यक्रम में मुकुंद साव के साथ चौपारण पश्चिमी मंडल मंत्री अर्जुन कुमार राणा,स्थानीय बूथ कमिटी के सदस्य बिनोद भोक्ता सहित कई लोग शामिल थे।

# बियर-व्हिस्की सहित विदेशी शराब की 100 बोतलें बरामद, अवैध शराब के खिलाफ पलामू पुलिस का छापामारी अभियान

**विश्रामपुर, एजेंसी।** विश्रामपुर थाना की पुलिस को अवैध शराब के खिलाफ अभियान में भारी सफलता मिली है। विश्रामपुर पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर थाना क्षेत्र अंतर्गत दुसुलमा गांव में छापामारी की।छापामारी के दौरान दुसुलमा गांव के सुमारू साह के घर से 100 बोतल विदेशी शराब की बोतल को बरामद किया। इसमें किंगफिशर बियर 650 एमएल की 49 बोतल और इंपीरियल ब्लू व्हिस्की 180 एमएल की 51 बोतल शामिल है।

पुलिस ने सुमारू साह को गिरफ्तार कर लिया। थाना प्रभारी सौरभ चौबे ने बताया कि विश्रामपुर थाना में कांड संख्या 12/24 धारा - 272/273 आइपीसी और 47(ए) एक्साइज एक्ट के तहत मामला दर्ज कर आरोपित को न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।

तिसरा क्षेत्र में अवैध शराब बेचने वालों के खिलाफ सोमवार की देर रात तिसरा थाना प्रभारी सुमन कुमार ने मुकुंदा के रहने वाले मधुसूदन गोराई के घर पर छापामारी की। छापामारी के दौरान पुलिस ने अवैध 36 बोतल शराब बरामद किया। जिसकी कीमत 20 हजार रुपये बताई जाती है।

थाना प्रभारी ने बताया कि लगातार छापामारी जारी है। कहा कि वरीय अधिकारी के आदेश पर छापामारी किया गया है। पूर्व में पुलिस ने जयरामपुर मोड स्थित मदन होटल में भी छापामारी की थी। होटल के बगल में एक कमरा से लगभग 40 हजार रुपये की अवैध शराब बरामद किया गया था।

# युवा कांग्रेस के प्रदेश महासचिव मेहुल प्रसाद ने नए प्रदेश प्रभारी का किया स्वागत

## युवा कांग्रेस का कार्यकर्ता लोकसभा चुनाव में सिपाही की तरह कार्य करेगाः इशिता सेठा

**वरीय संवाददाता**

**रांची।** प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में झारखंड प्रदेश युवा कांग्रेस के महासचिव मेहुल प्रसाद ने झारखंड युवा कांग्रेस की नवनियुक्त प्रदेश प्रभारी इशिता सेठा को झारखंड का पारंपरिक गमछा भेंट कर भव्य स्वागत किया।

प्रदेश प्रभारी ने आगामी लोकसभा में युवा कांग्रेस की भागीदारी को लेकर प्रदेश, जिला एवं विधानसभा स्तर के सभी पदाधिकारियों के साथ बैठक की।

उन्होंने कहा कि देश की जनता इलेक्ट्रोल बांड के मुद्दे पर मोदी सरकार से सवाल पूछ रही पर वो जनता को पीठ दिखाकर खामोश हैं। पुलवामा घटना पर मोदी



सरकार की साजिशतन लापरवाही बरतने एवं दिल्ली में सैकड़ों की संख्या में किसानों के आत्महत्या पर देश की जनता में मोदी सरकार के खिलाफ रोष है। जिसका बदला देश की जनता लोकसभा चुनाव में मोदी सरकार को केंद्र की सत्ता से बाहर करके लेगी । युवा कांग्रेस देश ही नहीं पुरे विश्व की सबसे बड़ी युथ विंग है। उन्होंने युवा कांग्रेस के कार्यकर्ताओं को एक सिपाही की तरह तैयार रहने को कहा और लोकसभा चुनाव में अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज कराने की बात कही।

मौके पर युवा कांग्रेस के प्रदेश महासचिव मेहुल प्रसाद ने कहा कि झारखण्ड में युवा कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अभिजीत राज के नेतृत्व में एक परिवार की तरह मिलकर काम कर रही है। और लोकसभा चुनाव में युवा कांग्रेस का एक-एक कार्यकर्ता सभी 14 सीट में महागठबंधन के प्रत्याशियों की जीत सुनिश्चित करने के उद्देश्य से कार्य करेगा। मोदी सरकार से युवा वर्ग काफी नाराज है। इस बार नए वोटरों को सोशल मीडिया के जरिये भाजपा बरगलाने की कोशिश ना कर पाए इसलिए युवा कांग्रेस के कार्यकर्ता अपने-अपने क्षेत्र में मोदी सरकार के नाकामियों से लोगों को जागरूक करने का कार्य करेगा। मौके पर प्रदेश उपाध्यक्ष कुलदीप कुमार रवि, प्रदेश महासचिव ऋषिकेश सिंह, सदाब खान, इमरान खान, सौरभ अग्रवाल, नितीश सिन्हा, प्रदेश सचिव वेद प्रकाश, रांची विधानसभा युवा कांग्रेस अध्यक्ष गौरव सिंह, हटिया युवा कांग्रेस उपाध्यक्ष अंकित सिंह, साजन सिंह समेत अन्य युवा नेतागण उपस्थित थे।

# बड़कागांव पुलिस ने अवैध बालू लदा ट्रैक्टर किया जप्त



**प्रतिनिधि,बड़कागांव।** बड़कागांव पुलिस ने शुक्रवार को बादाम से अवैध बालू लदा एक ट्रैक्टर जब्त करके बड़कागांव थाना परिसर लाया गया। तथा आगे कि कार्रवाई के लिए खनन विभाग को अग्रसारित किया गया है। थाना प्रभारी मुकेश कुमार सिंह ने कहा कि अवैध बालू के विरुद्ध निरंतर करवाई किया जा रहा है। और आगे भी करवाई जारी रहेगा।

# प्रणामी समाज का होली मिलन कार्यक्रम 31मार्च को

**वरीय संवाददाता**

**रांची।** श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट एवं स्वामी सदानंद प्रणामी चैरिटेबल ट्रस्ट (रजि) दिल्ली शाखा रांची के संस्थापक एवं संरक्षक परमहंस डा.संत शिरोमणि श्री श्री 1008 स्वामी सदानंद जी महाराज के शिष्यों का होली मिलन कार्यक्रम रविवार 31 मार्च को होगा । शुक्रवार को संस्था के अध्यक्ष डुंगरमल अग्रवाल की




अध्यक्षता में मे विद्या देवी अग्रवाल के निवास स्थान शिवगंज हरमु रोड स्थित सत्संग भवन में संस्था के होली मिलन सह भजन संकीर्तन कार्यक्रम की रुप रेखा तैयार करने के लिए संस्था के सदस्यों की एक बैठक का आयोजन किया गया। होली का महान पर्व संस्था के द्वारा पीछले 38 वर्षों से लगातार मनाया जा रहा है। होली मिलन कार्यक्रम एवं भजन संकीर्तन का आयोजन दोपहर 12 बजे से 4 बजे तक फूल की होली, अबीर गुलाल की होली खेली जायेगी।

बैठक में संस्था के अध्यक्ष डुंगरमल अग्रवाल उपाध्यक्ष निर्मल जालान, राजेन्द्र प्रसाद अग्रवाल सचिव मनोज कुमार चौधरी,अरविंद अग्रवाल,पवन पौदार,ओम प्रकाश सरावगी, विशाल जालान, बिष्णु सोनी,पुर्णमल सर्राफ , सज्जन पाडिया सहित अन्य उपस्थित थे।

# डॉल्फिनो प्रीमियर लीग का आगाज 22 अप्रैल से

## 12 फ्रेंचाइजी लेंगे हिस्सा

**प्रतिनिधि,हजारीबाग।** जिले के क्रिकेट प्रेमियों के लिए एक खुशखबरी डॉल्फिनों रिजॉर्ट में आयोजित एक प्रेस कांफ्रेंस में शुक्रवार को आयोजकों द्वारा दी गई।डॉल्फिनों रिजॉर्ट सह डॉल्फिनों फ्रेंचाइजी के मुख्य प्रबंधक विकास कुमार ने उपस्थित मीडिया कर्मियों को बताया कि आईपीएल की तर्ज पर डीपीएल क्रिकेट टूर्नामेंट में लगभग 12 फ्रेंचाइजी अपनी अपनी टीमों के साथ इस टूर्नामेंट में किस्मत आजमाएंगे।कहा कि खिलाड़ियों का निबंधन 5 अप्रैल से आरंभ हो जाएगा,साथ ही फ्रेंचाइजी



खिलाड़ियों का ऑक्सन डॉल्फिनों रिजॉर्ट में 9 अप्रैल से आरंभ होगा।फ्रेंचाइजी में एमडीएम, फ्लोरेस्टा,पैंथर, आरोग्यम ,बुलफाइटर, डॉल्फिनों ,एलिगेंट,संत जोन, गैलेक्सी हाई स्कूल शामिल हैं। श्री कुमार ने आगे कहा कि टूर्नामेंट के मैच छड़वा एवं संजय सिंह स्टेडियम में खेले जायेंगे।कहा कि इस टूर्नामेंट की पुरस्कार राशि लगभग 10 लाख है। मौके पर उपस्थित करण जायसवाल ने टूर्नामेंट के लोगो का अनावरण करते हुए कहा कि ऐसे आयोजनों से युवाओं में खेल के प्रति रुझान बढ़ता है साथ हीं उन्हे एक प्लेटफार्म भी उपलब्ध होता है। प्रेस वार्ता में रवि सिंह, नज़ीर अंसारी,शान सैयद,मनोज सिन्हा,कुणाल कुमार,अमित गुप्ता,अंकित गुप्ता,शेखर लाल,संजय गुप्ता,विशाल कुमार, शेखर सिन्हा,अमित सिन्हा,सौरभ आनंद एवं अमित देव समेत कई अन्य मौजूद थे।मंच संचालन अमिताभ श्रीवास्तव ने किया।

# समाजसेवी शिबू प्रसाद सिंह को श्रद्धासुमन अर्पित की गई



**वरीय संवाददाता**

**रांची।** छात्र क्लब बुद्धिजीवी मंच की ओर से देवी मंडप रोड में शोकसभा आयोजन कर समाजसेवी स्व.शिबू प्रसाद सिंह को श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

बुद्धिजीवी मंच के संयोजिका अनीता कुमारी ने बताया देवी मंडप रोड नियर आफिसर्स बैंक कॉलोनी,हेसल रातु रोड रांची निवासी स्व.शिबू प्रसाद सिंह का निधन 13 मार्च को हुआ था। वे विभिन्न सामाजिक एवं धार्मिक संगठनों से जुड़े हुए थे। उनका अधिकतर समय भजन कीर्तन, पूजा पाठ एवं धार्मिक आयोजन मे व्यतीत होता था। हम सभी को उनकी कमी महसूस हो रही है। उमेश कुमार ने बताया स्व.शिबू प्रसाद सिंह अपने पीछे 4 पुत्र,2 पुत्री सहित भरा पूरा परिवार छोड़ गए। शिव किशोर शर्मा ने कहा सामाजिक कार्यक्रम पर हमेशा उन्हें स्मरण किया जाएगा। श्रद्धासुमन अर्पित करने वालों में क्लब के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिव किशोर शर्मा, संयोजिका अनीता कुमारी, संरक्षक राजीव प्रवीण सिंह,मंटू कुमार सिंह,भगवान सिंह, अविनाश मिश्रा,महेश प्रसाद, अनिल कुमार,संदीप कुमार शामिल थे।

## चेकिंग अभियान में आधा दर्जन बाइक जप्त

**प्रतिनिधि,इटखोरी (चतरा)।** लोकसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए पुलिस अधीक्षक छात्र के निर्देशानुसार इटखोरी पुलिस ने शुक्रवार को थाना के बाहर चौपारण-चतरा मुख्य मार्ग में वाहन चेकिंग अभियान चलाकर बिना हेलमेट और कागजात के आधा दर्जन बाइक को जब्त कर लिया। अभियान का नेतृत्व थाना के एसआई हरि शंकर प्रसाद कर रहे थे। इनके साथ पुलिस सशस्त्र बल के कई जवान भी शामिल थे। एसआई हरि शंकर प्रसाद ने कहा कि फिलहाल चुनाव तक यह अभियान चलेगा। इसलिए लोग बाइक का सवारी तभी करें जब वे हेलमेट और कागजात घर से साथ लेकर निकलें। थाने में जब्त बाइक को चतरा डीटीओ कार्यालय में शुल्क जमा करने के बाद छोड़ दिया जाएगा।



# शिव उरांव बने संपूर्ण भारत क्रांति पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष

**वरीय संवाददाता**

**रांची ।** संपूर्ण भारत क्रांति पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव झारखंड प्रभारी विजय शंकर नायक ने कहा कि आने वाले दिनों में झारखंड समाज को एक नए विकल्प के रूप में संपूर्ण भारत क्रांति पार्टी देने का काम करेगी। राज्य निर्माण के देखे गए सपनों को पूरा करने की दिशा में कार्य करेगी। साथ ही साथ झारखंड के युवाओं, छात्र, नौजवान, बेरोजगार, मजदूर, किसान व दलित आदिवासी मूलवासी समाज को साथ लेकर एक




नए झारखंड के निर्माण की दिशा में आगे बढ़ने का कार्य करेगी। उन्होंने कहा कि विगत 23 वर्षों में झारखंड में सभी पूर्ववर्ती सरकारों ने झारखंड समाज की उपेक्षा की है। राज्य निर्माण से पूर्व जहां थे आज वहीं पर हैं । चाहे बीजेपी की सरकार हो, चाहे इंडिया गठबंधन की सरकार हो सभी ने राज्य के निवासियों को छलने का काम किया है। सभी में धोखा देने का काम किया है।

# विक्रम हाजरा भजन संध्या की तैयारियां जोरों पर



**वरीय संवाददाता ,रांची।** आर्ट ऑफ लिविंग झारखंड चैप्टर के तहत विक्रम हाजरा भजन संध्या के आयोजन की तैयारियां जोर-शोर पर है। संस्था के राज योग केंद्र स्थित ऑफिस में झारखंड अपैक्स बॉडी के सदस्यों ने 31 मार्च को गुरुनानक स्कूल के हाल में आयोजित प्रोग्राम की समीक्षा की। आर्ट ऑफ़ लिविंग के वरिष्ठ प्रशिक्षक एवं मुख्य आयोजनकर्ता प्रवीण कुमार ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रशंसित कलाकार विक्रम हाजरा भारतीय भक्ति संगीत में सबसे प्रमुख नामों में से एक हैं। उन्हें लोक संगीत, पारंपरिक मंत्रों और प्राचीन दर्शन को इलेक्ट्रिक गिटार के साथ संगीत में ढ़ालने वाले पहले व्यक्ति होने का श्रेय दिया जाता है। उन्होंने सभी छः महादेशों में अपने मधुर कंठ से श्रोताओं पर एक अमिट छाप छोडी है7 रांची में विक्रम जी का भजन संध्या कुछ वर्षों पहले रांची क्लब में आयोजित हुआ था7 इस बार भी झारखंड के श्रोताओं में अभूतपूर्व उत्साह देखने को मिला है। कार्यक्रम के प्रवेश पात्र के लिए 9570395090 पर संपर्क किया जा सकता है।

# दिव्य ग्रंथ अध्ययन केन्द्र द्वारा ऑनलाइन कवि गोष्ठी का आयोजन

**प्रतिनिधि,केरेडारी।** गुरुवार को दिव्य ग्रंथ अध्ययन केन्द्र द्वारा संचालित कवि गोष्ठी कार्यक्रम अपने निर्धारित समय से गूगल मीट पर ऑनलाइन आयोजित किया गया। कोडरमा से पीयूष पाणि ने सभा की अध्यक्षता और मंच का संचालन किया। अध्यक्ष अरविंद तिवारी ने दूर से बाग दिखता है,परिंदा हैरान दिखता है,व सपनों के सौदागर बेच रहे हैं सपने,की प्रस्तुति की। हजारीबाग कण्डाबेर से दिवाकर पाठक ने श्री शिव मानस पूजा की प्रस्तुति कर,सबों के मन-मंदिर को शिवमय बना दिया । नेपाल की . बिमुन्स पौडेल ने अब मैं कहती हूं पहचानिए अपनी राष्ट्रीयता,की प्रस्तुति की। जमशेदपुर की निवेदिता श्रीवास्तव गार्गी ने मोहब्बत है गर तो जरा साथ देना,की प्रस्तुति की। उत्तराखंड से प्रो.डॉ ममता पंथ ने कैसे समझाएं उन्हें की परछाइयां साथ नहीं देती,की प्रस्तुति की। कोडरमा से गिरधर ने शराब व धूम्रपान के दुष्परिणाम पे अपनी प्रस्तुति की। चतरा से रविन्द्र नारायण पाठक ,देवघर के चित्रा थाना में पदस्थापित थानेदार राजीव कोडरमा से ओमप्रकाश ,जामताड़ा से उज्जवल मिश्रा समेत देश के विभिन्न



हिस्सों से कवियों ने भाग लेकर अपने अनोखे अंदाज में अपनी प्रस्तुति प्रस्तुत कर, सबों के मन-मंदिर में घंटियां बजा दी। कार्यक्रम का विराम कोडरमा से पीयूष पाणि ने हास्य के साथ वास्तविकता की वकालत की तस्वीर को प्रस्तुत किया।

# भाजपा प्रत्याशी ताला मराण्डी ने चलाया जनसम्पर्क अभियान

**प्रतिनिधि, पाकुड़।** लोकसभा चुनाव 2024 में भाजपा प्रत्याशी ताला मरांडी ने अपनी जीत सुनिश्चित करने के लिए राजमहल संसदीय क्षेत्र के बोआरीजोर प्रखण्ड के बसडीहा में जनसम्पर्क अभियान चलाया। इस अभियान में भाजपा के पक्ष में मतदान करने की अपील की।



## संक्षिप्त समाचार

### पिता फरमा रहे थे महिला संग इश्क, बेटे ने बुलवा ली पुलिस

**गोरखपुर, एजेंसी।** गोरखपुर के गोला थाना क्षेत्र के एक चौराहे पर पिता को उसके बेटे ने महिला संग इश्क फरमाते हुए पकड़ लिया। गुस्से में आए बेटे ने पुलिस बुला ली। पुलिस आरोपी पिता और उसके साथ मौजूद महिला को पकड़कर थाने ले गई। हालांकि, बाद में इस मामले में समझौता हो गया। लेकिन देर रात तक चौराहे पर इसकी चर्चा बनी रही।

जानकारी के मुताबिक, घटना मंगलवार की है। गोला इलाके के एक चौराहे पर एक व्यक्ति झोलाछाप डॉक्टर है। उसकी जान पहचान ब्यूटी पार्लर चलाने वाली एक महिला से है। मंगलवार को वह अपनी क्लीनिक पर ही महिला के साथ मौजूद था। तभी उसका बेटा कहीं से घूमते हुए आ गया। उसने पिता की हरकत देख ली।

पहले तो उसे भरोसा नहीं हुआ। इसकी जानकारी पाकर उसकी मां आ गई। हंगामा शुरू हो गया। लोगों की भीड़ जमा होने पर पुलिस पहुंची। आरोपी पिता को पकड़कर बेटे ने पुलिस को सौंप दिया। बाद में समझौता करके सभी घर चले गए। बुधवार को भी इस घटना को लेकर कौतूहल बना रहा।

### 1 अप्रैल से बढ़ जाएगा टोल टैक्स

**गोरखपुर, एजेंसी।** नए वित्तीय वर्ष में नेशनल हाई-वे पर चलने वाले वाहनों को अधिक टोल टैक्स चुकाना होगा। नेशनल हाई-वे अथारिटी ऑफ इंडिया (एनएचएआई) ने टोल टैक्स बढ़ाने के लिए क्षेत्रीय कार्यालय वाराणसी में प्रस्ताव भेज दिया है। प्रस्ताव की स्वीकृति के बाद एक अप्रैल से टोल टैक्स बढ़ाने की योजना है। जिले में तेनुआ और कालेसर टोल प्लाजा पर टैक्स अधिक लगेगा तो वाहन स्वामियों की जेब ढीली होगी। कार, बस/ ट्रक एवं सात चक्का वाहनों का टोल टैक्स बढ़ाया जा रहा है। अलग-अलग वाहनों पर 5 से 20 रुपये तक टोल टौक्स बढ़ाने का प्रस्ताव है, लेकिन बार बार वाहनों को टैक्स देने पर वाहन स्वामियों को अखर जाएगा। एनएचएआई के नियम के अनुसार फास्टैग न होने पर दो गुना टोल टैक्स देना पड़ रहा है। पे-टीएम पर रोक लगाए जाने के बाद अन्य कंपनियों के माध्यम से फास्टैग की सुविधा दी जा रही है। फास्टैग नहीं होने पर बढ़े हुए टोल टैक्स का दोगुना भुगतान करना होगा। गोरखपुर-वाराणसी राष्ट्रीय राजमार्ग पर भिटहा में टोल प्लाजा बनाया गया है। अप्रैल में ही वहां टोल टैक्स की वसूली शुरू हो सकती है, उसके बाद लखनऊ रूट की तरह वाराणसी - प्रयागराज जाने-आने वाले वाहनों से टोल टैक्स वसूला जाएगा। मैनेजर एनएचएआई आशीष सिंह सेंगर ने बताया कि नए वित्तीय वर्ष में टोल प्लाजा पर टैक्स बढ़ाने की योजना है। टोल टैक्स बढ़ाने के लिए प्रस्ताव भेजा गया है। स्वीकृति के आधार पर टैक्स निर्धारित किया जाएगा। गोरखपुर वाराणसी राष्ट्रीय राजमार्ग के टोल प्लाजा को एक माह में शुरू किया जा सकता है।

### पांच दिन में चौथा कत्ल, मामूली विवाद में लाठी से पीटकर अधेड़ को मार डाला

**सोनभद्र , एजेंसी।** सोनभद्र के म्योरपुर थाना क्षेत्र के चांगा गांव में शुक्रवार की सुबह अधेड़ की लाठी से पीटकर हत्या कर दी गई। घटना के पीछे मामूली विवाद को कारण बताया जा रहा है। आरोपी मूक दिव्यांग है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लिया। फॉरेंसिक टीम ने भी घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए। पिछले पांच दिनों में जिले में हत्या की चौथी घटना है। चांगा गांव के भदहर टोला निवासी रामप्रकाश ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि शुक्रवार की भोर में उसके पिता दिलीप (58) घर से थोड़ी दूर एक व्यक्ति के घर की ओर गए थे। वहां अपने घर के बाहर सो रहे मानशाय से किसी बात पर कहासुनी हुई। मानशाय ने आवेश में आकर लाठी से पिता के सिर पर जोरदार प्रहार कर दिया, जिससे वह अचेत होकर गिर पड़े। सूचना पाकर वह मौके पर पहुंचा तो पिता की मौत हो चुकी थी। ग्राम प्रधान ने घटना की जानकारी पुलिस को दी। म्योरपुर एसओ, दुद्धी सीओ प्रदीप सिंह चंदेल ने घटनास्थल पहुंचकर छानबीन की। फॉरेंसिक टीम ने भी घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए। सीओ ने बताया कि तहरीर के आधार पर केस दर्ज किया जा रहा है। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। बता दें कि 25 मार्च से अब तक हत्या की यह चौथी वारदात है।

# 65 मुकदमों में 15 सिर्फ हत्या के, 25 केस गाजीपुर में

## वाराणसी में घर के बाहर की थी अवधेश राय की हत्या



**वाराणसी , एजेंसी।** माफिया मुख्तार अंसारी के खिलाफ उत्तर प्रदेश, पंजाब और दिल्ली के अलग-अलग जिलों में 65 मुकदमे दर्ज थे। इनमें से सर्वाधिक 25 मुकदमे गाजीपुर जिले में दर्ज थे। 65 मुकदमों में 15 मुकदमे हत्या के आरोप से संबंधित थे। मुख्तार को आठ मामलों में अदालत से सजा सुनाई जा चुकी थी। वहीं, 21 मुकदमों का अलग-अलग अदालतों में ट्रायल चल रहा था। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय के बड़े भाई अवधेश राय तीन अगस्त 1991 को लहुराबीर स्थित अपने घर के बाहर खड़े थे। उसी दौरान बगैर नंबर की मारुती वैन से आए बदमाशों ने ताबड़तोड़ फायरिंग कर अवधेश राय की हत्या कर दी थी। घटनास्थल से चेतगंज थाना लगभग 100 मीटर की दूरी पर था। अजय राय ने बदमाशों का पीछा भी किया था, लेकिन उन्हें पकड़ पाने में वह असफल रहे थे। यह ऐसा पहला मामला था जिसमें मुख्तार अंसारी को 5 जून 2023 को वाराणसी की अदालत ने उम्रकैद की सजा सुनाई थी।

### नंद किशोर रुंगटा का क्या हुआ, किसी को नहीं पता

विहिप के तत्कालीन कोषाध्यक्ष और कोयला कारोबारी नंद किशोर रुंगटा का अपहरण बनारस स्थित उनके ऑफिस से 22 जनवरी 1997 को किया गया था। मुख्तार अंसारी गिरोह को सवा करोड़ रुपये की फिरौती दी गई थी। इसके बाद भी आज तक नंद किशोर रुंगटा का पता नहीं लग पाया। उनके परिजन घटना के 27 वर्ष बाद भी कुछ नहीं बोलते हैं।

पुलिस और सीबीआई से पैरवी न करने के लिए मुख्तार अंसारी ने उनके भाई महावीर प्रसाद रुंगटा को धमकी दी थी। इस मामले में मुख्तार अंसारी को वाराणसी की अदालत ने 15 दिसंबर 2023 को पांच साल छह माह की सजा और 10 हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया था।

### 500 राउंड गोली चलाकर की गई थी सात लोगों की हत्या

वर्ष 2002 के विधानसभा चुनाव में भाजपा नेता कृष्णानंद राय ने मोहम्मदाबाद से अफजाल अंसारी को शिकस्त दी थी। 2004 में अफजाल अंसारी गाजीपुर से लोकसभा चुनाव जीता था। इसके बाद 29 जनवरी 2005 को विधायक कृष्णानंद राय समेत सात लोगों पर एके-47 से 500 राउंड गोली चलाकर बसनिया चट्टी के समीप नृशंस तरीके से हत्या कर दी गई थी। हत्याकांड में मारे गए सात लोगों के शव से 67 गोलियां बरामद की गई थी।

## गंगा मेला पर बदली रहेगी यातायात व्यवस्था, पार्किंग के लिए भी चिह्नित किए हैं स्थान, जरा देखकर निकलें

**कानपुर , एजेंसी।** कानपुर में सरसैया घाट पर 30 मार्च को लगने वाले गंगा मेला के दौरान यातायात व्यवस्था दुरुस्त रखने के लिए ट्रैफिक पुलिस ने डायवर्जन प्लान तैयार किया है। इसके तहत सरसैया घाट की ओर वाहन को जाने नहीं दिया जाएगा। कोई भी वाहन फूलबाग, चार्ली चौराहा होते हुए मेघदूत चौराहा से सरसैया घाट होते हुए ग्रीनपार्क को नहीं जा सकेगा। ऐसे वाहन मेघदूत चौराहा से बड़ा चौराहा होकर कारसेट से दाहिने एमजी कॉलेज से होते हुए अपने गंतव्य को जा सकेंगे। इसके अलावा ग्रीनपार्क चौराहा से वाहन एमजी कॉलेज से बाएं मधुवन तिराहा, पुलिस ऑफिस, कचहरी होते हुए चेतना चौराहा से व्यायामशाला की ओर जाएंगे। कोई भी वाहन गुप्तार घाट (ब्राउन बेकरी) से सरसैया घाट की तरफ नहीं जा सकेगा। ऐसे वाहन गुप्तार घाट से मेघदूत चौराहा होकर बड़ा चौराहा होते हुए अपने गंतव्य को जाएंगे।




# बनारस में पहली बार शुरू होगा तलवारबाजी का प्रशिक्षण, जिला और प्रदेश स्तर पर कराई जाएगी प्रतियोगिता



**वाराणसी , एजेंसी।** जिले में पहली बार खिलाड़ियों को तलवारबाजी का प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण के बाद पहले जिला स्तर पर फिर प्रदेश स्तर पर प्रतियोगिता कराई जाएगी। इसके लिए जिला ओलंपिक संघ ने भारतीय तलवारबाजी संघ को पत्र लिखा है। साथ इसके लिए जरूरी उपकरण और कोच की मांग की है।

जिला ओलंपिक संघ के उपाध्यक्ष डॉ. एके सिंह ने बताया कि काशी में तलवारबाजी प्रतियोगिता की कवायद शुरू की गई है। इसके लिए भारतीय तलवारबाजी संघ के महासचिव राजीव मेहता को पत्र भेजा गया है। व्यक्तिगत खेल तलवारबाजी दो खिलाड़ियों के बीच खेला जाता है। इसमें दोनों खिलाड़ी एक दूसरे पर सामने से हमला करते हैं। तलवार के शरीर को छूते ही हरी या लाल लाइट जल जाती है। खिलाड़ी के प्रहार को विद्युत रिकॉर्डिंग उपकरण से गिना जाता है। निर्धारित समय में अधिक प्रहार करने वाले को विजेता घोषित किया जाता है। खेल में उपयोग होने वाले तलवार का वजन 500 ग्राम होता है। प्लेइंग एरिया 14 मीटर लंबा और 1.5 मीटर चौड़ा होता है। तलवारबाजी ओलंपिक में शामिल है। वर्ष 1896 से ओलंपिक में यह खेल शामिल है। टोक्यो ओलंपिक 2023 में भारतीय महिला खिलाड़ी कुछ अंकों से पदक जीतने से चूक गई थी।

### आरएन सिंह स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स दिया जाएगा प्रशिक्षण

तलवारबाजी का प्रशिक्षण परमानंदपुर गांव स्थित आरएन सिंह स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स में दिया जाएगा। भारतीय तलवारबाजी संघ के सहयोग से जरूरी उपकरण खरीदे जाएंगे। यूपी खेल निदेशालय से कोच उपलब्ध कराने की मांग की गई है। इससे यहां के खिलाड़ियों को जिले में प्रशिक्षण का मौका मिल सकेगा।

## पहली बार मीडिया के सामने आए मुख्तार के बड़े भाई सिबकतुल्लाह अंसारी

**गाजीपुर , एजेंसी।** मुख्तार अंसारी की मौत को लेकर गाजीपुर जिले में हर तरफ सन्नाटा पसरा है। आवास के बाहर काफी संख्या में लोगों की भीड़ पहुंच रही है। वहीं मुख्तार अंसारी के बड़े भाई सिबकतुल्लाह अंसारी पहली बार माडिया के समक्ष आए हैं। उन्होंने कहा है कि अभी कोई सूचना नहीं है कि मुख्तार के शव का पोस्टमार्टम कब होगा, कब शव मिलेगा। उन्होंने कहा जो पहले से शक था वही हुआ। बताया कि अफजाल अंसारी भी अस्वस्थ हैं। मुख्तार अंसारी की गुरुवार रात दिल का दौरा पड़ने से मौत हो गई। वह बीते कुछ दिन से बीमार था और इसका इलाज बांदा मेडिकल कॉलेज से चल रहा था।

# कांग्रेस के मौन के बीच स्मृति इरानी के लिए चुनौतियां भी कम नहीं



**अमेठी , एजेंसी।** अवध के साथ ही पूरे देश की चर्चित संसदीय सीटों में शुमार अमेठी एक बार फिर सुर्खियों में है। वजह, 2019 से पूर्व तक गांधी परिवार की गढ़ मानी जाने वाली सीट पर करीब 55 हजार वोटों के अंतर से जीत दर्ज करने वाली स्मृति जूबिन इरानी एक बार फिर मैदान में हैं। उनका मुकाबला किससे होगा, यह अभी तय नहीं है। गठबंधन की तरफ से हर दिन एक नया नाम सामने आ रहा है। कोई गांधी परिवार की दावेदारी ठोंक रहा है तो कोई नया समीकरण प्रस्तुत कर रहा है। स्मृति इरानी के समक्ष गैर कांग्रेसी सांसद के रूप में दोबारा जीत का रिकॉर्ड बनाने की चुनौती भी कम नहीं है। राह न पहले जैसी आसान है और न ही समीकरण ही सहज और सधे हुए। पूरी तस्वीर कांग्रेस के पत्ते खोलने के बाद ही स्पष्ट होगी, लेकिन अनुसूचित जाति, मुस्लिम व पिछड़ा वर्ग का सूत्र बड़े सवाल हल कर सकता है। वर्ष 1967 में अस्तित्व में आई अमेठी संसदीय सीट में कुल पांच विधानसभाएं हैं। इनमें अमेठी, जगदीशपुर, गौरीगंज व तिलोई अमेठी जिले की हैं, जबकि सलोन विधानसभा रायबरेली जिले की है। बीते तीन चुनावों की बात करें तो अमेठी की जनता का मूड बदला-बदला नजर आया। वर्ष 2009 में कांग्रेस के टिकट पर चुनावी समर में उतरे राहुल गांधी ने 57.24 फीसदी मतों के अंतर से जीत दर्ज की, लेकिन, 2014 के चुनाव में परिणाम कुछ अलग दिखा। इस बार भाजपा के टिकट पर चुनाव मैदान में उतरीं स्मृति जूबिन इरानी मजबूती से लड़ीं। यह बात अलग है कि राहुल गांधी ने जीत दर्ज की, लेकिन मतों का प्रतिशत 25.07 फीसदी घटने के साथ ही जीत के अंतर में 32.83 फीसदी कमी आई। हार के बाद भी स्मृति ने अमेठी को नहीं छोड़ा। यहां से निरंतर जुड़ी रहीं। इसका सुखद परिणाम भी उन्हें मिला।

वर्ष 2019 के चुनाव में स्मृति ने गांधी परिवार के गढ़ को ध्वस्त कर जीत दर्ज कर ली। संसदीय सीट की पांच विधानसभाओं में से चार पर भाजपा ने जीत हासिल की थी। हालांकि तब मोदी का जादू चला। खुद प्रधानमंत्री ने जनसभा भी की। एक बार फिर भाजपा ने स्मृति पर ही भरोसा जताया है लेकिन सामने कौन होगा, यह तय नहीं है। इन सबके बीच अभी तक अमेठी से सिर्फ तीन गैर कांग्रेसी सांसद हुए। ऐसे में गैर कांग्रेसी सांसद के दोबारा जीतने, जीत का अंतर बढ़ाने, सभी पांचों विधानसभा सीटों से जीत हासिल करने की एक बड़ी चुनौती स्मृति के सामने है। इसके अलावा केंद्रीय मंत्री जैसे बड़े दायित्व को संभालने के कारण पड़ोस की सीटों पर भी भाजपा को मजबूत करने की भी बड़ी जिम्मेदारी है।

# रालोद-भाजपा का गठबंधन पर नहीं थम रही खींचतान

## अब रालोद कार्यकर्ताओं ने भाजपा नेता को पीटा

**बागपत , एजेंसी।** रालोद का भाजपा के साथ गठबंधन होने के बाद भी स्थानीय स्तर पर नेताओं में खूब खींचतान हो रही है। बागपत में जहां संयुक्त बैठक में मोदी व योगी की जय नहीं बोलने पर हंगामा हुआ तो वहीं अब तिलवाड़ा गांव में रालोद कार्यकर्ताओं ने भाजपा नेता को पीट दिया। जिससे वहां हंगामा हो गया और भाजपा के लोकसभा प्रभारी व जिलाध्यक्ष को स्थिति संभालनी पड़ी।




छपरौली क्षेत्र के तिलवाड़ा गांव में बृहस्पतिवार देर शाम को रालोद-भाजपा गठबंधन प्रत्याशी डॉ. राजकुमार सांगवान का संपर्क कार्यक्रम था। जहां छपरौली विधानसभा क्षेत्र के भाजपा नेता भी मौजूद थे, जो डॉ. राजकुमार सांगवान को अपने घर चाय पर लेकर जाने के लिए कहने लगे। वहां कई रालोद कार्यकर्ताओं ने इस पर आपत्ति जताई। इसे लेकर भाजपा नेता व रालोद कार्यकर्ताओं में कहासुनी होने लगी।

इसके बाद रालोद कार्यकर्ताओं ने भाजपा नेता को पीटना शुरू कर दिया। मामला बढ़ता देखकर डॉ. राजकुमार सांगवान वहां से चले गए। वहीं, अन्य लोगों ने किसी तरह उनका बीच बचाव कराया। बाद में इसका पता चलने पर भाजपा कार्यकर्ता वहां पहुंच गए और हंगामा होने लगा। भाजपा के लोकसभा प्रभारी अशोक नागर, जिलाध्यक्ष वेदपाल उपाध्याय समेत अन्य पदाधिकारी वहां पहुंचे और छपरौली थाना पुलिस को सूचना देकर वहां बुलाया गया। वहां जिलाध्यक्ष के साथ भी रालोद कार्यकर्ताओं की नोकझोंक होने लगी तो किसी तरह मामला शांत कराया गया।

# सपा के स्टार प्रचारकों की लिस्ट जारी



**आगरा , एजेंसी।** समाजवादी पार्टी ने लोकसभा चुनाव 2024 के पहले चरण के लिए 18 स्टार प्रचारकों की सूची जारी कर दी है। राज्यसभा सांसद रामजी लाल सुमन को समाजवादी पार्टी ने स्टार प्रचारक बनाया है। लोकसभा चुनाव के पहले चरण की सीटों के लिए अखिलेश व डिंपल के साथ जनसभाएं करेंगे। 18 स्टार प्रचारकों की सूची बृहस्पतिवार को सपा ने जारी की है, इसमें जया बच्चन भी शामिल हैं।

आगरा, फतेहपुर सीकरी सीट पर तीसरे चरण में मतदान होगा। रामजी लाल सुमन को पिछले महीने ही सपा ने राज्यसभा भेजा था। अनुसूचित वर्ग से आने वाले रामजी लाल का आगरा व अलीगढ़ मंडल में प्रभाव है। चार बार लोकसभा सांसद रह चुके रामजी लाल को चुनावी रणनीति बनाने में माहिर माना जाता है। सुमन के नाम सबसे कम उम्र में सांसद बनने का रिकॉर्ड था। 1975 में आपातकाल के दौरान वह जेल गए। 1977 में पहली बार वह लोकसभा सदस्य बने। 1989 में तत्कालीन प्रधानमंत्री चंद्रशेखर की सरकार में श्रम कल्याण मंत्री रहे। पिछले तीन दशक से सुमन सपा में राष्ट्रीय महासचिव की भूमिका निभा रहे हैं। पहले चरण में पश्चिमी आठ लोकसभा सीटों पर चुनाव हो रहा है। जिसमें रामपुर, नगीना, बिजनौर, कैराना आदि शामिल हैं।

बहरदोई के रहने वाले रामजीलाल सुमन का जन्म 25 जुलाई 1950 को हुआ था। इन्होंने अपनी शिक्षा हाथरस व आगरा से की। 26 साल की उम्र में रामजीलाल सुमन ने जनता पार्टी के टिकट पर फिरोजाबाद से लोकसभा का चुनाव लड़कर जीत हासिल की। इसके बाद वर्ष 1989 में जनता दल से फिरोजाबाद लोकसभा से चुनाव लड़कर सांसद बने। रामजीलाल सुमन को चंद्रशेखर का करीबी माना जाता था। इसी के चलते 1991 में सुमन को श्रम कल्याण, महिला कल्याण एवं बाल विकास मंत्री बनाया।

1992 में समाजवादी पार्टी के गठन के बाद रामजीलाल सुमन ने मुलायम सिंह यादव का साथ ले लिया। फिर एक बार सुमन 1999 में सपा की टिकट पर फिरोजाबाद लोकसभा से चुनावी मैदान में उतरे और जीत हासिल की। 2004 में भी सपा की सीट से जीत हासिल की। 1996 से अब तक सपा में राष्ट्रीय महासचिव के पद संभाले हुए हैं।

# गर्मी के तेवर हुए तल्ख, ताज पर जल रहे पांव

## चार पर्यटक गश खाकर गिरे

**आगरा, एजेंसी।** आगरा में होली के बाद एकाएक बढ़ गए तापमान के कारण ताजमहल के पत्थर दहक रहे हैं। महज तीन दिनों में सात डिग्री बढ़ गए तापमान के कारण ताजमहल पर रेड सेंड स्टोन और संगमरमर पर पैर रखना कठिन हो गया है।

40.8 डिग्री तापमान सेल्सियस में तेज गर्मी के कारण बृहस्पतिवार को भी चार पर्यटक बेहोश होकर गिर गए और उनकी तबीयत खराब होने पर प्राथमिक चिकित्सा कराई गई। इनमें एक महिला पर्यटक मुख्य गुंबद पर प्रवेश करते हुए ही गेट पर गिर गई, जिसे व्हील चेयर के जरिए ताज के बाहर डिस्पेंसरी तक लाया गया।

बृहस्पतिवार को दोपहर बाद ताजमहल में अमेरिका के सांई प्रसाद, रूस की प्रोकोपेवा, इस्राइल की रोनित तथा पश्चिम बंगाल की गंगा पाल की तबीयत बिगड़ गई। बेहोश होकर गिरने से गंगा पाल की अंगुली में चोट आई है। अमेरिका के सांई प्रसाद और रूस की प्रोकोपेवा को व्हील चेयर पर मुख्य गुंबद से एएसआई कर्मचारी और सीआईएसएफ जवान पूर्वी गेट स्थित डिस्पेंसरी लेकर गए। यहां उन्हें प्राथमिक चिकित्सा दी गई।

## मैट न बिछने से जल रहे पांव

ताजमहल के मुख्य गुंबद पर पूर्व में जूट की मैट बिछाई जाती थी, लेकिन अभी तक यह मैट उपलब्ध नहीं कराई गई है। ताज के मुख्य गुंबद पर जाने से पहले पर्यटकों से जूते उतरवाए जाते हैं। संगमरमर के दहकने के कारण यहां पैदल चलना मुश्किल हो रहा है। विदेशी पर्यटक मार्च में ही 40.8 डिग्री तापमान में असहज हो रहे हैं।





# छोटी सी बात पर प्रेमिका की ले ली जान

**गोरखपुर, एजेंसी।** गोरखपुर के बेलीपार थाना क्षेत्र के महावीर छपरा चौराहे के पास पूर्व प्रधान के घर चौका बर्तन का काम करने वाली आंचल (18) की बुधवार की रात में दुपट्टे से गला कसकर हत्या कर दी गई। मौत के बाद उसके चेहरे को ईंट से कुचला गया। बृहस्पतिवार की सुबह शव मिलने से सनसनी फैल गई। पुलिस फॉरेंसिक टीम के साथ मौके पर पहुंच गई। जांच में कुछ घंटे बाद ही पुलिस ने हत्या की गुत्थी सुलझा ली और प्रेमी को दबोच लिया। खबर है कि पूछताछ में आरोपी प्रेमी ने हत्या की बात कबूल कर ली है। आरोपी के खिलाफ हत्या का केस दर्ज कर पुलिस पूछताछ कर रही है। जानकारी के मुताबिक, गीडा थाना क्षेत्र के शुक्लहिया गांव निवासी सुभाष मद्धेशिया की बेटी आंचल अपने ननिहाल महावीर छपरा में रहती है। यहीं पर शिव प्रकाश शाही के घर पर ही वह काम करती थी। बुधवार को शिव प्रकाश का परिवार ससुराल चला गया था। आंचल शाम को 5:00 बजे अपने ननिहाल गई और कुछ देर बाद वापस चली आई।

पूर्व प्रधान शिव प्रकाश शाही के अनुसार, उनके मामा बगल के मकान में दूसरी मंजिल पर रहते हैं, देर शाम करीब 7:30 बजे आंचल घर का सारा काम निपटाकर गेट में ताला बंद कर चाबी मामा को देकर घर चली गई। बृहस्पतिवार सुबह जब वह काम पर नहीं आई तो हम लोग खोजने लगे, इस बीच मेरे टीन शेड वाले घर में उसका शव होने की सूचना पाकर पुलिस को सूचना दी।

आंचल चार बहन एक भाई में दूसरे नंबर पर थी। मां रेखा, सभी बहनों व भाई तथा पिता सभी का रो रोकर बुरा हाल है। घटनास्थल से फॉरेंसिक टीम ने एक ईंट ,रस्सी का टुकड़ा व गले में पहने दुपट्टे व जगह-जगह की रेट जमीन पर खून के सैंपल को जांच के लिए सुरक्षित किया है।




# आतंकवाद अब भी दुनिया की सबसे बड़ी चुनौती

मास्को में हुए आतंकी हमले से एक बार फिर यही रेखांकित हुआ है कि तमाम दावों और उपायों के बावजूद आतंकवाद दुनिया की सबसे बड़ी चुनौती बना हुआ है। दरअसल, आतंकियों ने रूस की राजधानी में हमला कर अपनी मौजूदगी जाहिर की है। गौरतलब है कि शुक्रवार रात मास्को के क्राकस सिटी हाल में एक समारोह की शुरुआत के ठीक पहले कुछ आतंकियों ने अंधाधुंध गोलीबारी की, जिसमें कम से कम एक सौ पंद्रह लोगों की जान चली गई और भारी संख्या में लोग घायल हो गए। मरने वालों में कई बच्चे भी हैं। अभी यूक्रेन और रूस के बीच पिछले करीब दो वर्ष से युद्ध चल रहा है, इसलिए एक वाभाविक आशंका है कि यह हमला इसी की कड़ी हो सकता है। मगर यूक्रेन ने इस हमले में अपना हाथ होने से इनकार किया, वहीं खबरों के मुताबिक वैश्विक स्तर पर एक खौफनाक आतंकी संगठन माने जाने वाले इस्लामिक स्टेट ने इस गोलीबारी की जिम्मेदारी ली। अब आगे की व्यापक पड़ताल के बाद ही पता लगाया जा सकेगा कि इसके लिए कौन जिम्मेदार है और उसका मकसद क्या था। हैरानी है कि रूस के जिन इलाकों को सबसे सुरक्षित माना जाता रहा है, वहां भी आतंकियों ने बर्बर हमला करके एक तरह से बड़ी चुनौती पेश की है। इस संदर्भ में अमेरिका का कहना है कि उसने रूस में ऐसे हमले की आशंका जताई थी, लेकिन लगता है कि रूस ने उस पर गौर नहीं किया। पिछले कुछ दशकों में दुनिया ने जिस तरह का आतंकवाद देखा है, उसके मद्देनजर अगर कहीं से केवल आशंका ही जाहिर की जाती या खुफिया सूचना मिलती है तो उसके बाद सावधानी बरतने की जरूरत है, ताकि शायद किसी आतंकी हमले को रोका जा सके। आतंकवादी संगठनों की कार्यशैली से दुनिया परिचित है कि उनका मकसद सिर्फ मानवता के विरुद्ध आतंक फैलाना है, भले इसके लिए अनगिनत निर्दोष लोगों, यहां तक कि मासूम बच्चों का भी कत्लेआम करना पड़े। असली चुनौती सरकारों के लिए है कि वे तमाम संसाधनों और सुरक्षा व्यवस्था के बावजूद ऐसे आतंकी हमलों को रोक पाने में कैसे चूक जाती हैं। आतंकवाद को खत्म करने के लिए वैश्विक स्तर पर ठोस और साझा प्रयास की जरूरत है।

# भारत पर मुंह खोल रहा अमेरिका जरा खुद के गिरेबां में झांक ले

(रुचिर शुक्ला)

अमेरिकी विदेश विभाग की ओर से भारत की कानूनी और चुनावी प्रक्रियाओं पर हालिया टिप्पणियों से विवाद खड़ा हो गया है। विदेश मंत्रालय ने इस पर करारा रिएक्ट किया। हालांकि, अमेरिका बाज आता दिख नहीं रहा। पूरा मामला केजरीवाल की गिरफ्तारी के बाद आया है।

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी का मुद्दा देश ही दुनियाभर में चर्चा का विषय बना हुआ है। इस मुद्दे पर अमेरिका और जर्मनी की ओर से ऐसी टिप्पणियां की गई जिसे लेकर भारतीय विदेश मंत्रालय ने करारा जवाब दिया। भारत की सख्त टिप्पणी से आरोप पूरी तरह अस्वीकार्य है। अमेरिकी विदेश मंत्रालय की हालिया टिप्पणियां अनुचित हैं। अंतरराष्ट्रीय संबंधों की नींव आपसी सम्मान और समझ से बनती है। अमेरिका ने अरविंद केजरीवाल के लिए निष्पक्ष, पारदर्शी और समय पर कानूनी प्रक्रिया की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। इसी टिप्पणी को लेकर भारत ने अपनी कानूनी कार्यवाही में हस्तक्षेप पर कड़ा ऐतराज जताया। खासकर लोकतंत्रों के बीच संप्रभुता और आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप न करने के सिद्धांतों पर जोर दिया।

**केजरीवाल की गिरफ्तारी पर घमासान–** इससे पहले भी अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी को लेकर अमेरिकी



जर्मनी का रवैया बदला-बदला नजर आया। हालांकि, अमेरिका बाज नहीं आ रहा। उन्होंने फिर से कुछ ऐसी टिप्पणी की, जिस पर विदेश विभाग को सख्त तेवर दिखाने पड़े। विदेश मंत्रालय ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि कानूनी मामलों में भारत अपनी संप्रभुता और स्वतंत्रता पर जोर देता है। देश अंतरराष्ट्रीय संबंधों में आपसी सम्मान और समझ के महत्व पर ध्यान देता है। भारत को अपने स्वतंत्र, लोकतांत्रिक संस्थानों पर गर्व है। वह किसी भी तरह के बाहरी प्रभाव से उनकी रक्षा करने के लिए प्रतिबद्ध है।

**अमेरिका को भारत की दो टूक–** भारत ने अमेरिका को नसीहत दी थी कि दूसरों के मामले में हस्?तक्षेप करना अच्?छी बात नहीं है। भारतीय कानून स्?वतंत्र न्?यायपालिका के अधीन काम करता है। इसके बावजूद अमेरिका अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहा है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि हमारी निर्वाचन, कानूनी प्रक्रियाओं में कोई भी बाहरी विदेश विभाग ने टिप्पणी की थी। जिसके बाद, भारत ने अमेरिका के मिशन की कार्यवाहक उप-प्रमुख ग्लोरिया बर्बेना को तलब किया। ग्लोरिया को तलब किए जाने के बाद भी अमेरिका ने दोहराया कि उसने निष्पक्ष, पारदर्शी और समय पर कानूनी प्रक्रिया का जिक्र किया है। अमेरिकी विदेश विभाग के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर ने कहा कि हम दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी सहित अन्य कार्रवाइयों पर बारीकी से नजर रख रहे हैं। इसी के जवाब में भारतीय विदेश मंत्रालय ने गुरुवार को स्पष्ट कहा कि अमेरिकी विदेश विभाग की हालिया टिप्पणियां अनुचित हैं। हमारी चुनावी और कानूनी प्रक्रियाओं पर इस तरह का कोई भी बाहरी आरोप पूरी तरह से अस्वीकार्य है।

**बयानबाजी से बाज क्यों नहीं आ रहा अमेरिका–** भारतीय विदेश विभाग ने अमेरिका से कहा कि दूसरे देशों के आंतरिक मामलों में दखल देना कतई उचित नहीं है। भारत के विरोध जताने पर भी

# महिलाओं के विरुद्ध अनर्गल टिप्पणी से आखिर कैसे मिलेगी निजात

**भारतीय राजनीति में महिलाओं के खिलाफ अनर्गल टिप्पणी या बयानबाजी कोई नई बात नहीं है, लेकिन जब एक सम्भ्रांत महिला दूसरी प्रतिस्पर्धी महिला पर कीचड़ उछाले, अनैतिक कटाक्ष करे...तो किसी का भी चिंतित होना लाजिमी है। सवाल है कि महिलाओं के विरुद्ध अक्सर होने वाली ऐसी अनर्गल टिप्पणी से आखिर कैसे निजात मिलेगी? हाल ही में हिमाचल प्रदेश की मंडी लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी कंगना रनोट और मंडी पर कांग्रेस की सोशल मीडिया प्रमुख सुप्रिया श्रीनेत व गुजरात कांग्रेस के किसान राज्य संयुक्त समन्वयक एच एस अहीर की आपत्तिजनक पोस्ट का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। अब तो राष्ट्रीय महिला आयोग ने भी इसे महिला सम्मान के विरूद्ध बताया और चुनाव आयोग से शिकायत कर तत्काल कार्रवाई की मांग की।**

(कमलेश पांडे )

हाल ही में हिमाचल प्रदेश की मंडी लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी कंगना रनोट और मंडी पर कांग्रेस की सोशल मीडिया प्रमुख सुप्रिया श्रीनेत व गुजरात कांग्रेस के किसान राज्य संयुक्त समन्वयक एच एस अहीर की आपत्तिजनक पोस्ट का मामला तूल पकड़ता जा रहा है।

भारतीय राजनीति में महिलाओं के खिलाफ अनर्गल टिप्पणी या बयानबाजी कोई नई बात नहीं है, लेकिन जब एक सम्भ्रांत महिला दूसरी प्रतिस्पर्धी महिला पर कीचड़ उछाले, अनैतिक कटाक्ष करे...तो किसी का भी चिंतित होना लाजिमी है। सवाल है कि महिलाओं के विरुद्ध अक्सर होने वाली ऐसी अनर्गल टिप्पणी से आखिर कैसे निजात मिलेगी?

हाल ही में हिमाचल प्रदेश की मंडी लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी कंगना रनोट और मंडी पर कांग्रेस की सोशल मीडिया प्रमुख सुप्रिया श्रीनेत व गुजरात कांग्रेस के किसान राज्य संयुक्त समन्वयक एच एस अहीर की आपत्तिजनक पोस्ट का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। अब तो राष्ट्रीय महिला आयोग ने भी इसे महिला सम्मान के विरूद्ध बताया और चुनाव आयोग से शिकायत कर तत्काल कार्रवाई की मांग की।

वहीं, हिमाचल प्रदेश भाजपा ने भी चुनाव आयोग से शिकायत की है कि यह अपमानजनक टिप्पणी है, जो इंटरनेट मीडिया पोस्ट के रूप में प्रसारित की गई है। यह किसी महिला की गरिमा को ठेस पहुंचाने वाली पोस्ट है। यही नहीं, यह आदर्श आचार संहिता के अनिवार्य दिशानिर्देशों का भी उल्लंघन है। यह सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम के साथ भारतीय दंड संहिता के तहत भी अपराध के दायरे में आती हैं। इनकी टिप्पणियां लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम के तहत परिभाषित भ्रष्ट आचरण की परिभाषा के अंतर्गत आती हैं।

वहीं, हिमाचल प्रदेश में नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने इसे देवभूमि हिमाचल का अपमान बताते हुए कहा कि सुप्रिया श्रीनेत की टिप्पणी दुर्भाग्यपूर्ण है। दरअसल, कंगना को लेकर पूरा विवाद तब खड़ा हुआ, जब मंडी सीट से भाजपा प्रत्याशी कंगना को लेकर कांग्रेस नेत्री सुप्रिया श्रीनेत के इंस्टाग्राम अकाउंट से अभिनेत्री की तस्वीर के साथ एक आपत्तिजनक पोस्ट की गई, जिसमें लिखा हुआ था कि क्या भाव चल रहा है मंडी में, कोई बताएगा?

यह बात अलग है कि विवाद बढ़ते ही कांग्रेस नेत्री सुप्रिया श्रीनेत ने अपने पोस्ट को हटा दिया और सफाई दी कि उनके मेटा (इंस्टाग्राम व फेसबुक) अकाउंट का संचालन करने वाले किसी दूसरे व्यक्ति से यह गड़बड़ी हुई है। वह किसी महिला को लेकर ऐसी आपत्तिजनक पोस्ट के बारे में सोच भी नहीं सकतीं। वह उस पैरोडी अकाउंट के विरुद्ध कार्रवाई करेंगी, जो उनके नाम का इस्तेमाल कर रहा है।

वहीं, सुप्रिया श्रीनेत की पोस्ट के जवाब में कंगना ने कहा कि, एक कलाकार के रूप में अपने करियर के पिछले 20 वर्षों में मैंने हर तरह की महिलाओं का किरदार निभाया है। हमें अपनी बेटियों को पूर्वाग्रहों के बंधन से मुक्त करना





चाहिए। हमें उनके शरीर के अंगों के बारे में जिज्ञासा से ऊपर उठना चाहिए। हर महिला गरिमा और सम्मान की हकदार है।

उधर, सुप्रिया श्रीनेत वाले मामले पर भाजपा नेता अमित मालवीय ने कहा कि अगर आपके (सुप्रिया श्रीनेत) अकाउंट से वही पोस्ट होती है जो पैरोडी अकाउंट पर पोस्ट होती है तो इसका मतलब है कि दोनों अकाउंट के एडमिन एक ही हैं। वहीं, तजिंदर बग्गा ने कहा है कि इन पोस्ट से कांग्रेस का महिला विरोधी चेहरा बेनकाब हुआ है। सुप्रिया श्रीनेत ने कांग्रेस का नेहरूवादी चेहरा दिखाया है। वहीं, शहजाद पूनावाला ने भी सुप्रिया श्रीनेत के पोस्ट को शर्मनाक बताया और कहा कि यह घिनौनेपन से भी आगे है। क्या मल्लिकार्जुन खरगे सुप्रिया श्रीनेत को हटाएंगे? हाथरस वाली लॉबी अब कहाँ है?

वहीं, राष्ट्रीय महिला आयोग ने एक पोस्ट में कहा, आयोग सुप्रिया श्रीनेत और एचएस अहीर के अपमानजनक आचरण से स्तब्ध है, जिन्होंने इंटरनेट मीडिया पर कंगना के बारे में अभद्र व अपमानजनक टिप्पणी की। ऐसा व्यवहार असहनीय व महिलाओं की गरिमा के विरुद्ध है। लेकिन सवाल यह है कि पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के खिलाफ भाजपा नेता दिलीप घोष की टिप्पणियों के खिलाफ उसका स्टैंड क्या है? खुद कंगना रनौत का एक पुराना इंटरव्यू वायरल हो रहा है, जिसमें कंगना रनौत बॉलीवुड की मशहूर अभिनेत्री उर्मिला मातोंडकर को सॉफ्ट पोर्न स्टार कहती हुई सुनी जा रहीं हैं। ऐसे में सुलगता हुआ सवाल है कि जिस समाज में इस फूहड़ता की कोई जगह नहीं होनी चाहिए, तो फिर भाजपा और कंगना सेलेक्टिव क्यों है? समय रहते ही स्पष्ट कर दें, तो बेहतर रहेगा।

क्योंकि एक तरफ तो कांग्रेस नेता संदीप दीक्षित ने मंगलवार को एक प्रेस कांफ्रेंस में दो टूक कहा, सार्वजनिक चर्चा में ऐसी भाषा के लिए कोई जगह नहीं है और कांग्रेस का रुख इस मामले में हमेशा स्पष्ट रहा है। जबकि सुप्रिया श्रीनेत ने कहा है कि जिसने भी यह किया है, यह एक गलती है। उन्होंने स्पष्ट कर दिया है और मामले को यहीं खत्म हो जाना चाहिए।

वहीं, दूसरी ओर बंगाल में भाजपा के वरिष्ठ नेता और सांसद दिलीप घोष को एक वीडियो क्लिप में मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की पारिवारिक पृष्ठभूमि का मजाक उड़ाते हुए देखे जाने के बाद गत दिनों विवाद खड़ा हो गया। इस मामले में तृणमूल कांग्रेस ने कहा कि दिलीप घोष की यह टिप्पणी भाजपा के डीएनए को दर्शाती है। साथ ही 'एक्स' पर क्लिप साझा करते हुए पत्र लिखकर केंद्रीय चुनाव आयोग से इसकी शिकायत कर कार्रवाई की मांग की।

वहीं, आयोग ने बर्द्धमान-दुर्गापुर सीट से भाजपा उम्मीदवार घोष की टिप्पणी को लेकर जिलाधिकारी से रिपोर्ट मांगी है। हालांकि, वायरल हुई इस वीडियो क्लिप की प्रामाणिकता की पुष्टि होनी अभी बाकी है। बता दें कि भाजपा की बंगाल इकाई के पूर्व अध्यक्ष दिलीप घोष को तृणमूल के चुनावी नारे 'बांग्ला निजेर मेयेके चाई' (बंगाल अपनी बेटी चाहता है) का मजाक उड़ाते हुए देखा जा सकता है।

उन्होंने कहा, जब वह (ममता) त्रिपुरा जाती हैं तो कहती हैं कि वह त्रिपुरा की बेटी हैं। जब वह बंगाल में होती हैं तो कहती हैं कि बंगाल की बेटी हैं। इसलिए पहले उन्हें स्पष्ट करने दीजिए, उनके पिता कौन हैं? गौरतलब है कि मेदिनीपुर लोकसभा सीट से मौजूदा सांसद घोष तृणमूल के 2021 के चुनाव नारे 'बांग्ला निजेर मेयेके चाई' का जिक्र कर रहे थे। उनकी इस टिप्पणी पर बंगाल की महिला एवं बाल विकास मंत्री शशि पांजा ने कहा कि इस टिप्पणी पर उन्हें तुरंत माफी मांगनी चाहिए। वहीं, इस मुद्दे पर राष्ट्रीय महिला आयोग की खामोशी भी समझ से परे है। लोग पूछ रहे हैं कि बिलकिश बानो के दोषियों की रिहाई पर जिनका मुंह नहीं खुला, पहलवान बेटियों की दुर्दशा और दयनीय हालात पर जिनका मुंह नहीं खुला, मणिपुर की उस दुखद और अमानवीय घटना पर जिनका मुंह नहीं खुला, नेहा सिंह राठौर को मियां खलीफा से कंपेयर करने वालों पर जिनका मुंह नहीं खुला, वो अब कह रहे हैं कि सुप्रिया श्रीनेत ने कंगना रनौत का अपमान किया है, जबकि सुप्रिया श्रीनेत ने पहले ही उस पोस्ट को डिलीट कर दिया है और बता भी दिया है कि यह उनकी सोशल मीडिया टीम की गलती थी। बावजूद इसके बीजेपी ने कांग्रेस प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत को तुरंत बर्खास्त करने की मांग की है।

# सियासी मैदान में महिलाओं की मजबूती

**राजनीति ही एकमात्र ऐसी जगह है, जहां महिलाओं को पर्याप्त अहमियत नहीं मिल रही। संसद और विधानसभाओं में उनकी निराशाजनक हिस्सेदारी इसकी तस्दीक करती है। हम 2047 तक विकसित भारत का सपना देख रहे हैं, लेकिन संसद में महिलाओं की मौजूदगी 15 फीसदी भी नहीं है। यह स्थिति तब है, जब महिलाओं ने हरेक क्षेत्र में तमाम बाधाओं को पार पाते हुए अपना मुकाम बनाया है। बेशक, 1993 में पारित संविधान के 73वें और 74वें संशोधन द्वारा क्रमश: पंचायतों व नगर निकायों में महिलाओं के लिए एक-तिहाई आरक्षण की व्यवस्था की गई, जिसके कारण जमीनी स्तर पर बड़ा बदलाव आया है, लेकिन प्रधान-पति या पंच-पति जैसी संकल्पना आज भी कायम है। दिल्ली से सटे गुरुग्राम के एक गांव में पिछले हफ्ते एक ऐसे ही प्रधान-पति के साथ मेरा वास्ता पड़ा।**

(नीरजा चौधरी, वरिष्ठ राजनीतिक विश्लेषक)

आम चुनाव का आगाज हुआ और महिलाओं के खिलाफ बदजुबानी तेज होती दिख रही है। दो-ढाई दशक पहले तक महिलाओं के खिलाफ ऐसे 'सेक्सिस्ट रिमार्क', यानी अशोभनीय टिप्पणियां नजरंदाज कर दी जाती थीं, लेकिन अब महिलाएं खुद इसके खिलाफ मुखर होने लगी हैं। सोशल मीडिया का भी साथ उनको मिलता है। इस लिहाज से देखें, तो यह महिलाओं में बढ़ती जागरूकता का संकेत है कि अब वे अपने खिलाफ किसी अभद्र शब्दावली को चुपचाप स्वीकार नहीं करतीं और बयानवीरों को या तो माफी मांगनी पड़ती है या अपने बयान को नकारना पड़ता है। कंगना रनौत प्रकरण इसका ज्वलंत उदाहरण है।

हालांकि, राजनीति ही एकमात्र ऐसी जगह है, जहां महिलाओं को पर्याप्त अहमियत नहीं मिल रही। संसद और विधानसभाओं में उनकी निराशाजनक हिस्सेदारी इसकी तस्दीक करती है। हम 2047 तक विकसित भारत का सपना देख रहे हैं, लेकिन संसद में महिलाओं की मौजूदगी 15 फीसदी भी नहीं है। यह स्थिति तब है, जब महिलाओं ने हरेक क्षेत्र में तमाम बाधाओं को पार पाते हुए अपना मुकाम बनाया है। बेशक, 1993 में पारित संविधान के 73वें और 74वें संशोधन द्वारा क्रमश- पंचायतों व नगर निकायों में महिलाओं के लिए एक-तिहाई आरक्षण की व्यवस्था की गई, जिसके कारण जमीनी स्तर पर बड़ा बदलाव आया है, लेकिन प्रधान-पति या पंच-पति जैसी संकल्पना आज भी कायम है। दिल्ली से सटे गुरुग्राम के एक गांव में पिछले हफ्ते एक ऐसे ही प्रधान-पति के साथ मेरा वास्ता पड़ा। हालांकि, कई अध्ययन यही बताते हैं कि सामाजिक सुधार की दिशा में महिलाएं पुरुष प्रतिनिधि की तुलना में कहीं बेहतर काम करती हैं।

जाहिर है, राजनीति में एक तरफ महिलाएं खुद को स्थापित कर रही हैं, तो दूसरी तरफ उनका इस्तेमाल भी खूब हो रहा है। नामचीन चेहरों पर ही राजनीतिक पार्टियां चुनावी दांव लगाना पसंद करती हैं। स्थानीय निकायों में भले ही महिला जन-प्रतिनिधियों का एक बड़ा वर्ग तैयार हुआ है, मगर सियासी पार्टियों की नजर में उनका मानो महत्व ही नहीं। आरोप लगाए जाते हैं कि महिलाओं के पास पुरुषों की तुलना में संसाधनों का अभाव होता है और वे जीत की गारंटी भी नहीं होतीं।

यही कारण है कि संसद से पारित 33 फीसदी महिला आरक्षण के जमीन पर उतरने की उम्मीदें अभी कम नजर आती हैं। यदि राजनीतिक दलों की मंशा सही होती, तो इसमें परिसीमन का पेच नहीं जोड़ा जाता। कहा जा रहा है, परिसीमन के बाद दक्षिण में लोकसभा की सीटें कम हो जाएंगी, जबकि उत्तर भारत में बढ़ जाएंगी, क्योंकि



यह कवायद जनसंख्या पर आधारित है और दक्षिण के सूबे अपने बेहतर शासन से जनसंख्या वृद्धि को थामने में सफल रहे हैं। वहां परिसीमन को 'दंड' के रूप में देखा जा रहा है। तमिलनाडु की विधानसभा ने तो इसके खिलाफ प्रस्ताव भी पास कर दिया है। स्पष्ट है, अगर परिसीमन का मसला कानूनी दांव-पेच में फंसा, तो 2034 तक भी महिला आरक्षण सच्चाई नहीं बन सकेगा। अगर सियासी दलों की नीयत ठीक होती, तो वे ऐसे प्रावधान के बिना भी महिला प्रत्याशियों पर भरोसा कर सकते हैं। मगर किसी दल ने अब तक ऐसी सदिच्छा नहीं दिखाई है।

आज महिला जन-प्रतिनिधियों को कई मोर्चों पर जूझना पड़ता है। पारिवारिक विरासत के तहत राजनीति में उतरने वाली महिलाओं को यदि दरकिनार कर दें, तो आम महिलाओं के लिए राष्ट्रीय स्तर की राजनीति तक पहुंचना टेढ़ी खीर से कम नहीं है। सबसे पहले उन्हें राजनीति में आने के लिए अपने परिवार को मनाना पड़ता है, फिर स्थानीय स्तर पर पार्टी को इस बाबत संतुष्ट करना पड़ता है कि चुनाव में उन पर भी भरोसा किया जा सकता है। इसके बाद उनका नाम केंद्रीय नेतृत्व के पास जाता है, जहां की अपनी चुनौतियां होती हैं। यहां पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की चर्चा लाजिमी है। बेशक, उनकी सियासत की आप आलोचना कर सकते हैं, लेकिन बिना किसी 'गॉडफादर' के उन्होंने यह मुकाम हासिल किया है कि आज भाजपा को पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस के खिलाफ अपना पूरा दम-खम लगाना पड़ रहा है।

आम चुनाव के लिहाज से महाराष्ट्र की बारामती सीट भी काफी अहम है। यहां एनसीपी नेता शरद पवार की बेटी सुप्रिया सुले और अजित पवार की पत्नी सुनेत्रा पवार के बीच जंग तय मानी जा रही है। यह पवार परिवार की पारंपरिक सीट है, लेकिन इस बार मुकाबला परिवार के भीतर ही है। एक तरफ शरद पवार की बेटी हैं, तो दूसरी तरफ उनकी बहू। इसका अर्थ है कि यहां की जीत से एनसीपी का भविष्य भी तय होगा। इससे यह भी पता चलेगा कि क्या वहां की राजनीति में शरद पवार अब भी अहम हैं या अजित पवार महाराष्ट्र के उभरते सितारे हैं? वैसे, भाजपा की तरफ से बांसुरी स्वराज को टिकट मिलने से नई दिल्ली सीट पर भी नजर बनी रहेगी। विधानसभा के लिहाज से यह सीट मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की है। ऐसे में, बांसुरी यदि यहां से जीतती हैं, तो अपनी मां सुषमा स्वराज की परंपरा को आगे बढ़ाएंगी और उनको भाजपा में बड़ी जिम्मेदारी मिल सकती है।

संकेत साफ है, महिलाओं में बढ़ते राजनीतिक रुझान को देखते हुए सियासी दलों के लिए ज्यादा दिनों तक उनको नजरंदाज करना मुश्किल है।



# रंग पंचमी कब? इस खास पर्व का महत्व और परंपरा

**दिवाली की तरह हिंदू धर्म में होली का त्योहार पांच दिन तक मनाया जाता है. इसकी शुरुआत फाल्गुन पूर्णिमा पर होलिका दहन से होती है और रंग पंचमी पर इसका समापन. होलिका दहन के अगले दिन यानी की चैत्र माह के कृष्ण पक्ष की प्रतिपदा तिथि पर रंगों की होली खेली जाती है. फिर द्वितीया तिथि पर भाई दूज मनाई जाती है और रंग पंचमी का त्योहार होली का अंतिम पड़ाव माना जाता है. इसे देव पंचमी और श्री पंचमी भी कहा जाता है.**

हर साल होली के बाद चैत्र माह के कृष्ण पक्ष की पक्ष की पंचमी तिथि रंग पंचमी होती है. शास्त्रों के अनुसार रंग पंचमी के दिन देवी-देवता रंगोत्सव मनाते हैं.

## रंग पंचमी का शुभ मुहूर्त

चैत्र मास के कृष्ण पक्ष की पंचमी तिथि की शुरुआत 29 मार्च की रात 08 बजकर 20 मिनट पर हो रही है. वहीं, इस तिथि का समापन 30 मार्च को रात 09 बजकर 13 मिनट पर होगा. ऐसे में उदया तिथि के अनुसार, रंग पंचमी का त्योहार 30 मार्च 2024 दिन शनिवार के दिन मनाया जाएगा, इस दिन होली खेलने का समय सुबह 07 बजकर 46 मिनट से सुबह 09 बजकर 19 मिनट तक है.

## क्यों मनाते हैं रंग पंचमी का त्योहार

पौराणिक मान्यता है कि इस दिन देवी-देवता अपने भक्तों संग होली खेलने पृथ्वी पर आते हैं. इसलिए रंग पंचमी के इस पर्व को देव पंचमी भी कहा जाता है. इस दिन हुरियारे हवा में गुलाल उड़ाते हैं. माना जाता है कि रंग पंचमी के दिन वातावरण में गुलाल उड़ाना शुभ होता है.धार्मिक मान्यता है कि रंग पंचमी पर देवी-देवताओं को गुलाल अर्पित करने से वह सुख-समृद्धि और वैभव का आशीर्वाद देते है, घर में श्री अर्थात धन समृद्धि की वृद्धि होती है. कहते हैं गुलाल जब हवा में उड़ता है और जो इसके संपर्क में आता है उसमें सकारात्मक ऊर्जा का प्रवाह बढ़ता है. तमोगुण और रजोगुण का नाश होता है और सतोगुण में वृद्धि होती है.



# प्राचीन काल में होली से शुरू होकर रंगपंचमी तक मनाया जाता था रंगों का त्योहार

फाल्गुन पूर्णिमा को होलिका दहन के पश्चात अगले दिन सभी लोग उत्साह में भरकर रंगों से खेलते हैं। रंगों का यह उत्सव चैत्र मास की कृष्ण प्रतिपदा से लेकर पंचमी तक चलता है। इसलिये इसे रंगपंचमी कहा जाता है। रंगपंचमी त्योहार चैत्रमास में कृष्णपक्ष की पंचमी पर मनाया जाता है। रंगपंचमी महाराष्ट्र का प्रमुख त्योहार है। देवी देवताओं का आह्वान करने के लिए ये त्योहार मनाया जाता है। रंगपंचमी पर पवित्र मन से पूजा पाठ करने पर देवी देवताओं का आशीर्वाद मिलता है। इस दिन जो भी रंग इस्तेमाल किए जाते हैं जिन्हें एक दूसरे पर लगाया जाता है, हवा में उड़ाया जाता है। मान्यता है कि ऐसा करने से विभिन्न रंगों की ओर देवता आकर्षित होते हैं।

## रंगपंचमी का पौराणिक महत्व

शास्त्रों के अनुसार रंगपंचमी को अनिष्टकारी शक्तियों पर विजय पाने का पर्व कहा जाता है। माना जाता है कि त्रेता युग की शुरुआत में ही भगवान विष्णु ने धूलि वंदन किया, इसका मतलब ये कि उस समय भगवान विष्णु ने अलग-अलग रंगों के प्रयोग से तेज युक्त अवतार लिए। त्रेता युग में अवतार होने पर उसे तेजोमय यानी अलग-अलग रंगों की मदद से दर्शन के अनुरूप बनाया। इसलिए मान्यता है कि अलग-अलग रंगों को हवा में उड़ाना धूलि वंदन होता है और उन रंगों की देवीय  चमक से भगवान प्रसन्न होते हैं।

## महाराष्ट्र में रंगपंचमी

रंगवाली होली यानि धुलंडी से लेकर पंचमी तिथि तक महाराष्ट्र में जमकर होली खेली जाती है। रंगों के इस पांच दिनों के महोत्सव का आखिरी दिन रंगपंचमी होता है। इस दिन देवी-देवताओं की विशेष पूजा की जाती है। पकवान बनाकर भगवान को उनका भोग लगाया जाता है। इस दिन विशेष प्रकार का मीठा पकवान भी घरों में बनाया जाता है जिसे पूरनपोली कहा जाता है। लोग अपने परिवार वालों और रिश्तेदारों के साथ ये त्योहार मनाते हैं।

## प्राचीनकाल से ही होती है रंगपंचमी

इस पर्व का इतिहास काफी पुराना है। कहा जाता है कि प्राचीन समय में जब होली का उत्सव कई दिनों तक मनाया जाता था उस समय रंगपंचमी के साथ उसकी समाप्ति होती थी और उसके बाद कोई रंग नहीं खेलता था। वास्तव में रंगपंचमी होली का ही एक रूप है जो चैत्र मास की कृष्ण पंचमी को मनाया जाता है। होली का आरंभ फाल्गुन माह के साथ हो जाता है और फाल्गुन पूर्णिमा को होलिका दहन के बाद यह उत्सव चैत्र मास की कृष्ण प्रतिपदा से लेकर रंगपंचमी तक चलता है। देश के कई हिस्सों में इस अवसर पर धार्मिक और सांकृतिक उत्सव आयोजित किये जाते हैं। शास्त्रों के अनुसार रंगपंचमी अनिष्टकारी शक्तियों पर विजय पाने का पर्व कहा जाता है।


# देवताओं के रंगोत्सव का महत्व

प्रतिवर्ष की तरह इस साल भी होली का पर्व बहुत धूमधाम से मनाया गया है। होली के मौके पर लोग रंगोत्सव मनाते हैं। एक दूसरे को रंग लगाकर होली खेलते हैं। इस पर्व की तैयारियां बहुत पहले से होने लगती हैं। वैसे तो होली दो दिन का पर्व होता है, जिसमें पहले दिन होलिका दहन किया जाता है और अगले दिन रंगों की होली खेली जाती है। हालांकि होली का उत्साह अभी भी जारी है। होली के पांच दिन बाद रंग पंचमी मनाई जाती है। इस दिन भी रंगोत्सव होता है। कहते हैं कि इस दिन भगवान होली खेलते हैं और देवतागण रंगोत्सव मनाते हैं। होली के पांचवें दिन यानी चैत्र कृष्ण पंचमी को रंग पंचमी का पर्व मनाया जाता है। आइए जानते हैं रंग पंचमी के त्योहार क्यों, कैसे मनाया जाता है और रंग पंचमी से जुड़ी खास बातें।

## रंगपंचमी का महत्व

रंग पंचमी के मौके पर हर तरफ अबीर गुलाल उड़ाया जाता है। मान्यता है कि उड़ता गुलाल व्यक्ति के सात्विक गुणों में अभिवृद्धि करता है। इस के साथ ही तामसिक और राजसिक गुणों को नष्ट करता है। रंगों वाली होली से यह दिन कुछ अलग होता है। इस दिन होली की तरह लोग शरीर पर रंग नहीं लगाते, बल्कि वातावरण में रंग बिखेरते हैं।





# धन संबंधी समस्याओं को दूर करने के लिए रंगपंचमी पर कीजिए ये आसान उपाय

**होली के पांचवें दिन यानी चैत्र कृष्ण पंचमी को रंग पंचमी का पर्व मनाया जाता है। रंग पंचमी का पर्व देवी-देवताओं को समपर्ति माना जाता है। देशभर में रंग पंचमी काफी धूमधाम से मनाई जाती है। चैत्र माह में कृष्ण पक्ष की पंचमी तिथि को मनाए जाने की वजह से इसे कृष्ण पंचमी के नाम से भी जाना जाता है। इसके अलावा रंगपंचमी को श्रीपंचमी और देव पंचमी भी कहा जाना जाता है।**

धन संबंधी समस्याओं को दूर करने के लिए रंगपंचमी पर कीजिए ये आसान उपाय चैत्र कृष्ण पंचमी यानी कि होली के पांचवें दिन देशभर में रंगपंचमी का पर्व बड़ी धूमधाम के साथ मनाया जाता है। होली की ही तरह रंगपंचगी के दिन भी एक दूसरे के साथ रंग खेला जाता है। माना जाता है कि प्राचीन काल में जब होली का पर्व कई दिन तक मनाया जाता था तब रंगपंचमी होली का अंतिम दिन होता था और उसके बाद कोई रंग नहीं खेला जाता था। हिन्दू पंचांग के अनुसार इस बार रंग पंचमी का पर्व चैत्र कृष्ण पक्ष पंचमी को मनाया जाएगा। रंग पंचमी मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, राजस्थान और गुजरात में बड़े धूमधाम से मनाया जाता है। इस दिन लोग एक दूसरे को रंग और गुलाल लगाकर खुशियां मनाते हैं। इस दिन भक्त भगवान कृष्ण और राधा रानी को भी गुलाल लगाते हैं। ऐसी मान्यता है कि रंग पंचमी का यह दिन देवी देवताओं को समर्पित होता है। आज के दिन व्रत रखने से बड़े दोष मिटाए जा सकते हैं। वहीं कई उपाय ऐसे हैं, जिनके माध्यम से आपकी धन संबंधी समस्याएं खत्म हो सकती हैं।

रंगपंचमी पर कमल के फूल पर बैठे लक्ष्मी नारायण के चित्र को घर की उत्तर दिशा में स्थापित करें। अब लक्ष्मी नारायण के चित्र के समीप एक लौटे में जल भरकर रखें। गाय के घी का दीपक जलाकर लाल गुलाब के फूल लक्ष्मी नारायण जी को चढ़ाएं। इसके बाद एक आसन पर बैठकर ओम श्रीं श्रीये नम: मंत्र का तीन माला जाप करें। जाप के बाद पूजा में रखा हुआ जल सारे घर में छिड़क दें। अब लक्ष्मी नारायण जी को गुड़ और मिश्री का भोग लगाएं। इस पूजा के बाद आपके घर में धन की बरकत कुछ समय बाद दिखाई देगी।

यह उपाय भी करें

रंगपंचमी के दिन स्नान के बाद जल में गंगा जल मिलाकर मुंह-हाथ धोएं। अब मां लक्ष्मी को गुलाब के फूल चढ़ाएं। रुई की दो बाती वाले घी का दीपक जलाएं। गुलाब की अगरबत्ती जलाएं। सफेद मिठाई और सेब चढ़ाएं। अब मां लक्ष्मी से मन ही मन अपनी मनोकामना दोहराएं। इस उपाय को करने से आपकी मनोकामना पूरी होगी।

## इन राज्यों में धूमधाम से मनाई जाती है रंग पंचमी

महाराष्ट्र, राजस्थान, गुजरात और मध्य प्रदेश में रंग पंचमी का पर्व धूमधाम से मनाया जाता है। यहां पर लोग एक दूसरे पर गुलाल उड़ाते हैं। घरों में तरह-तरह के पकवान बनाए जाते हैं। साथ ही मित्र एवं रिश्तेदारों को आमंत्रित किया जाता है। लोग नृत्य, संगीत का आनंद लेते हुए रंगपंचमी का उत्सव मनाते हैं। मध्यप्रदेश के इंदौर में रंगपंचमी पर गुलाल उड़ाते हुए शोभायात्रा निकाली जाती है, जिसे गेर कहा जाता है।

## रंग पंचमी से जुड़ी पौराणिक कथा

पौराणिक कथा के अनुसार, होलाष्टक के दिन भगवान शिव ने कामदेव को भस्म कर दिया था, जिसके कारण देवलोक में सब दुखी थे। लेकिन देवी रति और देवताओं की प्रार्थना पर भगवान शिव ने कामदेव को दोबारा जीवित कर देने का आश्वासन दिया। इसके बाद सभी देवी-देवता प्रसन्न हो गए और रंगोत्सव मनाने लगे। इसके बाद से ही पंचमी तिथि को रंगपंचमी का त्योहार मनाया जाने लगा।




**रंग पंचमी का उत्सव होली के पांच दिनों की अवधि के बाद मनाया जाता है। इस खास दिन पर लोग रंगीन पानी से खेलते हैं और इसे बहुत खुशी और उत्साह के साथ मनाते हैं। पंचमी का अर्थ पांच होता है इस प्रकार शाब्दिक अर्थ में, यह रंगों के पर्व के पांचवें दिन को दर्शाता है।**

# 5 तत्वों को सक्रिय करता है रंगों का यह पर्व

राष्ट्र के कुछ विशिष्ट भागों में, रंग पंचमी होली के उत्सव के लिए एक और दिन माना जाता है। महाराष्ट्र के राज्यों में, यह मछली पकड़ने वाले समुदाय के लिए एक महत्वपूर्ण दिन है क्योंकि वे शिमगो के नाम से जशन मनाते हैं। बहुत सारे नृत्य और गायन के कार्यक्रम भी आयोजित किए जाते हैं। मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र के राज्यों और उत्तरी भारत के अन्य हिस्सों जैसे क्षेत्रों में, यह त्योहार बहुत ही श्रद्धा के साथ मनाया जाता है। हिंदू पंचांग के अनुसार, कृष्ण पक्ष के दौरान फाल्गुन माह में पंचमी तिथि (पांचवे दिन) पर रंग पंचमी का अवसर आता है।

## रंग पंचमी का क्या महत्व है?

रंग पंचमी का दिन पूरे देश में एक प्रमुख त्योहार है। होली की तरह ही यह त्योहार भी मस्ती, खुशी और रंगों से भरा होता है। हिंदू लोगों के लिए यह दिन एक महत्वपूर्ण धार्मिक महत्व निभाता है क्योंकि यह माना जाता है कि होलिका दहन लोगों को सभी प्रकार के तामसिक और राजसिक तत्वों से शुद्ध करता है। वातावरण सकारात्मकता से भर जाता है और सकारात्मक आभा एक और सभी को घेर लेती है। पांचवें दिन की पवित्र आग रंगों के माध्यम से देवताओं को आमंत्रित करने में मदद करती है। रंगों के सूक्ष्म कण देवताओं को आमंत्रित करते हैं।

रंग पंचमी के त्योहार से जुड़ा एक और महत्व यह है कि यह पांच प्रमुख तत्वों (पंच तत्व) को सक्रिय करने में मदद करता है जो ब्रह्मांड के निर्माण का समर्थन करता है। इन पांच प्रमुख तत्वों में हवा (वायु), आकाश, पृथ्वी, जल और प्रकाश शामिल हैं। मान्यताओं और पुराणों के अनुसार, मनुष्य का शरीर भी इन्हीं पंच तत्वों से बना है और इन तत्वों का आह्वान मानव जीवन में संतुलन की बहाली का समर्थन करता है। यह मानव के आध्यात्मिक विकास का भी समर्थन करता है। हिंदू पौराणिक कथाओं और धर्मग्रंथों के अनुसार, रंग पंचमी का त्योहार तामसिक गुण और राजसिक गुण पर सत्वगुण की जीत और विजय का प्रतीक है। यह दर्शाता है कि आध्यात्मिक विकास के मार्ग में आने वाली बाधाएं और अड़चन जल्द ही समाप्त हो जाएंगी।

समारोह उत्तर भारत, मध्य प्रदेश और महाराष्ट्र के विभिन्न हिस्सों में प्रमुखता से आयोजित किए जाते हैं। इस खास दिन पर लोग अपने परिवार, रिश्तेदारों और दोस्तों के साथ रंग खेलते हैं। भक्त भगवान कृष्ण और राधा देवी की पूजा और प्रार्थना भी करते हैं। इस दिन अधिकांश स्थानों पर होली मिलन पर्व होता है। इस दिन बुजुर्गों के पैरों पर रंग छिड़का जाता है। कान्हा यानी श्रीकृष्ण-राधिका के साथ चांदी की पिचकारी और बाल्टी से रंग खेला जाता है। इंदौर और महाराष्ट्र में, हाई-प्रेशर जेट, दो सेरेमनी तोपों के साथ पानी की टंकी की अगुवाई में एक जुलूस निकलता है, और एक ऊंट शहर की परिक्रमा करता है। यह हर किसी को गली में रंग देता है। विशेष रूप से इंदौर में हजारों लोग राजवाड़ा के सामने तोप से रंगने के लिए इकट्ठा होते हैं। मछली पालने वाले जनजातियों और समुदायों द्वारा प्रमुख रूप से देश के हर कोने में रंग पंचमी परिक्रमा का एक पारंपरिक पालकी नृत्य माना जाता है। बिहार, वृंदावन, दिल्ली और मथुरा के मंदिरों में रंग पंचमी का उल्लास देखने लायक होता है। पर्व वैभव में शामिल हैं- रंग खेलना, मिठाई खाना, रिश्तेदारों से मिलना और धार्मिक गीतों पर नृत्य करना आदि।

# गीता कोड़ा ने तेज किया जनसंपर्क अभियान

**➡ जगन्नाथपुर विस क्षेत्र में किया सघन दौरा**



**पूसू प्रतिनिधि, जगन्नाथपुर।** भारतीय जनता पार्टी की लोकसभा प्रत्याशी सांसद गीता कोड़ा शुक्रवार को जगन्नाथपुर विधान सभा अन्तर्गत जगन्नाथपुर प्रखंड के विभिन्न ग्रामों में जनसंपर्क अभियान में शामिल हुईं। जगन्नाथपुर विधानसवा क्षेत्र के जगन्नाथपुर व हाटगम्हरिया क्षेत्र के रालीसेरेंग, कोलायसाई, जिन्तुगाड़ा, निश्चिन्तपुर, मालुका, पोखरिया, नयागांव, बासिरा, कासिरा, गांगपुर हाटगम्हरिया, मासाबिला, लखीपाई, करंजिया, गुमुरिया, मुंडुई, बासुदेवपुर, कोन्दरकोड़ा, तुरली, बारला, खुटियापादा, सरस्वतीपुर, हड़ीभंगा व जैतगढ़ पहुंचने पर ग्रामीणों व पार्टी कार्यकताओं ने उनका फूल-माला पहनाकर भव्य स्वागत स्थानीय रीति रिवाज से किया। गीता कोड़ा ने ग्रामीणों को कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदीजी ने उन्हें प्रणाम कहा है। उन्होंने जनता से सीधे संवाद कर मोदी गारंटी के तहत बताया कि मोदी जी ने आदिवासियों, गरीबों,युवाओं के जीवन उज्ज्वल करने के लिए क्या क्या कार्य किये, मोदीजी को गरीबों की चिंता है, वे विगत 4 वर्षों से खाने के लिए गरीबों को फ्री में राशन,खाना पकाने के लिए फ्री में गैस कनेक्शन, कोरोना महामारी के बचाव के लिए हर देशवासी को दो बार फ्री में टीका लगवाने जैसी अनेक जन उपयोगी सुविधा दिए हैं, आगे 5 वर्षों तक मुफ्त में गरीबों को राशन देंगे। गीता कोड़ा ने कहा कि देश को विकास की गति मोदीजी ने दिया, सबकी चिंता करने वाले मोदीजी को पुन: प्रधानमंत्री बनाने के लिए आपका साथ हमे चाहिए, जिसके लिए आपको कमल फूल छाप में वोट देना है, यही प्रार्थना मैं आप सबो से करती हूं। सांसद गीता कोड़ा ने ग्रामीणों की समस्यायों को सुनकर कहा कि हर समस्यायों का समाधान का पूरा प्रयास होगा। मौके पर भाजपा नेता मंगल सिंह गिलुवा, प्रखंड पूर्व जिला अध्यक्ष गुड्डु पाठक, शम्भु हजरा,प्रखंड अध्यक्ष राईभूमिज, धीरज सिंह, जितु गुप्ता, श्रवण श्र्मा के सैकड़ों वरिष्ठ कार्यकर्ता और हजारों की संख्या में ग्रामीण शामिल हुए।

## गीता कोड़ा ने चलाया जनसंपर्क अभियान

**पूसू प्रतिनिधि, चाईबासा।** लोकसभा चुनाव 2024 की तैयारी करते हुए भाजपा प्रत्याशी सांसद गीता कोड़ा के पक्ष में मंडल टोन्टो बूथ संख्या 248 में आमजनों से संवाद किया गया। पूर्व विधायक जवाहरलाल बानरा ने गांव वाला को संबोधित करते हुए कहा कि आम जनों को मोदी की गारंटी पर भरोसा है और मोदी को प्रधानमंत्री बनने के लिए यहां से भाजपा प्रत्याशी को भारी मतों से विजय बनायेंगे। क्योंकि केंद्र सरकार के द्वारा जितनी भी योजनाएं चलाई जा रही हैं उसका लाभ सीधे जनता को मिल रहा है और वर्तमान राज्य सरकार अपने वादों से पूरी मुकर गई है। केवल समाज के बीच में भ्रम फैलाकर सत्ता में आने का चाहत रखती है। इसलिए आम जनों से आग्रह होगा कि यह देश का चुनाव है और जो देश का नेतृत्व करते हुए गरीब कल्याण को समर्पित सरकार है उसे हमें पुन: लाना है और हमारे प्रत्याशी श्रीमती गीता कोड़ा को अपना बहुमूल्य वोट देकर सांसद बनाएं। आज के कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष लेबिया लागुरी जिला महामंत्री प्रताप कटियार महतो, चंद्रमोहन तियु, लेबेया लागुरी, मनमोहन सुंडी, बिहारी सूंडी, लोदो कुम्हार, मथुरा सूंडी व छोटा मुख्य रूप से सम्मिलित हुए।

# मानगो के थोक विक्रेता का कर्मचारी दुकानदार का स्कूटी और पैसा लेकर हुआ फरार

## दुकानदार ने दर्ज करवाया मानगो थाना में मुकदमा



**पूसू प्रतिनिधि, जमशेदपुर।** मानगो बाजार स्थित चावल,चीनी और आटा के थोक विक्रेता विजय स्टोर में कार्यरत कर्मचारी अजीत दुकानदार को सामग्री पहुंचाने के दौरान स्कूटी और सामान का पैसा लेकर फरार हो गया। विजय स्टोर के मालिक विजय अग्रवाल ने कर्मचारी अजीत की देर रात तक खोज बिन किया लेकिन उसका कुछ पता नहीं चला। थक हारकर विजय अग्रवाल ने भाजपा नेता विकास सिंह को बुलाकर बताया लगभग डेढ़ महीने से उनके दुकान में अजीत नामक एक लड़का सप्लाई मैन का काम कर रहा है छोटे दुकानदारों को माल पहुंचाना और वहां से पैसा लेकर आना उसका काम था गुरुवार लगभग प्रात: 11:30 बजे दो बोरा चावल और एक बोरा चीनी लेकर अजीत आजाद नगर के मदीना मस्जिद के पास स्थित बाबू सेठ दुकान में सप्लाई करने विजय अग्रवाल की स्कूटी से गया था। देर शाम हो जाने के बाद अजीत स्कूटी और पैसा लेकर विजय स्टोर में नहीं आया देर शाम विजय अग्रवाल ने अजीत के परसुडीह सरजामदा नमोटोला के घर जाकर खोजबीन किया खोजबीन में पता चला की अजीत अपने विधवा मौसी के साथ रहता है और आज देर रात तक घर नहीं लौटा। विजय अग्रवाल ने बताया लगभग 5000 रुपए नगद एवं स्कूटी लेकर अजीत फरार हो गया है मौके में पहुंचे भाजपा नेता विकास सिंह ने विजय अग्रवाल से मामले की जानकारी लेते हुए विजय अग्रवाल के साथ मानगो थाना में जाकर अजीत के ऊपर मुकदमा दर्ज करवाया।

# गोपालपुर अरवाई एडवेंटिस्ट स्कूल में 10वीं के छात्रों को दी गई बिदाई





**पूसू प्रतिनिधि, घाटशिला।** अरवाई एड्वेंटिस्ट स्कूल गोपालपुर में दसवीं कक्षा के छात्र-छात्राओं का विदाई शुक्रवार को समारोह पूर्वक विद्यालय परिसर में आयोजित कर दी गई। कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए विद्यालय के निदेशक एसजे हेंब्रम ने बच्चों को शुभकामनाएं देते हुए भविष्य में बेहतर करने की प्रेरणा दी। वही प्राचार्य जॉर्ज रंजीत हेंब्रम ने कहा कि विद्यालय के बाद आगे जीवन में बहुत परिवर्तन आने वाला है। जीवन में सही गलत का चुनाव करना होगा।

आपने भविष्य के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण निर्णय लेना है। विद्यालय आप सभी को बेहतर बनाने के लिए काफी प्रयास किया अब आपकी बारी है। जीवन में आप कितना बेहतर कर सकते हैं तथा अपने जीवन को सफल बनाने के लिए आप प्रयास करें। इस अवसर पर विद्यालय के जूनियर कक्षा के छात्र-छात्राओं ने दसवीं कक्षा के छात्र-छात्राओं को गुलाब का फूल देकर स्वागत किया। कार्यक्रम में विद्यालय के सचिव देना मेरी हेंब्रम, प्रोनोति हांसदा, निदेशक समयूल जोसेफ हेंब्रम सहित विद्यालय के सभी शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित थे।

# पद्मावती जैन सरस्वती शिशु विद्या मंदिर के वार्षिक परीक्षा में श्रेया निषाद रही प्रथम



**पूसू प्रतिनिधि, जगन्नाथपुर।** शुक्रवार को पद्मावती जैन सरस्वती शिशु विद्या मंदिर जगन्नाथपुर वार्षिक परीक्षा फल का वितरण किया गया। विद्यालय के अध्यक्ष जगदीश चंद्र सिंकु एवं विद्यालय के प्रधानाचार्य काशीनाथ तिवारी ने सभी सफल विद्यार्थियों को बधाई दिये। कक्षा अरुण मे प्रथम स्थान श्रेया निषाद द्वितीय स्थान शिवांसी गोप कक्षा उदय मे प्रथम स्थान आयुशु कुजूर द्वितीय स्थान शाई रंजन साहू कक्षा प्रथम मे प्रथम स्थान मेरी सिंकु, द्वितीय स्थान शंकर तिरीया, कक्षा द्वितीय में प्रथम स्थान इशिका कुमारी, द्वितीय स्थान विनीता सिंकु, कक्षा तृतीय में प्रथम स्थान रजनी, द्वितीय स्थान अस्त्रिता नायक, कक्षा चतुर्थ में प्रथम स्थान डिंपल कुमारी, द्वितीय स्थान शिप्रा ठाकुर, कक्षा पंचम में प्रथम स्थान सवान गोप, द्वितीय स्थान केशव गुप्ता, कक्षा षष्ठ में प्रथम स्थान समर वर्मा, द्वितीय स्थान मिहान गोप कक्षा सप्तम में प्रथम स्थान मिठू कुमारी, द्वितीय स्थान राजवर्धन गोप, कक्षा अष्टम में प्रथम स्थान सोनी बांद्रा, द्वितीय स्थान पल्लवी प्रधान ने प्राप्त किया है। विद्यालय के परीक्षा प्रमुख वितेश यादव ने बताया कि 470 भैया बहनों का रिजल्ट वितरण किया गया। मौके पर उपस्थित रहे विद्यालय के प्रभारी प्रधानाचार्य सुबोध गुप्ता, तुलसी, सुखदेव पाल, राज किशोर महतो, मनी नाग मंजु सिंह, बिकाश तियु, मनोज कुमार, शीला, कान्ति, तनुजा, डेजी, तेजी, शारदा कुमारी आदि।

## संक्षिप्त खबरें

### आरआईटी थाना क्षेत्र में उत्पाद विभाग का छापा, 40 लीटर अवैध शराब जब्त



**पूसू प्रतिनिधि, आदित्यपुर।** लोकसभा चुनाव 2024 के आलोक में उत्पाद विभाग की ओर से अवैध शराब बिक्रेताओं के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत शुक्रवार को गुप्त सूचना के आधार पर सरायकेला जिला स्थित आर आई टी थाना अंतर्गत भुआ, नदी के किनारे एवं पार्वतीपुर, नदी किनारे स्थित विभिन्न शराब चुलाई अड्डों पर छापामारी की गई। छापेमारी के दौरान 700 किलोग्राम जावा महुआ विनष्ट किया गया एवं 40 लीटर चुलाई शराब बरामद किया गया। अभियुक्त छापामारी दल को देखकर फरार होने में सफल रहा। इस मामले में उत्पाद अधिनियम के तहत फरार आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया जाएगा।

### हरिनाम संकीर्तन में शामिल हुए विधायक समीर महंती



**पूसू प्रतिनिधि, चाकुलिया।** चाकुलिया प्रखंड क्षेत्र के चालूनिया पंचायत के कांटाबनी गांव के पाल टोला में चल रहे हरिनाम संकीर्तन में शुक्रवार को विधायक समीर महंती शामिल होकर राधा कृष्ण के प्रतिमा के समक्ष पूजा अर्चना कर क्षेत्र की सुख शांति एवं समृद्धि की कामना की । इस मौके पर उपस्थित ग्रामीणों को संबोधित करते हुए विधायक ने कहा कि सब कुछ राधा कृष्ण के भरोसे ही चल रहा है राधा कृष्ण के मर्जी के बीना एक पत्ता भी नहीं हिल सकता है । सभी के अच्छे बुरे कर्मों का हिसाब राधा कृष्ण के खाते में दर्ज हो हो रहा है। मौके पर साहेबराम मार्डी, बलराम महतो, निपेण महतो, कृष्णा महतो, अनूप महतो, दुर्जोधन पाल, तिलोशंकर पाल सुमित माईती, बापी साव, राजीव लेंका, कुंवर घटवारी, देवाशीष पैरा, राबिन मुर्मू, तारक घटवारी, नंदलाल गिरी,अनूप दास,समेत कई ग्रामीण मौजूद थे।

### शहीद जयराम टुडू को झामुमो के कार्यकर्ताओं ने किया नमन



**पूसू प्रतिनिधि, डुमरिया।** डुमरिया प्रखंड क्षेत्र के चाकड़ी में शुक्रवार को झारखंड आंदोलनकारी जयराम टुडू के जन्म दिन के मौके पर झामुमो डुमरिया प्रखंड कमेटी के सदस्यों ने प्रखंड अध्यक्ष मिर्जा सोरेन की अध्यक्षता में आंदोलनकारी स्व जयराम टुडू के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रदासुमन अर्पित की। इस मौके पर प्रखंड अध्यक्ष मिर्जा सोरेन ने कहा कि डुमरिया प्रखंड क्षेत्र के विख्यात आंदोलनकारीयो में से एक शहीद आंदोलनकारी जयराम टुडू थे। झारखंड आंदोलन में उन्होंने ने अग्रिम भूमिका निभाई थी। जिन्हें झारखंड की जनता कभी भूला नहीं सकतीं हैं। मौके पर जयपाल सिंह मुर्मू, चैतन मुर्मू, लालबिहारी भकत, विक्रम मुर्मू, सरकार किस्कू, तानो मार्डी, गुंजा हेंब्रम, काजमान सिंह सरदार, मुखिया तपन कुमार मुर्मू समेत कई झामुमो कार्यकर्ता मौजूद थे।

### नवनिर्मित मॉडल विद्यालय शिक्षा विभाग की उदासीनता का दंश झेल रहा

**पूसू प्रतिनिधि, बहरागोड़ा।** बहरागोड़ा प्रखंड क्षेत्र के पाठबेड़ा मौज में बनी आलीशान मॉडल विद्यालय भवन परिसर में शाम होते ही शरारती तत्वों का जमा बड़ा बन लग जाता है। उक्त मॉडल विद्यालय को लगभग छ: साल पहले ही बना कर तैयार कर दिया गया।? लेकिन शिक्षा विभागीय अधिकारियों की उदासीनता के कारण अभी तक स्कूल का संचालन नहीं हुआ है। वहीं वर्तमान मॉडल विद्यालय प्रखंड मुख्यालय हिंदी मध्य विद्यालय में वर्ष 2012 से संचालित है. यह भवन लगभग 3 करोड़ की लागत से बनी आलीशान मॉडल स्कूल भवन में अब दरार भी आ चुका है। स्कूल परिसर में शाम होते ही आसपास के नशेड़ियों का जमावड़ा लग जाता है। स्कूल परिसर में चारों ओर शराब की खाली बोतले एवं प्लास्टिक का ग्लास बिखरे पड़े हुए हैं।

# जुगसलाई में 15 दिनों से जलापूर्ति ठप्प

**➡ उद्यमी ने प्रशासनिक अधिकारियों से संज्ञान लेने की लगाई गुहार**

**पूसू प्रतिनिधि, जमशेदपुर।** शहर की व्यावसायिक राजधानी कहे जाने वाले जुगसलाई क्षेत्र में बीते 15 दिनों से जलापूर्ति बाधित है। जिसके कारण लोगों में हाहाकार मचा हुआ है। लेकिन कोई समाधान नहीं निकल रहा है। स्थानीय निवासी सह उद्यमी श्रवण कुमार देबुका ने इस ज्वलंत मुद्दे से जिले के उपायुक्त समेत सुबे के प्रशासनिक अधिकारियों को अवगत कराया है। ई-मेल से भेजे गए शिकायत पत्र में उन्होंने कहा कि पिछले 15 से अधिक दिनों से जुगसलाई में महत्वपूर्ण इलाके में पेयजल की आपूर्ति ठप्प है। इसका कारण खोजने से नही मिल रहा है। इस भीषण गर्मी में जनता मजबूर है एवं अपने हाल पर जीने को बेहाल है। अपनी शिकायत में उन्होंने कहा कि जुगसलाई जलापूर्ति योजना भ्रष्टाचार के दल दल से बनी हैं। मगर भ्रष्टाचार इतना प्रभावी रहा कि जनता की और नेता की आवाज सुनाई नही दी। कहा कि करीब 20 करोड़ खर्च के बाद भी उक्त पेयजल आपूर्ति योजना वास्तविक योजना और मापदंड के अनुसार प्रभावी नहीं हुई है। अभी भी जुगसलाई की प्रत्येक मोहल्ले में समान मात्रा में जलापूर्ति नही हो रही हैं। कही पानी पीने को नही मिल रहै है। जबकि कही-कहीं पानी बर्बाद हो रहा है। उन्होंने कहा कि यही कारण रहा कि जुगसलाई नगरपालिका ने इसे अपने अधीनस्थ नही ग्रहण किया। गुणवक्ता भी ढाक के तीन पात वाली कहावत को चरितार्थ करती है। उन्होंने अधिकारियों से जनहित में आग्रह किया कि इस सम्पूर्ण योजना की समुचित जांच कराई जानी चाहिए और सुनिश्चित हो कि योजना को उचित मापदंड के अनुसार प्रभावी किया जाय ताकि आने वाले समय में जनता को पेयजल के लिए बदहाली से नहीं गुजरना पड़े।



# जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने चुनाव की तैयारियों को लेकर की समीक्षा बैठक



**पूसू प्रतिनिधि, चाकुलिया।** चाकुलिया प्रखंड सभागार में शुक्रवार को लोकसभा आम निर्वाचन के निमित्त जिला निर्वाचन पदाधिकारी अनन्य मित्तल एवं वरीय पुलिस अधीक्षक किशोर कौशल ने समीक्षा बैठक की। बैठक के दौरान अब तक किए गए चुनाव कार्यों के अद्यतन प्रतिवेदन की जानकारी लेते हुए निष्पक्ष मतदान को लेकर अधिकारियों को कई आवश्यक दिशा निर्देश दिए। साथ ही क्रिटिकल मतदान केन्द्र, पोस्टल बैलेट से मतदान करने वालों की संख्या का आकलन, क्लस्टर निर्माण, रूट चार्ट, कम्युनिकेशन प्लान, निर्वाचन आयोग के प्रावधानों के अनुसार स्ट्रॉन्ग रूम की संरचना, व्यय को लेकर संवेदनशील पॉकेट आदि बिंदुओं पर विस्तार पूर्वक चर्चा करते हुए मतदान प्रतिशत में वृद्धि को लेकर उन्होंने उन बूथों को चिन्हित करने का निर्देश दिया। साथ ही मतदान प्रतिशत जिस बुथ में कम रहा है,वहां जिन कारणों से भी मतदान प्रतिशत कम रहा है उनका निराकरण करने और वहां बूथ अवेयरनेस ग्रुप की सक्रियता बढ़ाते हुए ज्यादा से ज्यादा मतदाताओं को जागरूक करने का निर्देश दिया। साथ ही व्यापक रूप से मतदाता जागरूकता संबंधित गतिविधियां संचालित करने, बुजुर्ग मतदाता और दिव्यांग मतदाताओं के लिए मतदान केन्द्रों पर समुचित व्यवस्था करने, एवं उनके लिए सभी बूथों में रैंप का निर्माण, व्हीलचेयर की व्यवस्था उपलब्ध रहे यह सुनिश्चित करने, बूथों पर शेड निर्माण, सुनियोजित कतार व्यवस्था, सीसीटीवी, वीडियोग्राफी व्यवस्था आदि को लेकर निर्देशित किया है। उसके बाद प्रखंड क्षेत्र के कई बूथों कि भी निरीक्षण किया और बूथों पर मूलभूत सुविधाओं को लेकर प्रखंड विकास पदाधिकारी को आवश्यक दिशा निर्देश दिया? मौके पर ग्रामीण एसपी ऋषभ गर्ग,उप निर्वाचन पदाधिकारी प्रियंका सिंह, डीटीओ धनंजय कुमार, घाटशिला अनुमंडल पदाधिकारी सच्चिदानंद महतो, एसडीपीओ अनिल नायक, सीओ उपेन्द्र कुमार, बीडीओ आरती मुंडा, नगर पंचायत के नगर प्रशासक चंदन कुमार समेत अन्य कई पदाधिकारी मौजूद थे।



## अंसार नगर में दावते इफ्तार का हुआ आयोजन

**पूसू प्रतिनिधि, चक्रधरपुर।** 18 रोज के मौके पर चक्रधरपुर के अंसार नगर के मस्जिद रजा में नौजवानों के द्वारा इफ्तार पार्टी का आयोजन किया गया जिसमें करीब 1000 से भी ज्यादा श्रद्धालु अपनी रोज़ा खोलने के लिए शामिल हुए। आयोजन करता माजिद हुसैन से बात करने पर पता चला की हर साल की भांति इस साल भी मिल्लत कॉलोनी के अंसार नगर स्थित मस्जिद ए राजा में अफ़्तार पार्टी का आयोजन किया गया जो पिछले कई वर्षों से होता आ रहा है और आने वाले दिनों में भी इससे भी बड़े रूप से आयोजन किया जायेगा।

# बाहा पूजा पर भादूडीह में डांस और लांगड़े नृत्य प्रतियोगिता का हुआ आयोजन




**पूसू प्रतिनिधि, घाटशिला।** मऊभण्डार क्षेत्र के भादूडीह गांव में बाहा बोंगा के अवसर में यंग बॉयज क्लब भादुडीह की ओर से डांस और लांगड़े नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन शुक्रवार को किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप झारखंड नव निर्माण अभियान के संरक्षक मदन मोहन सोरेन मौजूद थे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मदन सोरेन ने कहा कि बाहा पूजा के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम के लिए क्लब की सराहना किया। उन्होंने कहा कि जब तक इस धरती में आदिवासी रहेंगे तब तक मानव सभ्यता अस्तित्व में रहेगा। आदिवासी समाज प्राकृतिक को अपना आराध्या देवी देवता के रूप में उसकी आराधना करते है। दुर्भाग्य की बात है कि प्राकृतिक को संरक्षण देने वाला और प्रकृति के अनुरूप अपने जीवन शैली डालने वाले को असभ्य समझा जाता रहा है। आधुनिक विकास की पथ पर चलते-चलते हम प्रकृति के खिलाफ हो गए हैं। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि पुन: हमें प्रकृति की ओर लौटना ही एकमात्र विकल्प है। बाहा पर्व के माध्यम से आपसी मैत्रीपूर्ण भावना बढ़ती है। इस तरह का वातावरण बनाए रखना सराहनीय कार्य है। डांस में प्रथम पुरस्कार शान्ति डांस ग्रुप बिरसानगर, लंगड़े नृत्य में प्रथम पुरस्कार सीता सोरेन गालूडीह जगनाथपुर, द्वितीय सबिता हांसदा,तृतीय सोहदा की सुश्मिता मुर्मू ने प्राप्त किया। इस अवसर पर सुखलाल हांसदा, माझी बाबा हाड़ीराम मुर्मू, यंग बॉयज क्लब के मानसा हेम्ब्रम, बिष्णु मुर्मू, अनिल मार्डी, सुनील मार्डी, झारखंडी भाषा भाषी मुलवासी संघ के संजय बेहरा, मुकेश कर्माकर समेत कई लोग मौजूद थे।

# मारवाड़ी युवा मंच ने मनाया होली मिलन



**पूसू प्रतिनिधि, चाईबासा।** मारवाड़ी युवा मंच चाईबासा शाखा द्वारा स्थानीय मैरिज हाउस में 28 मार्च को होली मिलन समारोह अबीर और रंगों के साथ मनाया गया।

कार्यक्रम में हमारे अभिभावक स्वरूप पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष बलराम जी सुल्तानिया पूर्व राष्ट्रीय महामंत्री एवं हमारे सलाहकार पुरुषोत्तम जी शर्मा सलाहकार प्रमोद जी नेवटिया सलाहकार सुशील जी चौमाल जी उपस्थित थे। जिन्होंने एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी एवं हम मंच सदस्यों को आशीर्वाद दिया। कार्यक्रम में काफी संख्या में महिलाएं एवं बच्चे भी उपस्थिति थे। जिनके बीच तरह-तरह के कार्यक्रम एवं खेल करवाए गए जिसमे म्यूजिकल चेयर, होजी आदि कार्यक्रम करवाये गए। कार्यक्रम में सदस्यों के लिए हाईटी एवं लजीज व्यंजनों की व्यवस्था भी मंच द्वारा की गई थी। जिसका आनंद सभी ने उठाया एवं कार्यक्रम हर्ष उल्लास के साथ मंच के सदस्यों ने होली की बधाई एक दूसरे को दी। कार्यक्रम में उपस्थित सभी होली के रस में इतने घुल मिल गए जैसे एक परिवार होली का उत्सव मना रहा है। कार्यक्रम में मंडल उपाध्यक्ष हर्ष सुल्तानिया शाखा अध्यक्ष मुकेश मित्तल सत्र 2024 -25 के लिए चुने गए अध्यक्ष कन्हैया गर्ग जी, उपाध्यक्ष आलोक जैन जी, पंकज अग्रवाल जी, गोविंद मोहता जी,सचिव प्रियांशु केडिया, कोषाध्यक्ष विपुल दाहिमा एवं वरिष्ठ सदस्य ओमप्रकाश केडिया जी प्रशांत मोहता जी एवं काफी संख्या में मंच के सभी सदस्य उपस्थित थे।

# आदित्यपुर के बाद कदमा पॉश इलाके में पहुंचा तेंदुआ, लोगों में खौफ

➡ वन्य विभाग ने आम लोगों के लिए जारी की एडवाइजरी



**पूसू प्रतिनिधि, जमशेदपुर।** सरायकेला- खरसावां जिले के आदित्यपुर-गम्हरिया के बाद अब जंगली तेंदुआ का खौफ जमशेदपुर के कदमा क्षेत्र में पहुंच गया है। 13 दिनों शुक्रवार को कदमा के बायोडायवर्सिटी पार्क में तेंदुआ देखा गया, जिसके कारण लोगों में खौफ व्याप्त है। तेंदुआ देखे जाने को बाद वन्य विभाग ने पार्क को सील कर दिया है साथ ही उस ओर जाने से लोगों को मना कर दिया गया है। दूसरी ओर विभाग ने आम लोगों के लिए एक एडवाइजरी जारी की है, जिसमें लोगों से सतर्क रहने तथा भटके हुए तेंदुआ के रेस्क्यू में वन विभाग की टीम को सहयोग करने की अपील की गई है। इससे पहले शुक्रवार की सुबह पार्क में टहलने गए लोगों ने झाड़ियों की ओट में तेंदुआ को देखा। इसकी जानकारी गार्ड को दी गई। गार्ड ने भी तेंदुआ देखा, इस दौरान कुछ लोगों ने मोबाइल में उसकी तस्वीर कैद की। हालांकि कुछ ही देर के बाद तेंदुआ वहां से ओझल हो गया। हालांकि उसके बाहर निकलने की संभावना को देखते हुए वन्य विभाग ने पार्क के गेट को बंद कर दिया तथा रस्सी से उस क्षेत्र को घेर दिया। डीएफओ ममता प्रियदर्शी ने बताया कि कदमा स्थित बायोडायवर्सिटी पार्क में एक तेन्दुआ देखा गया है, जिसके उपरान्त वन विभाग के द्वारा बचाव अभियान के लिए हर संभव प्रयास किया जा रहा है। बचाव अभियान के लिए आवश्यक संयत्रों की व्यवस्था की जा चुकी है।

## विभाग की ओर से जारी एडवाइजरी

बच्चों को घर के बाहर अकेले नहीं छोड़ें, रात्रि के समय किसी भी प्रयोजन के लिए घर से बाहर कम से कम चार-पांच वयस्क व्यक्तियों के समूह में निकलें, मवेशियों को चारागाह में ले जाने के समय कम से कम चार-पांच वयस्क व्यक्तियों के समूह में जायें, मवेशियों के गले में ध्वनि उत्पन्न करने वाले उपकरण का प्रयोग करें, अपने पालतू जानवरों को घर से बाहर अकेले न छोड़ें, झाड़ीनुमा क्षेत्रों में शाम या सुबह के समय शौच के लिए बाहर नहीं निकले, अपने घरों के आस-पास रसोई का कचरा जमा न करें, क्योंकि यह आवारा कुत्तों को उस स्थान पर आमंत्रित करता है, जो बदले में तेंदुए की आवाजाही की संभावना बनाता है, घरों के पास की झाड़ी को साफ रखें एवं घर के बाहर एवं गलियों में प्रकाश की व्यवस्था रखें, नशे की हालत में अकेले घर से बाहर नहीं निकलें, किसी भी प्रकार के भ्रामक खबरों पर विश्वास न करें एवं वन विभाग से अविलंब सम्पर्क करें।

**इन नंबरो पर दे सकते हैं तेंदुआ की जानकारी**

1. 8987790334, वन प्रमंडल पदाधिकारी, जमशेदपुर वन प्रमंडल, 2. 9771283269, वन प्रक्षेत्र पदाधिकारी, मानगो वन प्रक्षेत्र, 3. 18003456486 (हेल्पलाईन नम्बर) जमशेदपुर वन प्रमंडल कार्यालय

# दीपक को मिलेगा यूएसए में डॉक्टरेट की उपाधि



**पूसू प्रतिनिधि, जमशेदपुर।** पढ़ाई से जी चुराने वालों के लिए प्रेरणा स्त्रोत है स्टील सिटी जमशेदपुर के दीपक कुमार।

जी हां! दीपक कुमार अब डॉक्टर दीपक कुमार के नाम से जाने जाएंगे। उन्होंने यूएसए के स्टेनली एंड करेन पिगमैन कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग से गैस सहायता प्राप्त इलेक्ट्रॉन बीम पैटर्निंग प्रक्रियाएं में शोध कर डॉक्टरेट की उपाधि हासिल की। आगामी 3 मई को लेक्सिंग्टन में होने वाले एक समारोह में उक्त उपाधि दीपक कुमार को दी जाएगी। उक्त समारोह में भाग लेने के लिए दीपक कुमार के माता - पिता को भी उक्त समारोह में हिस्सा लेने के लिए विशेष रूप से आमंत्रित किया गया है। फलस्वरूप डॉक्टर दीपक कुमार के पिता पवन चौधरी एवं माता मंजू सिंहा अप्रैल में अमेरिका जाएंगे। बताते चलें कि डॉक्टर दीपक कुमार एडीएल सोसायटी साकची से स्कूली शिक्षा प्राप्त किये। उसके बाद बीआईटी सिंदरी से इंजीनियरिंग। तत्पश्चात एमटेक। बाद में पीएचडी की पढ़ाई करने यूएसए गये। जहां से उन्होंने डॉक्टरेट की पढ़ाई पूरी की। बातचीत में उन्होंने कहा कि पढ़ाई से जी चुराने से हम मुकाम हासिल नहीं कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि मैं शोध के दौरान जो कुछ भी हासिल किया हूं उसका शत प्रतिशत लाभ भारत समेत संबंधित संस्थान को दूंगा। विदित हो कि दीपक परिवार में सबसे छोटा है उसका बड़ा भाई रोहित इंडिगो एयरलाइंस में मैनेजर है, जबकि मझला भाई संदीप टाटा स्टील में कार्यरत है? पिता पवन चौधरी टाटा स्टील से सेवा निवृत्त है।

# युवा रत्न से सम्मानित होंगे समाजसेवी अभिषेक अग्रवाल उर्फ गोल्डी



**पूसू प्रतिनिधि, जमशेदपुर।** झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी युवा मंच के द्वारा इस वर्ष का 22वां प्रांतीय सभा सह दो दिवसीय लघु अधिवेशन समर्पण शाखा के आथित्य में रांची में आयोजित किया जा रहा है। इस अवसर पर पूरे झारखंड प्रदेश से मारवाड़ी समाज का युवा समाजसेवी अभिषेक अग्रवाल उर्फ गोल्डी को पूरे प्रांत में झारखंड युवा रत्न सम्मान से सम्मानित किया जाएगा। उक्त सम्मान उन्हें अखिल भारतीय मारवाड़ी युवा मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुरेंद्र भट्टर, रांची के सांसद संजय सेठ, टीवी और फिल्म अभिनेत्री आस्था अभय के द्वारा प्रदान किया जाएगा। झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी युवा मंच के द्वारा झारखंड प्रदेश युवा रत्न के सम्मान से सम्मानित होने पर अभिषेक अग्रवाल उर्फ गोल्डी को जमशेदपुर समेत पूरे कोल्हान के मारवाड़ी समाज ने बधाई दी गई है एवं कहा कि उनके इस उपलब्धि पर पूरे जिले के मारवाड़ी समाज में काफी हर्ष है। अभिषेक अग्रवाल उर्फ गोल्डी के द्वारा समाज में किए गए उनके द्वारा कई सारे उत्कृष्ट कार्य है जिसको लेकर पूरे राज्य के मारवाड़ी युवा मंच के सदस्य के द्वारा इनका चयन युवा रत्न के रूप में हुआ है। अभिषेक शहर के विभिन्न संस्थाएं जैसे सिंहभूम चैंबर आफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री, पूर्वी सिंहभूम जिला अग्रवाल सम्मेलन, मारवाड़ी सम्मेलन, श्री टाटानगर गौशाला, जेसीआई, राउंड टेबल, लायंस क्लब, बीएनआई इत्यादि में सक्रिय रूप से जुड़े हुए है।

# एसआर रुंगटा ग्रुप द्वारा 13वीं शतरंज प्रतियोगिता का उद्घाटन




**पूसू प्रतिनिधि, चाईबासा।** पश्चिमी सिंहभूम जिला शतरंज संघ एवं एस आर रुंगटा ग्रुप के द्वारा आयोजित 13वीं पद्माबाई रुंगटा मेमोरियल जिला शतरंज प्रतियोगिता का आज एस आर रुंगटा रिक्रिएशन हाल टाउन क्लब में उद्घाटन किया गया। प्रतियोगिता मैं मुख्य अतिथि पश्चिमी सिंहभूम की डीपीआरओ सुश्री ईशा खंडेलवाल रही। सर्वप्रथम उद्घाटन समारोह में संघ के अध्यक्ष उद्योगपति सह समाजसेवी मुकुंद रूंगटा ने आए हुए अतिथियों का अभिवादन किया एवं संघ की गतिविधियों के बारे में सभा को अवगत कराया, जिसमें मुख्य रूप से उन्होंने यह बताया कि पश्चिमी सिंहभूम जिला शतरंज संघ हर एक सप्ताह शुक्रवार एवं शनिवार को शतरंज का प्रशिक्षण भी कर रहा है, इसमें कई बच्चे अपनी भागीदारी दिखा रहे हैं। इसके उपरांत उपरांत संघ के संरक्षक नितिन प्रकाश ने एसआर रूंगटा ग्रुप को विशेष रूप से धन्यवाद दिया कि उनके वजह से आज जिला में कई खेल की गतिविधियां में वृद्धि दिन प्रतिदिन होती जा रही है। संघ के महासचिव बसंत खंडेलवाल ने अपने प्रतिवेदन में 13वीं पदमाबाई रुंगटा मेमोरियल जिला शतरंज प्रतियोगिता पर प्रकाश डाला एवम पश्चिमी सिंहभूम जिला शतरंज संघ के संस्थापक अध्यक्ष नंदलाल रूंगटा जी का विशेष धन्यवाद दिया, जिनके मार्गदर्शन से आज शतरंज संघ सुचारू रूप से अग्रसर है। उन्होंने इस प्रतियोगिता को निरंतर सफल बनाने के लिए उन सभी पदाधिकारी एवं पूर्व पदाधिकारी को धन्यवाद दिया एवं कहा कि हर वर्ष इस प्रतियोगिता में संघ भी एक नए मुकाम पर पहुंच रहा है। मुख्य अतिथि जिला कि डीपीआरओ ईशा खंडेलवाल ने पश्चिमी सिंहभूम जिला शतरंज संघ का धन्यवाद दिया और उनकी सराहना की कि वह निरंतर इन प्रतियोगिताओं का आयोजन कर रहे हैं जिनके वजह से कई खिलाड़ी एवं बच्चे अपनी भागीदारी इन प्रतियोगिताओं में कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि इन प्रतियोगिताओं से आगे सभी खिलाड़ियों को कई अवसर मिलेंगे कि वह जिले का प्रतिनिधित्व अन्य स्तर के प्रतियोगिताओं में करें। प्रतियोगिता में कुल 89 खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं। यह प्रतियोगिता 30 मिनट प्लस 30 सेकंड इंक्रीमेंट एवं सात राउंड के फॉर्मेट में खेला जा रहा है। प्रतियोगिता के मुख्य निर्णायक इंटरनेशनल आर्बिट्रर जयंत कुमार भुइयां है। मंच का संचालन जयदेव चंद्र त्रिपाठी ने किया एवं धन्यवाद ज्ञापन स्वयं चक्रवर्ती ने किया। प्रतियोगिता का समापन समारोह 31 मार्च को 4.30 बजे किया जाएगा। इस अवसर पर जिला शतरंज संघ के संरक्षक नितिन प्रकाश दीपेंद्र प्रसाद साहू जहांगीर आलम नरेंद्र नाथ पांडे अर्पित खिरवाल हर्ष शर्मा सुब्रत चंद्र त्रिपाठी निर्मल चंद्र त्रिपाठी राकेश बुढ़िया अनंत लाल विश्वकर्मा लड्डू खिरवाल अन्य मौजूद रहे।

# दिव्यांग बच्चों के लिए रवींद्र भवन में सांस्कृतिक कार्यक्रम 31 को

**पूसू प्रतिनिधि, जमशेदपुर ।** अभया बनर्जी फाउंडेशन शहर के दिव्यांग बच्चों के लिए रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम साकची स्थित रवींद्र भवन में आयोजित करेगा। फाउंडेशन के संस्थापक डॉ जौहर बनर्जी ने बताया कि 31 मार्च, दिन रविवार को संध्या 6=30 बजे से दिव्यांग बच्चों के लिए विशेष रुप से रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम अभिव्यक्ति का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम के दौरान छात्र-छात्राओं के द्वारा मनमोहन रंगारंग एकल और सामूहिक नृत्य, नृत्य नाटिका, गीत, संगीत, नाटक एवं योग प्रदर्शन का मंचन किया जाएगा। कार्यक्रम के उपरांत प्रतिभागी छात्र-छात्राओं को आयोजन समिति के द्वारा उपहार देकर सम्मानित भी किया जाएगा। कार्यक्रम में टाटा ब्लू स्कोप कंपनी के उपाध्यक्ष आशीष भादुरी और सीटीसी समूह के निर्देशक रमेश अग्रवाल बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित रहकर कार्यक्रम का उद्घाटन करेंगे। मंच का संचालन वंदना जैन करेंगी। मुख्य अतिथि के द्वारा प्रतिभागी बच्चों को सम्मानित किया जाएगा। प्रेस वार्ता में बरनाली दास, सुषमा पांडे , तमाली चक्रवर्ती, मनीष जैन, अनुष्का मिश्रा , वंदना जैन और श्याम शर्मा का विशेष सहयोग रहा। प्रेस वार्ता के दौरान विशेष बच्चों के विद्यालयों के प्राचार्य एवं प्रधानाध्यापिका भी मौजूद रहे, जिनमें मुख्य रूप से स्कूल ऑफ होप की मीता गांगुली, लीना अडेसरा, अतुल सहाय, पीएएमएचजे की निवेदिता पाणिग्रही और डीएनएस की रिमा भट्टाचार्य प्रमुख थी।

# डीसी-एसएसपी ने झारखंड-पश्चिम बंगाल के सीमावर्ती अंतर्राज्यीय चेकनाका बेंद का किया निरीक्षण



**पूसू प्रतिनिधि, जमशेदपुर।** लोकसभा आम चुनाव 2024 की तिथियां घोषित होने के साथ ही जिले में अंतर्राज्यीय एवं अंतरजिला चेकनाका सक्रिय हैं। जिले के सीमावर्ती क्षेत्रों से अवैध शराब, पैसा, ड्रग्स या अन्य फ्रीबिज का अवैध परिवहन नहीं होने पाये जिससे चुनाव प्रक्रिया बाधित किया जा सके इसके मद्देनजर 24ङ्म7 चेकनाका सक्रिय हैं तथा उड़नदस्ता एवं स्थाई चेकनाका के माध्यम से मजिस्ट्रेट एवं पुलिस बल द्वारा छोटे- बड़े वाहनों की गहन जांच की जा रही है । इसी क्रम में चाकुलिया के बेंद में स्थापित अंतर्राज्जीय चेकनाका का जिला निर्वाचन पदाधिकारी अनन्य मित्तल एवं वरीय पुलिस अधीक्षक किशोर कौशल ने शुक्रवार को संयुक्त रूप से निरीक्षण किया।

**चेकनाका से अनुपस्थित पाये जाने पर 2 जवानों को शो-कॉज**

निरीक्षण के क्रम में जिले के वरीय पदाधिकारियों द्वारा चेकनाका में पंजी संधारण की जांच की गई। वहीं चेकनाका में तैनात पुलिस बल के दो जवानों के मौके पर अनुपस्थित पाये जाने को गंभीरता से लेते हुए वरीय पुलिस अधीक्षक ने एसडीपीओ घाटशिला को शो-कॉज करने का निर्देश दिया। साथ ही संबंधित सभी अधिकारियों को सभी चेकनाकाओं के औचक निरीक्षण का भी निर्देश दिया। दो-पहिया, चार पहिया एवं मालवाहक वाहनों की सघनता से जांच नियमित रूप से करने के अलावे किसी वाहन में आपत्तिजनक सामग्री, शराब, ड्रग्स, उपहार व राशि आदि पाई जाती है तो जब्ती की कार्रवाई करते हुए अविलंब वरीय पदाधिकारियों को सूचित करने हेतु निर्देशित किया । मौके पर निदेशक रूरल एसपी, डीटीओ, एसडीएम घाटशिला, उप निर्वाचन पदाधिकारी, एसडीपीओ घाटशिला, बीडीओ एवं सीओ चाकुलिया थाना प्रभारी समेत अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

# केंद्रीय रामनवमी अरवाड़ा समिति ने धूमधाम से महोत्सव मनाने का लिया निर्णय

➡ बैठक में 187 लाइसेंसी एवं 6 गैर लाइसेंसी अरवाड़ा समितियों ने लिया हिस्सा





**पूसू प्रतिनिधि, जमशेदपुर।** केंद्रीय रामनवमी अखाड़ा समिति जमशेदपुर की बैठक गुरुवार को अध्यक्ष आशुतोष सिंह की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। साकची के उत्कल एसोसिएशन सभागार में सम्पन्न हुई बैठक में समिति के तमाम पदाधिकारियों के संग शहर के 187 लाइसेंसी अखाड़ा समिति एवं 6 गैर लाइसेंसी अखाड़ा समिति के अध्यक्ष व सदस्यगण मुख्यरूप से शामिल हुए। बैठक में सर्वसम्मति से रामनवमी महोत्सव को पूरे भव्य रूप में मनाने एवं अखाड़ा जुलूस भव्य रूप से निकालने का निर्णय लिया गया। बताया गया कि शहर के अलग-अलग अखाड़ा से भव्य जुलूस निकाली जाएगी। बैठक में तय किया गया कि अखाड़ा समिति अपने क्षेत्र में बैठक कर शांतिपूर्ण अखाड़ा जुलूस निकालने हेतु रूपरेखा बनाएंगे।

बैठक में रामनवमी महोत्सव के सफल आयोजन में जिला प्रशासन के सकारात्मक सहयोग से शांतिपूर्ण और भव्य जुलूस निकालने पर कार्ययोजना बनाई गई। इस दौरान तय किया गया कि इस बार शहर में रामनवमी महोत्सव 9 अप्रैल 2024 से प्रारंभ होकर विजयदशमी 18 अप्रैल 2024 को सम्पन्न होगी। बैठक में रामनवमी महोत्सव की सफलता एवं भव्यता पर विस्तृत चर्चा की गई एवं अखाड़ा समिति के अध्यक्ष एवं सदस्यों से सुझाव लिए गए। इससे पहले, बैठक में शामिल शहर के सभी अखाड़ों के प्रमुखों एवं सदस्यों का अंगवस्त्र एवं पुष्पवर्षा कर स्वागत किया गया। बैठक के दौरान मंच संचालन समिति के महासचिव भूपेंद्र सिंह एवं धन्यवाद ज्ञापन संरक्षक रामबाबू सिंह ने किया। बैठक को संबोधित करते हुए केंद्रीय रामनवमी अखाड़ा समिति के मुख्य संरक्षक चंद्रगुप्त सिंह ने कहा कि इस बार अयोध्या मे श्रीराम जन्मभूमि में रामलला के भव्य मंदिर निर्माण से लोगों में जबरदस्त उत्साह व उमंग का वातावरण है। ऐसे में हमारी आस्था व श्रद्धा के अटूट प्रतीक भगवान श्रीराम का जन्मोत्सव रामनवमी पर विराट आयोजन बड़े स्तर पर मनाया जाना चाहिये। वहीं, संरक्षक शंभूनाथ सिंह ने कहा कि रामनवमी महोत्सव गत वर्ष से अधिक विशाल, भव्य, मर्यादित व अनुशासित रूप में पूरे शहर में सम्पन्न हो, इस दृष्टि से सभी सनातनी कटिबद्ध रहे तथा इसे पूर्ण करने की दिशा में कार्ययोजना बनाकर क्रियान्वित करें। उन्होंने महोत्सव की सफलता को लेकर कई अहम सुझाव भी दिए।

संरक्षक रामबाबू तिवारी ने कहा कि सनातन धर्म इस राष्ट्र की आत्मा है। आज समाज को तोड़ने की साजिश हर दिन की जा रही है। ऐसे में हिंदुओं को एकजुट होने की आवश्यकता है। केवल बाहरी चुनौतियां ही नहीं आंतरिक रूप से भी काफी चुनौतियां है। ऐसी समाज तोड़क ताकतों के विरुद्ध समय रहते हिंदू समाज को एकजुट होना पड़ेगा वरना बहुत देर हो जाएगी। संरक्षक नीरज सिंह ने कहा कि 500 वर्षों के कठिन संघर्ष के बाद श्री अयोध्याधाम में रामलला के भव्य मंदिर निर्माण के बाद पहली बार होने वाली इस वर्ष के रामनवमी महोत्सव पूरे देश के लिए आकर्षण का केंद्र बने इसके लिए हम सभी को एकजुट होकर लगा होगा। उन्होंने विश्वास जताया कि जिला प्रशासन का अपेक्षित सहयोग केंद्रीय रामनवमी अखाड़ा समिति को प्राप्त होगा।

## बैठक में यह रहे मौजूद

बैठक में मुख्य संरक्षक चंद्रगुप्त सिंह, संरक्षक रामबाबू सिंह, शंभूनाथ सिंह, रामबाबू तिवारी, नीरज सिंह, भीष्म सिंह, राजीव रंजन सिंह, अजय रजक, अनिल सिंह, भास्कर मुखी, महेश खेड़ा, धर्मेंद्र प्रसाद, गौतम प्रसाद, परमात्मानंद मिश्रा, राकेश सिंह, शंभु मुखी, अशोक सिन्हा, नंदजी सिंह, मनीष कुमार, नंदलाल सिंह, ओमयो ओझा, राघवेंद्र मिश्रा, शिवशंकर सिंह, शंकर रेड्डी, विजय वर्धा, किशोर साहू, दीपक यादव, समीर राज लालू, राकेश साहू, कृष्णा बारी, राजू गोराई, संतोष कालिंदी, सतीश मुखी, शैलेश गुप्ता, राजन गोराई, राजू वाजपेयी, रॉकी सिंह, श्यामलाल साहू, राकेश प्रसाद, पप्पू यादव, राजू शिवलाल अखाड़ा, विष्णु महानंद, गुड्डू पांडेय समेत सैकड़ों सदस्यगण मौजूद रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### हरिनाम संकीर्तन में पहुंचे बिद्युत वरण महतो



**पूसू प्रतिनिधि, पोटका।** प्रखंड के ग्वालकाटा पंचायत के बहड़ाघुटु गांव में चौबीस प्रहर हरिनाम संकीर्तन का आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर सैकड़ों श्रद्धालुओं पहुंचकर हरिनाम संकीर्तन में पूण्य अर्जित कर रहे हैं। जमशेदपुर सांसद बिद्युत वरण महतो भी बहड़ाघुटु संकीर्तन में पहुंचे। उन्होंने भक्ति भाव के साथ संकीर्तन स्थल का परिक्रमा किया। राधे राधे जपा एवं ईश्वर से क्षेत्र के लिए सुख समृद्धि का आशीर्वाद मांगा। इसके पूर्व सांसद का ग्रामीणों ने स्वागत किया। मौके पर मुखिया वीणा मुंडा, सुखराम मुंडा, निजी सचिव जसवंत महतो, गांधी मार्डी, शंकर पुरान, सत्य पुरान, फकीर नायेक, किष्ट नायेक, लोकनाथ नायेक, अशोक कुमार नायेक, हरिशंकर नायेक, कुश नायेक, शुफल नायेक, सुभाष चन्द्र नायक, तिनांकी नायक सहित सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित थे।

### तीन दिवसीय अखंड हरिनाम संकीर्तन का शुभारंभ



**पूसू प्रतिनिधि, पोटका।** प्रखंड के माता शची ठाकुरानी सेवा समिति, कालिकापुर के द्वारा तीन दिवसीय अखंड हरिनाम संकीर्तन व महामंत्र जाप शुक्रवार से शुरू हुआ। संकीर्तन का शुभारंभ संरक्षक सह पंसस दीपक भकत, संयोजक हितेश भकत व पूर्व पंसस काजल भक्त ने फीता काट कर किया। यहां संकीर्तन में पश्चिम बंगाल सहित स्थानीय आठ प्रसिद्ध संकीर्तन संप्रदाय भाग ले रहे हैं। इसके पूर्व गुरुवार को यहां चैतन्य महाप्रभु महामिलन उत्सव व अखंड महामंत्र जाप के लिए भव्य कलशयात्रा व नगर कीर्तन परिक्रमा निकाली गई थी। एक अप्रैल को नाम यज्ञ समापन व शाम को भोग वितरण कार्यक्रम होंगे। इस अवसर पर पूर्व मुखिया चांदमनी मोहाली, तारिणी सेन दास, ग्रामप्रधान सुबल भक्त, समीर भकत, वार्ड सदस्य सरस्वती भक्त, बंदना कैवर्त, होपना माहली, भोला प्रसाद गुप्ता सहित अन्य उपस्थित थे।

### विधायक प्रतिनिधि ने लड़ाईडूंगरी सबर बस्ती में जाना सबरों का हाल



**पूसू प्रतिनिधि, पटमदा।** जुगसलाई विधायक मंगल कालिंदी के निर्देश पर गुरुवार को पटमदा के विधायक प्रतिनिधि चंद्रशेखर टुडू ने गुरुवार को गोबरघुसी पंचायत अंतर्गत लड़ाईडूंगरी सबर बस्ती का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने सबर महिलाओं से मिलकर हालचाल जाना। महिलाओं ने विधायक प्रतिनिधि को नियमित रूप से पेंशन, राशन व अन्य सरकारी योजनाओं का लाभ उन तक पहुंचने की जानकारी दी। इस दौरान महिलाओं ने कई समस्याओं से प्रतिनिधि को अवगत कराई तो सभी समस्याओं का समाधान करने का आश्वासन प्रतिनिधि ने दिया। मौके पर बस्ती के अन्य कई लोग मौजूद थे।

### बिरसानगर में अनाथ आश्रम के बच्चों को प्रदान किया उपहार



**पूसू प्रतिनिधि, जमशेदपुर।** टाटा मोटर्स के न्यू ट्रीम लाइन डिवीजन के मजदूर एवं प्रबंधन के लोगों ने शुक्रवार को अपना सामाजिक दायित्व निभाते हुए वालंटियर सर्विस के तहत बिरसानगर स्थित आनंद मार्ग द्वारा संचालित अनाथ बच्चों के आश्रम में जाकर उनके लिए राशन, सब्जी, नाश्ते का सामान एवं उपहार स्वरूप चॉकलेट का पैकेट प्रदान किया गया। जिससे बच्चों के चेहरे पर मुस्कान आई। इस कार्यक्रम का नेतृत्व प्रबंधन की ओर से मनीष राणा एवं मजदूरों की ओर से यूनियन उपाध्यक्ष प्रकाश विश्वकर्मा ने किया। इस कार्यक्रम में शामिल हुए रघुवीर कुमार, संजय सिंह, वरुण सिंह, साधन दत्त, पांडुरंगा राव, चितरंजन. एस मंडल, सूरज नन्दी, महेंद्र यादव, उपेंद्र सिंह, भौमिक सलीम संजय आदि मौजूद थे।

### महिला अंडर-19 क्रिकेट टीम का चयन 31 मार्च को

**पूसू प्रतिनिधि, चाईबासा।** झारखण्ड राज्य क्रिकेट संघ के तत्वावधान में आगामी 9 अप्रैल से शुरू हो रहे अंतर जिला महिला अंडर -19 क्रिकेट प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए पश्चिमी सिंहभूम महिला अंडर -19 टीम का चयन रविवार 31 मार्च को प्रातः 8 बजे से चाईबासा के बिरसा मुंडा क्रिकेट स्टेडियम मैदान पर होगा। इस चयन प्रक्रिया में पश्चिमी सिंहभूम की कोई भी महिला खिलाड़ी जिसका जन्म 1.9.2005 या उसके बाद का हो, भाग ले सकती हैं।

चयन प्रक्रिया में भाग लेने वाले महिला खिलाड़ियों को अपने साथ डिजिटल/आनलाईन जन्म प्रमाण पत्र की मूल प्रति, आधार कार्ड, आधार अपडेट इतिहास माता अथवा पिता का मतदाता पहचान पत्र एवं दो पासपोर्ट साइज फोटो के साथ आना आवश्यक है। जिला क्रिकेट संघ के महासचिव ने बताया कि चयन प्रक्रिया में भाग लेने से पूर्व सभी खिलाड़ियों के दस्तावेजों की जाँच की जाएगी। जाँच में सही पाए जाने पर ही खिलाड़ियों को चयन प्रक्रिया में भाग लेने की अनुमति होगी।



## मुझे बचकानी हरकतें नहीं पसंद

# मनीषा रानी को अनफॉलो करने पर पहली बार बोले एल्विश यादव

हाल ही में, एक इंटरव्यू में एल्विश यादव से मनीषा को लेकर सवाल किया गया। एल्विश से पूछा गया कि उन्होंने मनीषा रानी को क्यों अनफॉलो किया था। पांच दिन जेल में बिताने के बाद गुरुग्राम की एक अदालत ने यूट्यूबर और बिग बॉस ओटीटी 2 विजेता एल्विश यादव को जमानत दे दी। जिसके बाद वह अपने घर पहुंचे और फैंस के साथ अपना अनुभव साझा किया था। इस बीच एक अपडेट ये भी था कि एल्विश यादव और मनीषा रानी के बीच सबकुछ ठीक नहीं चल रहा. जो दोस्ती बिग बॉस में शुरू हुई थी वो टूटती दिख रही थी। अब एल्विश ने इस पर चुप्पी तोड़ी है और बताया है कि आखिर उन्होंने मनीषा रानी को क्यों अनफॉलो किया था।



### मनीषा रानी को लेकर कही यह बात

हाल ही में, एक इंटरव्यू में एल्विश यादव से मनीषा को लेकर सवाल किया गया। एल्विश से पूछा गया कि उन्होंने मनीषा रानी को क्यों अनफॉलो किया था। इस पर एल्विश ने चुप्पी तोड़ते हुए कहा, मनीषा से मेरी बात नहीं हुई और उसी ने पहले मुझे अनफॉलो किया था, ये मुझे किसी ने बताया, क्योंकि मुझे नहीं पता थी इसकी वजह। मैं इन सब पर इतना ध्यान भी नहीं देता हूं क्योंकि मुझे यह सब काफी बचकानी चीजें लगती हैं और मेरे पास इतना समय नहीं है कि मैं इस चीज को लेकर सोचू।

### मैक्सटर्न कंट्रोवर्सी पर तोड़ी चुप्पी

एल्विश से मैक्सटर्न कंट्रोवर्सी पर सवाल पूछा गया तो उन्होंने कहा,उसने कुछ बोला, मैंने लड़ाई करी, उसे थोड़ी लग गई, लेकिन अब सब नार्मल हो गया है। ऐसा नहीं कि ये दबाव में किया है दूसरी चीज यह है कि मुझे तो कभी-कभी लगता है कि मेरे पीछे कोई तो लग रखा है ऐसा किसी और के साथ क्यों नहीं हो रहा। मतलब मुझे ही क्यों टारगेट कर रखा है हर जगह की इसको ही गलत दिखाओ।

### फैंस में जश्न का माहौल

एल्विश यादव को जमानत मिलने की खबर आते ही उनके समर्थकों ने जश्न मनाना शुरू कर दिया। सोशल मीडिया पर यू-ट्यूबर के समर्थकों ने नोएडा पुलिस पर बगैर किसी सबूत के गिरफ्तार करने का आरोप लगाया। आलम यह रहा कि सोशल मीडिया पर एल्विश यादव और नोएडा पुलिस भी फिर से ट्रैंड करने लगे।

## पूर्व पति आदिल ने ठोका था मानहानि का केस

# राखी की गिरफ्तारी से पहले की जमानत याचिका खारिज



राखी सावंत का हमेशा से ही विवादों से गहरा नाता रहा है। प्रोफेशनल लाइफ हो या निजी जिंदगी हो, राखी सावंत अक्सर मुश्किलों में पड़ती नजर आती रहती हैं। अब हाल ही में, बॉम्बे हाई कोर्ट ने अभिनेत्री राखी सावंत का उनके अलग हो चुके पति आदिल दुर्रानी द्वारा उनके खिलाफ दर्ज कराई गई एफआईआर में दायर की गई गिरफ्तारी पूर्व जमानत याचिका को खारिज कर दिया है। राखी के पूर्व पति आदिल दुर्रानी ने एक शिकायत दर्ज की थी, जिसमें आरोप लगाया गया था कि राखी ने मीडिया चैनलों पर उनके निजी, यौन रूप से स्पष्ट वीडियो प्रसारित किए थे। जस्टिस सारंग कोटवाल ने बुधवार को उनकी याचिका खारिज कर दी है। इससे पहले राखी ने अपनी गिरफ्तारी पूर्व जमानत याचिका खारिज करने के सत्र न्यायालय के आदेश को चुनौती देते हुए उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया था। हालांकि, जब न्यायमूर्ति कोटवाल ने 6 फरवरी को बताया कि वह राहत देने के इच्छुक नहीं हैं, तो उन्होंने अपनी याचिका वापस ले ली थी। राखी के वकील के एक बयान के आधार पर याचिका वापस ले ली गई।

जब किसी पक्ष द्वारा बिना शर्त बयान दिया जाता है, और उस बयान के आधार पर अदालत द्वारा एक आदेश पारित किया जाता है, तो इसे चुनौती नहीं दी जा सकती क्योंकि आदेश पक्ष और उनके बयानों की सहमति से पारित किया जाता है। हालांकि, राखी ने उस वापसी आदेश को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी। इसके बाद एक बार फिर अदालत को उन्होंने यह कहते हुए याचिका वापस ले ली कि वह कानून के अनुसार उचित उपाय का लाभ उठाएंगी। इसके बाद, राखी ने उच्च न्यायालय के समक्ष एक और गिरफ्तारी पूर्व जमानत याचिका दायर की, जिसे अब खारिज कर दिया गया है।



## कपिल शर्मा ने अर्चना पूरन सिंह को बताया लकी चार्म

कॉमेडियन कपिल शर्मा अपने शो के साथ एक बार फिर कमबैक कर रहे हैं। इस बार उनके शो का नाम 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो' है और ये 30 मार्च से शुरू हो रहा है। शो का प्रीमियर इस बार नेटफ्लिक्स पर होने वाला है। इस बार शो का फॉर्मेट काफी अलग होने वाला है और खास बात ये है कि कई साल बाद सुनील ग्रोवर शो में वापस आने वाले हैं। फैंस इस बात से काफी खुश हैं। अर्चना पूरन सिंह इस बार भी जज की कुर्सी पर नजर आने वाली हैं। कपिल शर्मा और अर्चना पूरन सिंह का पुराना नाता है और अब कपिल ने उन्हें अपना लकी चार्म बताया है। शो के प्रमोशनल इवेंट के दौरान कपिल ने अपने साथ काम कर रहे सभी कलाकारों की तारीफ की। खासतौर पर उन्होंने सुनील ग्रोवर और अर्चना पूरन सिंह को सराहा। उन्होंने सुनील ग्रोवर की फैन फॉलोइंग के बारे में बात की। अर्चना पूरन सिंह के बारे में बात करते हुए कपिल ने कहा, वो हमारी लकी चार्म है। हमने साल 2013 में शो करना स्टार्ट किया था। उससे पहले मैं अर्चना जी के साथ कॉमेडी सर्कस में काम करता था। उनकी खासियत ये है कि उन्हें हर तरह का ह्यूमर समझती हैं और ये एक कला है। जब वो हमारे सामने बैठती हैं तो हम बहुत एन्जॉय करते हैं। इस शो को 11 साल हो गए हैं और मैं सभी को इसे प्यार देने के लिए धन्यवाद कहता हूं। इस बार हम और ज्यादा लेकर आने वाले हैं। 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो' लंबे इंतजार के बाद सुनील ग्रोवर और कपिल शर्मा की जोड़ी को एक बार फिर साथ ला रहा है। साल 2017 के बाद दोनों के बीच विवाद की खबरों के बाद सुनील ने ये शो छोड़ दिया था। उनके बारे में बात करते हुए अब कपिल ने कहा है, आप लोग सुनील पाजी को बहुत प्यार करते हो।



## पटना शुक्ला के प्रीमियर पर दबंग 4 को लेकर सलमान खान ने दिया बड़ा अपडेट

बॉलीवुड सुपरस्टार सलमान खान ने अपनी लोकप्रिय दबंग फ्रेंचाइजी के चौथे पार्ट पर एक अपडेट शेयर किया है और कहा है कि जिस पल वह और उनके भाई अरबाज खान एक स्क्रिप्ट पर सहमत हो जाएंगे, फिल्म बन जाएगी। अरबाज द्वारा निर्मित स्ट्रीमिंग फिल्म पटना शुक्ला के प्रीमियर में सलमान शामिल हुए, जहां मीडिया ने स्टार से दबंग 4 के बारे में पूछा। सुपरस्टार ने जवाब दिया, बहुत जल्दी, जैसे ही दोनों भाई एक ही स्क्रिप्ट में लॉक हो जाएंगे। वह कुछ ओर चाहता है और मैं कुछ और.. जैसे ही स्क्रिप्ट फाइनल हो जाएगी, वैसी ही दबंग 4 रिलीज हो जाएगी। सलमान ने रवीना की जमकर तारीफ की, जिन्होंने 1991 में रिलीज हुई उनकी फिल्म पत्थर के फूल से बॉलीवुड में डेब्यू किया था।

पटना शुक्ला में रवीना तन्वी शुक्ला की भूमिका में हैं। एक्टर ने कहा, मैंने रवीना के साथ पत्थर के फूल और अंदाज अपना-अपना समेत 3-4 फिल्मों में काम किया है। मैं उन्हें काफी समय से जानता हूं। उन्होंने अपनी पहली फिल्म मेरे साथ की थी। अब इतने सालों बाद अरबाज उनके साथ काम कर रहे हैं। वह बहुत अच्छी एक्टर हैं और मेरी दोस्त हैं। सलमान ने उन्हें शुभकामनाएं दीं और उनकी बेटी राशा को भी शुभकामनाएं दीं, जो अभिषेक कपूर की आने वाली थ्रिलर में अजय देवगन के भतीजे अमन देवगन के साथ बॉलीवुड में डेब्यू करने के लिए तैयार हैं। पटना शुक्ला डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर स्ट्रीम हो रही है।



## क्या कंगना रनौत और गोविंदा के बाद पॉलिटिक्स में एंट्री करेंगी कृति सेनन?

कृति सेनन भी क्या अब कंगना रनौत के बाद पॉलिटिक्स में एंट्री करेंगी, एक्ट्रेस ने जवाब दिया। कृति ने कहा कि जिस दिन लगा कि कुछ और करना है तो वह शायद राजनीति में आ सकती हैं। कृति सेनन यह भी कहा कि वह कभी कुछ सोचकर नहीं करतीं कि क्या करना है और क्या नहीं। जैसे ही कंगना रनौत को लोकसभा का टिकट मिला और उनकी राजनीति की दुनिया में एंट्री कन्फर्म हुई, हर तरफ हलचल मच गई। बॉलीवुड गलियारों में भी इसकी धमक महसूस की गई। इसके बाद तो गोविंदा ने भी राजनीति में वापसी की घोषणा कर दी। उधर उर्मिला मातोंडकर कुछ साल पहले ही राजनीति में आ गई थीं। वहीं टीवी के राम यानी अरुण गोविल को बीजेपी ने मेरठ से लोकसभा चुनाव में उतारने का फैसला किया है। अब जब बॉलीवुड सितारे राजनीति में हाथ आजमाने लगे हैं, तो ऐसे में कृति सेनन से भी पूछ लिया गया कि क्या उनका ऐसा कोई प्लान है। जानते हैं कृति सेनन ने क्या कहा? इस वक्त अपनी फिल्म क्रू को लेकर चर्चा में हैं, जो 29 मार्च को रिलीज हो गई है। फिल्म में तब्बू, करीना कपूर खान, दिलजीत दोसांझ और कपिल शर्मा समेत कई सितारे हैं। कृति हाल ही टाइम्स नाऊ समिट में मौजूद थीं। कृति ने जवाब दिया, मैंने इस बारे में कभी नहीं सोचा। मैं कभी नहीं सोचती कि मैं ये करूंगी या वो करूंगी, जब तक कि यह अंदर से नहीं आता या मेरे अंदर इसे लेकर स्ट्रॉन्ग फीलिंग पैदा नहीं होती। अगर किसी दिन मेरे दिल में कुछ ऐसा आया कि मुझे कुछ और ज्यादा करना है, तो तब शायद (ऐसा सोच सकती हूं)...।



# अदा शर्मा ने शेयर किया फिटनेस मंत्र

एक्ट्रेस अदा शर्मा ने फिटनेस मंत्र शेयर करते हुए कहा है कि यह मजेदार होना चाहिए और दोस्तों के साथ वर्कआउट करना सबसे अच्छा है। अदा ने वर्कआउट हमेशा मजेदार होना चाहिए और दोस्तों के साथ वर्कआउट करना सबसे अच्छा रहता है। 31 वर्षीय एक्ट्रेस ने हाल ही में हाथियों को नहलाते हुए अपना एक वीडियो शेयर किया और कैप्शन में लिखा, यह होली के बाद वाला वर्कआउट है। एक्ट्रेस ने कहा, हाथी मेरे दोस्त हैं और उन्हें नहलाना पूरे शरीर का वर्कआउट है, जिसमें एक घंटा लगता है। इससे कंधों से लेकर बाइसेप्स, ग्लूट्स और टांगों तक सभी की कसरत होती है।अदा ने कहा कि वर्कआउट के अलावा डाइट भी एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। यह वर्कआउट पूरी तरह से क्रंचेज और लेग रेज और वेट लिफ्टिंग के बराबर है। फिटनेस में डाइट अहम भूमिका निभाती है। मैं भी अपने दोस्त हाथियों की तरह शुद्ध शाकाहारी हूं।



## कपूर सिस्टर्स की राजनीति में एंट्री

# शिवसेना शिंदे गुट में शामिल होंगी करिश्मा-करीना!

बॉलीवुड के कई चर्चित चेहरे लोकसभा चुनाव से पहले पार्टियां ज्वाइन कर रहे हैं। वहीं अब इसी कड़ी में महाराष्ट्र से बड़ी खबर सामने आ रही है जब कपूर खानदान के दो बड़े चेहरे राजनीति में एंट्री कर सकते हैं।

बॉलीवुड के कई चर्चित चेहरे लोकसभा चुनाव से पहले पार्टियां ज्वाइन कर रहे हैं। जहां कंगना रनौत को BJP की ओर से टिकट मिला। वहीं अब इसी कड़ी में महाराष्ट्र से बड़ी खबर सामने आ रही है जब कपूर खानदान के दो बड़े चेहरे राजनीति में एंट्री कर सकते हैं।

बताया जा रहा है कि करिश्मा कपूर और उनकी बहन करीना कपूर जल्द ही एकनाथ शिंदे वाली शिवसेना में शामिल हो सकती हैं और वे चुनाव भी लड़ सकती हैं। इतना ही नहीं अपने जमाने के सुपरस्टार रहे गोविंदा भी एकनाथ शिंदे वाली शिवसेना में शामिल होंगे। इन तीनों को लोकसभा चुनाव में लड़ाया भी जा सकता है। गोविंदा के साथ-साथ करीना कपूर और करिश्मा कपूर को एकनाथ शिंदे वाली शिव सेना की तरफ से प्रत्याशी बनाया जा सकता है।

गोविंदा पहले भी कांग्रेस की तरफ से लोकसभा चुनाव लड़ चुके हैं और सांसद भी बन चुके हैं। अगर ऐसा दोबारा होता है तो महाराष्ट्र में एकनाथ शिंदे की शिवसेना के लिए यह बड़ी बात साबित हो सकती है।

- साभार एजेंसी

IPL 2024

# सहवाग ने 42 साल के धौनी को बुजुर्ग करार दिया

## अजिंक्य रहाणे इसलिए बताया उनसे ज्यादा फिट

**नईदिल्ली, एजेंसी।** चेन्नई सुपर किंग्स ने आईपीएल 2024 का अपना दूसरा लीग मैच गुजरात टाइटंस के खिलाफ खेला था और इस मैच में सीएसके की टीम को जीत मिली थी। इस मैच में सीएसके के फील्डर्स ने कई शानदार कैच पकड़े थे जिसमें एमएस धोनी भी शामिल थे जिन्होंने फुल लेंथ डाइविंग लगाकर विजय शंकर का हैरान कर देने वाले कैच लपका था। इस मैच के बाद क्रिकेट एक्सपर्ट्स वीरेंद्र सहवाग ने कहा कि अजिंक्य रहाणे और रचिन रविंद्र ने काफी अच्छे कैच पकड़े साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि बुजुर्ग एमएस धोनी ने भी एक प्रभावशाली कैच लपका।



### सहवाग ने धोनी को बुजुर्ग करार दिया

वीरेंद्र सहवाग ने क्रिकबज पर कहा कि कैच से मैच जीते जाते हैं और अजिंक्य रहाणे व रचिन ने भी अच्छा कैच पकड़ा तो वहीं बुजुर्ग एमएस धोनी ने भी एक खिलाड़ी का विकेट के पीछे शिकार किया। सहवाग की इस बात पर रोहन गावस्कर ने कहा कि आपने रहाणे तो बुर्जुर्ग नहीं कहा तो सहवाग ने बताया कि रहाणे और धोनी के बीच उम्र का अंतर है। उन्होंने कहा कि दोनों की उम्र में फर्क है और रहाणे एमएस धोनी से ज्यादा फिच हैं। 35 साल के रहाणे और 42 साल के धोनी में बड़ा फर्क है और एमएस धोनी अब बूढ़े हो रहे हैं और इसमें कोई शक नहीं है।

आपको बता दे कि सीएसके टीम के नए कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ ने भी इस मैच के बाद अपनी टीम को फील्डरों की तारीफ की थी और कहा कि कि यह उनकी टीम का एक मजबूत पार्ट है। ऋतुराज गायकवाड़ की कप्तानी में सीएसके ने अब तक खेले अपने पहले दो मैचों में जीत दर्ज की है। पहले मैच में सीएसके की टीम ने आरसीबी को 6 विकेट से हराया था तो वहीं दूसरे मैच में गुजरात की टीम को 63 रन से हराने में सफलता हासिल की थी। चेन्नई सुपर किंग्स को अब अपना अगला मैच 31 मार्च को दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ खेलना है और यह मुकाबला विशाखापत्तनम में खेला जाएगा।



# नियमों को लेकर अंपायर से उलझे पोंटिंग-गांगुली

**जयपुर, एजेंसी।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 17वें सीजन के 9वें मुकाबले में राजस्थान रॉयल्स की टीम ने दिल्ली कैपिटल्स को 12 रनों से मात देने के साथ इस सीजन में अपनी लगातार दूसरी जीत हासिल की। वहीं इस मैच के दौरान एक चौंकाने वाली घटना भी देखने को मिली जब दिल्ली कैपिटल्स के डगआउट में बैठे हेड कोच रिकी पोंटिंग और टीम के डायरेक्टर सौरव गांगुली एक नियम को लेकर चौथे अंपायर से बहस करते हुए दिखाई दिए। इस मुकाबले में राजस्थान रॉयल्स की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवरों में 185 रनों का स्कोर बनाया था, तो वहीं दिल्ली कैपिटल्स की टीम टारगेट का पीछा करते हुए 20 ओवरों में 173 के स्कोर तक ही पहुंचने में कामयाब हो सकी।

### इम्पैक्ट प्लेयर नियम को लेकर उलझे पोंटिंग-गांगुली

इस मुकाबले में राजस्थान रॉयल्स की टीम ने अपनी प्लेइंग 11 में सिर्फ 3 ही विदेशी खिलाड़ियों को शामिल किया था, इसके बाद उन्होंने इम्पैक्ट खिलाड़ी से नांद्रे बर्गर को शिमरन हेटमायर की जगह पर शामिल किया था। इसी बीच दिल्ली कैपिटल्स टीम जब टारगेट का पीछा कर रही थी तो उस समय रोवमन पॉवेल को सबस्टीट्यूट फील्डर के तौर पर मैदान के अंदर बुलाया गया।

इसी को लेकर रिकी पोंटिंग और सौरव गांगुली चौथे अंपायर से उलझ गए थे, जिसमें उन्हें लगा कि राजस्थान रॉयल्स ने इम्पैक्ट प्लेयर रूल का दूसरी बार इस्तेमाल किया है। हालांकि बाद में चौथे अंपायर ने उन्हें पूरी स्थिति को समझाया जिसमें पॉवेल मैच में 12वें खिलाड़ी के तौर पर फील्डिंग करने पहुंचे थे और नियमों के तहत वह मैदान पर चौथे विदेशी प्लेयर भी थे।

### राजस्थान के लिए नांद्रे बर्गर और युजवेंद्र चहल ने दिखाया गेंद से कमाल

इस मुकाबले को लेकर बात की जाए तो राजस्थान रॉयल्स की टीम की तरफ से नांद्रे बर्गर और युजवेंद्र चहल का गेंद से शानदार प्रदर्शन देखने को मिला जिसमें दोनों ने 2-2 विकेट हासिल किए। चहल ने जहां अपने 3 ओवरों में सिर्फ 19 रन दिए तो वहीं नांद्रे बर्गर ने 29 रन। राजस्थान रॉयल्स की टीम को इस सीजन अब अपना अगला मुकाबला मुंबई इंडियंस के खिलाफ 1 अप्रैल को खेलना है।

# बोपन्ना-एब्डेन की जोड़ी फाइनल में पहुंची, खिताब से एक कदम दूर



**मियामी, एजेंसी।** बोपन्ना और एब्डेन की जोड़ी ने इस साल की शुरुआत में वर्ष के पहले ग्रैंडस्लैम ऑस्ट्रेलियन ओपन का खिताब जीता था। इस जोड़ी ने सेमीफाइल में स्पेन के ग्रानोलर्स और अर्जेंटीना के जेबालोस की जोड़ी को 6-1, 6-4 से हराया।

भारतीय टीम के अनुभवी टेनिस खिलाड़ी रोहन बोपन्ना और उनके ऑस्ट्रेलियाई जोड़ीदार मैथ्यू एब्डेन मार्केल ग्रानोलर्स और होरासियो जेबालोस को हराकर मियामी ओपन पुरुष डबल्स वर्ग के फाइनल में पहुंच गए हैं। बोपन्ना और एब्डेन की जोड़ी ने इस साल की शुरुआत में वर्ष के पहले ग्रैंडस्लैम ऑस्ट्रेलियन ओपन का खिताब जीता था। इस जोड़ी ने सेमीफाइल में स्पेन के ग्रानोलर्स और अर्जेंटीना के जेबालोस की जोड़ी को 6-1, 6-4 से हराया।

### बोपन्ना के पास फिर शीर्ष में पहुंचने का मौका

ऑस्ट्रेलियन ओपन में मिली ऐतिहासिक जीत के बाद 44 वर्षीय बोपन्ना एटीपी रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंच गए थे। वह ऐसा करने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी थे। हालांकि दुबई चैंपियनशिप के क्वार्टर फाइनल और इंडियन वेल्स के राउंड-32 में हारने के बाद यह जोड़ी दूसरे नंबर पर खिसक गई थी, लेकिन मियामी ओपन के सेमीफाइनल में जीतने से उन्हें सोमवार को जारी होने वाली रैंकिंग में दोबारा शीर्ष पर पहुंचने में मदद मिलेगी।

### डोडिग-ऑस्टिन की जोड़ी से होगा सामना

बोपन्ना और एब्डेन की जोड़ी का खिताबी मुकाबले में सामना क्रोएशिया के इवान डोडिग और अमेरिका के ऑस्टिन क्राजिकेक की जोड़ी से होगा। डोडिग ऑस्टिन की जोड़ी ने एक अन्य सेमीफाइनल मुकाबले में केविन क्राविट्ज और टिम पुट्ज की जर्मनी की जोड़ी को 6-4, 6-7 (7), 10-7 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया।

### अबतक 25 डबल्स खिताब जीत चुके हैं बोपन्ना

बोपन्ना के करियर का यह 14वां एटीपी मास्टर्स 1000 फाइनल है, जबकि वह पहली बार मियामी ओपन के खिताबी मुकाबले में पहुंचे हैं। ओवरऑल यह उनका 63वां टूर स्तर का फाइनल है।

भारत के सबसे सफल टेनिस खिलाड़ियों में शामिल बोपन्ना अबतक अपने करियर में 25 डबल्स खिताब जीत चुके हैं। बोपन्ना और एब्डेन की जोड़ी का यह पांचवां एटीपी मास्टर्स 1000 फाइनल है। बोपन्ना के नाम एक खास उपलब्धि भी जुड़ गई है वह लिएंडर पेस के बाद सभी नौ एटीपी मास्टर्स इवेंट के फाइनल में पहुंचने वाले दूसरे भारतीय खिलाड़ी हैं।

## पहले डब्ल्यूटीए 1000 फाइनल में पहुंची

# कोलिन्स ने मियामी में अलेक्जेंड्रोवा को हराया



**फ्लोरिडा, एजेंसी।** अमेरिकी डेनिएल कोलिन्स ने मियामी ओपन में गुरुवार रात 14वें नंबर की खिलाड़ी एकाटेरिना अलेक्जेंड्रोवा को 6-3, 6-2 से हराकर अपने करियर के पहले डब्ल्यूटीए 1000 फाइनल में प्रवेश किया। 2022 ऑस्ट्रेलियन ओपन फाइनलिस्ट, को इस टूर्नामेंट में गैरवरीयता प्राप्त अलेक्जेंड्रोवा को हराने के लिए सिर्फ 75 मिनट की जरूरत थी, जिन्होंने मियामी में अपने पहले सेमीफाइनल के रास्ते में विश्व नंबर 1 इगा स्वीयाटेक और नंबर 5 वरीयता प्राप्त जेसिका पेगुला को हराया था। 2005 में किम क्लिस्टर्स के बाद मियामी में पहली गैरवरीयता प्राप्त चैंपियन बनने की कोशिश कर रही 30 वर्षीय खिलाड़ी शनिवार को हार्ड रॉक स्टेडियम में खिताब के लिए नंबर 4 वरीयता प्राप्त एलेना रिबाकिना से भिड़ेंगी। कोलिन्स ने अपने करियर में पहले दो खिताब जीते हैं, दोनों 2021 में थे।

कोलिन्स 2018 में स्लोएन स्टीफंस के बाद मियामी फाइनल में पहुंचने वाली पहली अमेरिकी हैं - जिन्होंने खिताब जीता था। डब्ल्यूटीए की रिपोर्ट के अनुसार, पिछले 15 वर्षों में केवल चार अमेरिकी ही इस टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंचे हैं, जिसमें कोलिन्स और स्टीफंस भी विलियम्स बहनों के साथ शामिल हो गए हैं। इससे पहले शाम को, वर्ल्ड नंबर 4 रिबाकिना ने सेमीफाइनल में नंबर 27 सीड विक्टोरिया अजारेंका को 6-4, 0-6, 7-6(2) से हराकर सीजन के अपने चौथे फाइनल में प्रवेश किया।

रिबाकिना ने ब्रिस्बेन, अबू धाबी में खिताब और दोहा में साल के अपने पहले डब्ल्यूटीए 1000 फाइनल के साथ, हार्ड कोर्ट पर अपने सीज़न की शानदार शुरुआत का आनंद लिया है। पिछले साल, रिबाकिना मियामी फाइनल में पेट्रा क्वितोवा से 7-6(14), 6-2 से हारकर सनशाइन डबल जीतने से एक जीत दूर रह गयी थीं। वह पिछले 10 वर्षों में सेरेना विलियम्स और एश्ले बार्टी के साथ लगातार मियामी फाइनल में जगह बनाने वाली तीसरी खिलाड़ी हैं, जो 2005-2006 में मारिया शारापोवा के बाद ऐसा करने वाली सबसे कम उम्र की खिलाड़ी हैं।



# पाकिस्तान मई में टी-20 श्रृंखला के लिए 2018 के बाद पहली बार आयरलैंड का दौरा करेगा

**लाहौर, एजेंसी।** पाकिस्तान की पुरुष क्रिकेट टीम 2018 के बाद पहली बार टी20 सीरीज खेलने के लिए आयरलैंड का दौरा करेगी क्योंकि पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने तीन मैचों की सीरीज के कार्यक्रम की घोषणा कर दी है।

सीरीज के तीनों मैच 10 से 14 मई तक डबलिन के कैसल एवेन्यू में खेले जाएंगे। पाकिस्तान ने आखिरी बार 2018 में आयरलैंड के उद्घाटन टेस्ट मैच के लिए आयरलैंड का दौरा किया था। यह आखिरी बार था जब दोनों टीमें सभी प्रारूपों में भिड़ी थीं। यह श्रृंखला पाकिस्तान और आयरलैंड के बीच पहली बहु-मैच द्विपक्षीय टी20 भिड़ंत होगी।

इससे पहले, दोनों टीमें सबसे छोटे प्रारूप में केवल एक बार 2009 में एकतरफा मैच में भिड़ी थीं। जुलाई 2020 में दो मैचों की टी20 श्रृंखला निर्धारित की गई थी, लेकिन कोविड-19 महामारी के कारण यह दौरा आगे नहीं बढ़ सका।

आयरलैंड श्रृंखला से पहले, मेन इन ग्रीन 18 अप्रैल से शुरू होने वाली पांच मैचों की टी20 श्रृंखला में न्यूजीलैंड की मेजबानी करेगा। आयरलैंड दौरे के समापन के बाद, पाकिस्तान 22-28 मई के बीच चार टी20 मैचों में इंग्लैंड से भिड़ेगा।

### पाकिस्तान के आयरलैंड दौरे का शेड्यूल

10 मई- पहला टी20 मैच, डबलिन
12 मई -दूसरा टी20 मैच, डबलिन
14 मई-तीसरा टी20 मैच, डबलिन

# अमेरिका के लिए इंटरनेशनल क्रिकेट खेलेंगे कोरी



**नईदिल्ली, एजेंसी।** अमेरिका ने टी20 वर्ल्ड कप 2024 के लिए अपनी तैयारियों को लेकर कनाडा के खिलाफ होने वाली टी20 सीरीज के लिए टीम का ऐलान कर दिया है। इसमें न्यूजीलैंड की तरफ से इंटरनेशनल क्रिकेट खेलने वाले पूर्व ऑलराउंडर खिलाड़ी कोरी एंडरसन को यूएसए की टीम में जगह मिली है। कोरी 5 साल के बाद इंटरनेशनल क्रिकेट में वापसी करेंगे।

अमेरिका और कनाडा के बीच 5 मैचों की टी20 सीरीज की शुरुआत 7 अप्रैल से होगी। कोरी एंडरसन के अलावा इस टीम में भारतीय अंडर 19 टीम का हिस्सा रहने वाले हरमीत सिंह को भी जगह मिली है. इसके अलावा उनमुक्त चंद भी यूएसए टीम का हिस्सा नहीं बन पाए हैं, जिसकी सबसे बड़ी वजह वह आधिकारिक रूप से चयन के लिए उपलब्ध नहीं हैं।

### कोरी एंडरसन ने साल 2018 में खेला था आखिरी मुकाबला

न्यूजीलैंड टीम के पूर्व ऑलराउंडर खिलाड़ी कोरी एंडरसन को लेकर बात की जाए तो उन्होंने आखिरी बार कीवी टीम के लिए 5 साल पहले साल 2018 में इंटरनेशनल मुकाबला खेला था। इसके बाद वह अमेरिका जाकर बस गए थे और अब फिर से अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में वापसी के लिए तैयार हैं।

कोरी को न्यूजीलैंड टीम की तरफ से 13 टेस्ट, 49 वनडे और 485 टी20 मुकाबले खेलने को मिले हैं। इस दौरान उन्होंने टेस्ट में 683, वनडे में 1109 और टी20 में 485 रन बनाए हैं। कोरी ने तीनों इंटरनेशनल फॉर्मेट में मिलाकर अब तक कुल 90 विकेट हासिल किए हैं। वहीं उनके नाम टेस्ट और वनडे में 1-1 शतक भी दर्ज है।

# राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन की कार्यकारिणी भंग, तदर्थ समिति गठित

**जयपुर, एजेंसी।** राजस्थान सरकार ने राज्य संस्था में कथित अनियमितताओं की शिकायतों के बाद राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन (आरसीए) की कार्यकारिणी को भंग कर दिया है।

सहकारिता रजिस्ट्रार अर्चना सिंह ने गुरुवार देर रात मौजूदा समिति को भंग कर दिया और एक तदर्थ समिति का भी गठन किया है जिसमें भाजपा विधायक और श्रीगंगानगर जिला क्रिकेट संघ के कोषाध्यक्ष जयदीप बिहानी को संयोजक बनाया गया है । इसके अलावा राज्य के स्वास्थ्य मंत्री गजेंद्र सिंह खींवसर के बेटे धनंजय सिंह, पाली जिला क्रिकेट संघ के सचिव धर्मवीर सिंह, झुंझुनू जिला क्रिकेट संघ के सचिव हरिश्चंद्र सिंह, बीकानेर जिला क्रिकेट संघ के सचिव रतन सिंह और अलवर जिला क्रिकेट संघ के सचिव पवन गोयल को समिति का सदस्य बनाया गया है।

अब लोकसभा चुनाव के 3 महीने के भीतर आरसीए की पांच सदस्यीय तदर्थ समिति की देखरेख में आरसीए कार्यकारिणी के चुनाव कराए जाएंगे, जिसमें अध्यक्ष समेत सभी 6 पदों पर उम्मीदवार चुनाव लड़ सकेंगे।

भाजपा खेल प्रकोष्ठ के संयोजक एवं दौसा क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव बृजकिशोर उपाध्याय ने कहा कि सरकार ने मौजूदा कार्यकारिणी को भंग कर राजस्थान क्रिकेट में चल रही लूट और तानाशाही को खत्म कर दिया है। पिछली कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन में जमकर भ्रष्टाचार हुआ था, जिसमें अध्यक्ष, सचिव और अन्य पदाधिकारी भी शामिल थे. अब उनके खिलाफ निष्पक्ष जांच होगी, तभी राजस्थान के खिलाड़ियों और खेल प्रेमियों को न्याय मिलेगा।

यहां बताना जरूरी है कि स्पोर्ट्स काउंसिल ने वित्तीय अनियमितताओं और नियमों के उल्लंघन के आरोप में 22 फरवरी को आरसीए के खिलाफ कार्रवाई की थी और आरसीए कार्यालय को सील कर दिया था। इसके बाद राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन ने भी 29 फरवरी, 4 मार्च, 12 मार्च और 19 मार्च को सहकारिता विभाग में अपना पक्ष रखा था।

इस दौरान आरसीए के पदाधिकारियों ने कहा कि कार्यालय सील होने के कारण दस्तावेज जमा नहीं किये जा सके। अधिकारियों ने कहा कि इस तथ्य पर नाराजगी व्यक्त करते हुए जांच अधिकारी ने आरसीए अधिकारियों को 28 मार्च तक अपना पक्ष रखने का आखिरी मौका दिया था और इसलिए गुरुवार रात को यह कार्रवाई की गई।

# 18 साल की उम्र में गंवाए हाथ, फिर पैर से कामयाबी की इबारत लिख उत्तराखंड का मजदूर बना मैनेजर

**कोटा, एजेंसी।**
महज 18 साल की उम्र में दोनों हाथ गंवाने वाले 58 वर्षीय देवकीनंदन शर्मा ने परिस्थितियों से हार नहीं मानी और पैरों की उंगलियों से लिखना सीखा। कभी उत्तराखंड में पशु चराने का काम करने वाले शर्मा अपनी मेहनत के बल पर अब राजस्थान में एक एनजीओ में मैनेजर के पद पर कार्यरत हैं।

कोटा में 'भगवान महावीर विकलांग सहायता समिति' के ऑफिस में देवकीनंदन शर्मा कागजात संबंधी काम करते हैं और केवल अपने पैर की उंगलियों का उपयोग करके डिजिटल रूप से सभी रिकॉर्ड रखते हैं। शर्मा ने कहा कि कागजात पिन करना मेरे लिए एक कठिन काम है क्योंकि इसमें बहुत मशक्कत और समय लगता है।

पारंपरिक तौर पर डेस्क पर काम करने के विपरीत देवकीनंदन शर्मा जमीन पर लकड़ी का एक चौड़ा फट्टा रखकर पैरों की मदद से कागजी काम करते हैं। इन कामों के साथ-साथ वह उसी लकड़ी के बोर्ड पर कंप्यूटर रखकर अपना काम अच्छे से करते हैं। शर्मा अपने पैर की उंगलियों से माउस और कीबोर्ड भी आसानी से इस्तेमाल कर पाते हैं। शर्मा का कहना है कि वह स्कूल में एक प्रतिभाशाली छात्र थे और हमेशा एक ऐसी नौकरी का सपना देखते थे, जहां वह कागजी कामकाज कर सकें। शर्मा का जन्म और पालन-पोषण नैनीताल के शिलालेख गांव में हुआ था। उन्होंने कहा, ''मैं गणित और अंग्रेजी में बहुत तेज था और मेरा सपना था कि मुझे एक ऐसी नौकरी मिले जहां मैं ऑफिस में बैठकर कागजों पर साइन और लिखने-पढ़ने का काम कर सकूं। मेरा यह सपना तब टूट गया जब 1981 में एक दिन कॉन्ट्रैक्ट लेबर के रूप में काम करते समय मुझे बिजली का जोरदार करंट लगा और मैंने अपने दोनों हाथ गंवा दिए। तब में 8वीं क्लास में पढ़ता था।'' शर्मा कहते हैं कि अस्पताल से घर लौटने पर ग्रामीणों ने उन्हें बेकार समझ लिया। इसके बाद उन्हें जंगल में मवेशी चराने का काम दिया गया। उन्होंने उस समय का उपयोग अपने पैर के अंगूठे और उंगली के बीच एक पेड़ की टहनी को पकड़कर लिखने का अभ्यास करने में किया। छह महीने के नियमित अभ्यास के बाद, एक दिन उन्होंने जमीन पर एक कमल का फूल बनाया और हिंदी में उसे 'कमल' लिखा। इससे शर्मा को अपने पैर की उंगलियों के बीच पेन पकड़कर कागज पर अभ्यास करने का आत्मविश्वास मिला। आखिरकार अपने पैर की उंगलियों से कागज पर लिखने की इस कला में महारत हासिल करने में उन्हें आठ महीने का समय लगा, जिसके लिए उन्हें कड़ी मेहनत करनी पड़ी। शर्मा ने कहा कि मैंने पैर की उंगलियों के बीच कलम पकड़कर सबसे पहला पत्र अपने भाई को लिखा था, जो उस समय उत्तराखंड के अल्मोड़ा में तैनात थे। इससे आश्चर्यचकित होकर भाई ने मुझे पढ़ाई फिर से शुरू करने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने अपने भाई की सलाह मानी और 1986 में अपनी हायर सेकेंडरी की शिक्षा पूरी की।



## संक्षिप्त समाचार

### चेन्नई में सेख्मेट क्लब के अंदर फॉल्स सीलिंग गिरने से तीन लोगों की मौत



**चेन्नई।** चेन्नई में सेख्मेट क्लब के अंदर फॉल्स सीलिंग गिरने से तीन लोगों की मौत हो गई है। न्यूज एजेंसी एएनआई के मुताबिक, यह घटना गुरुवार रात 9-30 के आसपास घटी। एक पुलिस अधिकारी ने एएनआई से बात करते हुए बताया कि बचाव अभियान जारी है। हालांकि, अधिक जानकारी की प्रतीक्षा है। चेन्नई के अतिरिक्त पुलिस आयुक्त प्रेम आनंद सिन्हा ने बताया कि अभी छत गिरने का कारण स्पष्ट नहीं हुआ है, लेकिन रिपोर्टों से पता चला है कि बार के सामने मेट्रो रेल का काम चल रहा था। उन्होंने आगे कहा, हम जांच कर रहे हैं कि क्या उस समय मेट्रो रेल कार्य में कोई बड़ा प्रभावशाली ऑपरेशन चल रहा था। अधिकारियों ने कहा है कि बार चालू था। घटनास्थल पर बचाव अभियान जारी है। संयुक्त आयुक्त पूर्वी जोन धर्मराज ने कहा, तीन लोगों की मौत की सूचना मिली है, हमने जांच शुरू कर दी है। कारण पता चलने के बाद ही हम पता लगा सकते हैं कि किसी के खिलाफ कोई मामला है या नहीं। मलबा हटा दिया गया है और हमने मौके की जांच की है। तीनों क्लब के कार्यकर्ता हैं।

### टिकट कटने पर एसटी हसन बोले, अखिलेश के करीबी उन्हें कर रहे मिसगाइड

**मुरादाबाद, एजेंसी।** समाजवादी पार्टी से लोकसभा का टिकट कटने के बाद डॉक्टर एसटी हसन ने कहा कि पार्टी मुखिया अखिलेश के अगल-बगल में आरएसएस व भाजपा के लोग छिपे हैं, जो उन्हें मिसगाइड करते हैं। इसके कारण मेरा टिकट काटा गया है। एसटी हसन ने आईएएनएस से विशेष बातचीत में कहा कि लोकसभा चुनाव में वह मुरादाबाद में पार्टी का प्रचार नहीं करेंगे। उन्होंने कहा कि मुझे टिकट कटने के बारे में पता नहीं है। मेरे ऊपर न तो दाग धब्बा है, न ही मैं भू माफिया हूं, मैं तो एक डाक्टर हूं। उन्होंने कहा कि अखिलेश के अगल-बगल आरएसएस और भाजपा के लोग छिपे हैं, जो सपा को खत्म करने में लगे हैं। वे लोग नहीं चाहते की सपा में मुस्लिम लीडरशिप आगे बढ़े। कुछ लोग पार्टी का नुकसान करने के लिए अखिलेश को मिसगाइड कर रहे हैं। हसन ने कहा कि अखिलेश बहुत अच्छे इंसान हैं। सपा ने मुझे बहुत कुछ दिया है। मुझे मेयर और सांसद भी बनाया। हसन ने कहा कि मैं मुरादाबाद में पार्टी का प्रचार नहीं करूंगा। इसके अलावा अखिलेश यादव जहां भी कहेंगे, वहां प्रचार करूंगा। रामपुर में पार्टी आजम खां के सुझाए गए प्रत्याशी को उम्मीदवार नहीं बना सकी, इसलिए खां के कहने पर रुचि वीरा को मुरादाबाद से उम्मीदवार बनाया गया है।

### होटल में खाना खाने के बाद पैसे नहीं दिया तो ग्राहक को कुत्ते से कटवाया

**बिलासपुर, एजेंसी।** बिलासपुर जिले में एक बार फिर इंसानियत को शर्मसार करने का एक मामला सामने आया है। जिले के पुराना बस स्टैंड स्थित एक होटल में खाना खाने के बाद पैसे की बारगेनिंग करने पर एक शख्स को होटल मालिक ने अपने पालतू कुत्ते से कटवा दिया। मलिक के आदेश पर कुत्ता ग्राहकों पर अटैक कर दिया और हमला करते हुए दो लोगों को घायल कर दिया है। इसके बाद गुस्साए ग्राहकों ने पैसे नहीं दिए और होटल में घुसकर तोड़फोड़ की है। इस पूरी घटना का एक सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है। इस मामले के बाद बिलासपुर के तारबहार थाना में दोनों पक्षों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया गया है। होटल में कुत्ते से कटवाने और तोड़फोड़ का यह मामला छत्तीसगढ़ के बिलासपुर जिले के तारबहार थाना क्षेत्र का बताया जा रहा है। यहां पुराना बस स्टैंड के शराब दुकान के पास मगरपारा में रहने वाले संदीप देवांगन उसका दोस्त संजू और विशाल पटेल शराब दुकान गए हुए थे। बाद में यह सभी गोलू पासी के होटल में पहुंचे जहां सामान लेने के बाद बिल को लेकर होटल मालिक और ग्राहकों के बीच तू-तू, मै-मै शुरू हो गई।

## आचार संहिता के बीच एक्शन में दिखा इलेक्शन कमीशन, छत्तीसगढ़ में 20 करोड़ हुए जब्त

**रायपुर, एजेंसी।** लोकसभा चुनाव को लेकर आचार संहिता लगने के बाद से लगातार इलेक्शन कमिशन छत्तीसगढ़ में हर एक वैध और अवैध गतिविधियों पर नजर बनाए हुए हैं। निर्वाचन आयोग ने चुनावी गतिविधियों पर नजर रखने के लिए प्रत्येक जिलों में निगरानी दलों को सक्रिय कर दिया है। निर्वाचन आयोग का यह निगरानी दल लगातार बेहिसाब नगदी और अवैध सामग्रियों की जब्ती की कार्रवाई कर रहा है।

अब तक 20.40 करोड़ रुपये की हुई जब्ति

लोकसभा चुनाव 2024 की तारीखों का ऐलान होते ही आदर्श आचार संहिता लागू हो गई है। इसे लेकर छत्तीसगढ़ चुनाव आयोग हर तरह की सावधानी बरत रहा है। छत्तीसगढ़ में अलग-अलग जगहों पर चेक पोस्ट पर चेकिंग की जा रही है। छत्तीसगढ़ चुनाव आयोग द्वारा दिए गए आधिकारिक आंकड़ों के मुताबिक, अब तक चेकिंग के दौरान जब्त किए गए सामान की कीमत 20.40 करोड़ रुपये है।

रायपुर, बिलासपुर और दुर्ग में बड़ी कार्रवाई

उप मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अपूर्व प्रियश टोप्पो ने जानकारी देते हुए बतया कि 16 मार्च से आदर्श आचार संहिता लागू हो गई है, अब तक 20.04 करोड़ रुपये का माल जब्त किया जा चुका है। जिसमें 4.82 करोड़ रुपये की नकद राशि, 37 लाख रुपये की शराब जब्त की गई है, लगभग डेढ़ करोड़ की दवाएं जब्त की गई हैं, 94 लाख रुपये की कीमती धातुएं और 12 करोड़ रुपये से अधिक के अन्य सामान जब्त किए गए हैं। रायपुर, बिलासपुर, दुर्ग और महासमुंद में बड़ी कार्रवाई देखने को मिली है और सबसे ज्यादा कार्रवाई आयकर विभाग ने रायपुर जिले में की है।

## तमिलनाडु में दिखा भाजपा-तमिल मनीला कांग्रेस का भाईचारा, वेणुगोपाल के लिए अन्नामलाई ने किया प्रचार

**श्रीपेरुमबुदुर, एजेंसी।**
तमिलनाडु के भाजपा अध्यक्ष के. अन्नामलाई ने तमिल मनीला कांग्रेस उम्मीदवार वीएन वेणुगोपाल के लिए श्रीपेरुमबुदुर में चुनाव प्रचार किया। प्रचार के दौरान भाजपा नेता ने वेणुगोपाल की तारीफ भी की। उन्होंने कहा कि वेणुगोपाल के अलावा इस क्षेत्र का विकास कोई और नहीं कर सकता है।

चुनाव प्रचार के दौरान श्रीपेरुमबुदुर में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष अन्नामलाई ने कहा, अगर वीएन वेणुगोपाल के अलावा कोई और जीतता है तो इस निर्वाचन क्षेत्र में कुछ भी अच्छा नहीं होगा। श्रीपेरुमबुदुर एक उद्योग आधारित इलाका है।

अन्नामलाई ने भाजपा सरकार की सराहना करते हुए द्रमुक पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा, केंद्र सरकार ने सब्सिडी दी है। उन्होंने किसानों को 45 लाख रुपये की राशि भी दी है, लेकिन द्रमुक सरकार किसानों के खिलाफ है। द्रमुक ने सिपकॉट (तमिलनाडु उद्योग निगम) के लिए किसानों से उनकी जमीनें ले ली। द्रमुक ने पेट्रोल-डीजल के दामों को कम करने का वादा किया था, लेकिन उन्होंने ऐसा कुछ भी नहीं किया। लेकिन इसी दौरान हमारे प्रधानमंत्री ने कीमतें कम कीं।

अन्नामलाई ने कहा, तमिलनाडु के लोग राष्ट्रीय दृष्टिकोण के साथ वोट देने जा रहे हैं। तमिलनाडु मोदी जी की राह पर चलेगा। अगर आप हमारे 2019 का घोषणापत्र देखें तो हमने अपने सभी 295 वादों पर अमल किया है। द्रमुक ने 511 वादे किए, लेकिन उनमें से 20 भी वह पूरा नहीं कर पाए। हम सीएम एमके स्टालिन से अपने सभी चुनावी वादों और पिछले 33 महीनों में उन्होंने क्या किया है, इस पर एक श्वेत पत्र पेश करने की मांग कर रहे हैं।

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष ने आरोप लगाते हुए कहा कि द्रमुक ने अबतक अपने चुनावी वादे का 20 फीसदी भी पूरा नहीं किया है, लेकिन मुख्यमंत्री का कहना है कि उन्होंने 90 फीसदी काम पूरा कर लिया है।

## तमिलनाडु में मोदी की बड़ी लहर..., अन्नामलाई ने कहा- चार जून को होगी नए युग की शुरुआत

**चेन्नई।** तमिलनाडु में भाजपा प्रमुख और कोयंबटूर से पार्टी प्रत्याशी कप्पूसामी अन्नामलाई ने कहा कि तमिलनाडु में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की बड़ी लहर चल रही है। हमें पूरा विश्वास है कि 19 अप्रैल को कोयंबटूर और तमिलनाडु के लोग प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के लिए अभिभूत लोग खुलेदिल से मतदान करेंगे।

भाजपा नेता अन्नामलाई ने गुरुवार को कहा कि आगामी चार जून को पीएम मोदी एक नए युग की शुरुआत करेंगे और उनके लिए चुनाव लड़ने वाले सभी उम्मीदवार जीतेंगे। भाजपा को कोयंबटूर में साठ प्रतिशत वोट मिलेंगे। उन्होंने पूर्ववर्ती कांग्रेस के नेतृत्व वाली यूपीए सरकार पर प्रहार करते हुए कहा कि वह सत्ता में केवल लूटने आए थे। उन्होंने 2024 के आम चुनावों में पीएम मोदी के नेतृत्व में राजग की सफलता पर पूरा भरोसा जताते हुए कहा कि 400 से अधिक सीटें आएंगी। उन्होंने कहा कि देश का विकास तभी जारी रह सकता है जब नरेन्द्र मोदी तीसरे कार्यकाल के लिए फिर से सत्ता में आएं। उन्होंने कहा कि क्षेत्रीय दल विकास को नहीं समझते हैं। 2जी घोटाला यूपीए के शासनकाल में तब हुआ जब एक क्षेत्रीय दल ने एक कमजोर प्रधानमंत्री से मनमानी करवाई। विगत बुधवार को अन्नामलाई ने नामांकन से पहले एक रोड शो के साथ ही अरुल्मीगु कोनियामनन मंदिर में पूजा अर्चना की। इस अवसर पर उनके साथ विधायक वनाती श्रीनिवासन भी थे। अन्नामलाई ने कारुर से कांग्रेस के मौजूदा सांसद जोतामणि पर प्रहार करते हुए कहा कि उनकी तरह नेताओं को अपने चुनाव क्षेत्र में चुनाव से तीन महीने संसदीय क्षेत्र में नहीं देखना चाहिए। आपको ऐसे सांसद की जरूरत है जो 365 दिन आपके बीच रह सके और वैसे काम करे, जैसे उसे प्रधानमंत्री करने को कहें। भाजपा नेता ने संसदीय क्षेत्र का जिक्र करते हुए कहा कि यहां कई समस्याएं हैं। उल्लेखनीय है कि तमिलनाडु की सभी 39 सीटों पर 19 अप्रैल को मतदान होना है।



## शादी को लेकर विवाद, दो बच्चों के बाप ने गला दबाकर प्रेमिका को मार डाला; ब्लेड से अपना गला काटा

**नई दिल्ली, एजेंसी।**
नोएडा के छिजारसी कॉलोनी में किराये के कमरे में रहने वाले एक युवक ने शादी को लेकर हुए विवाद पर अपनी प्रेमिका की गला दबाकर हत्या कर दी। इसके बाद ब्लेड से खुद के गले पर वार कर आत्महत्या करने का प्रयास किया। इस दौरान आरोपी युवक घायल हो गया। मौके पर पहुंची सेक्टर-63 थाना पुलिस ने घायल युवक को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया है।

एडीसीपी सेंट्रल नोएडा हृदेश कठेरिया ने बताया कि बुधवार की रात को सेक्टर-63 पुलिस को लोगों से सूचना मिली कि छिजारसी में किराये के कमरे में एक युवती मृत अवस्था में पड़ी है, जबकि एक युवक गंभीर रूप से घायल है। घटना की सूचना पर मौके से पहुंची पुलिस की टीम ने युवती के शव को कब्जे में ले लिया। साथ ही, घायल को अस्पताल में भर्ती कराने के बाद मामले की जांच शुरू की।

पुलिस को पता चला कि युवक और युवती दोनों प्रेमी-प्रेमिका हैं। इनके बीच बुधवार की रात को विवाद हुआ था। इस दौरान आरोपी युवक ने युवती की गला दबाकर हत्या कर दी। वारदात के बाद आरोपी युवक ने ब्लेड से अपना गला काटकर आत्महत्या करने का प्रयास किया, लेकिन वह जख्मी होकर बेहोश हो गया। वारदात से कुछ समय पहले दोनों के बीच कहासुनी हो रही थी। जब कुछ देर बाद दोनों की आवाजें आना बंद हो गई तो मौके से पड़ोसी उनके कमरे के पास पहुंचे। इस दौरान उन्होंने देखा युवती बेड पर बेहोशी की हालत में पड़ी हुई है। इसके साथ ही युवक भी बेहोश पड़ा हुआ था, जिसके गले से खून बह रहा था।

एडीसीपी ने बताया कि पुलिस जांच में मृत युवती की पहचान 22 वर्षीय निशा निवासी गड़वार, जनपद बलिया और युवक की पहचान 35 वर्षीय धनंजय कुमार निवासी गड़वार, जनपद बलिया, उत्तर प्रदेश के रूप में हुई है। युवती और आरोपी युवक दोनों एक गांव के रहने वाले थे। इनके बीच तीन साल पहले से प्रेम प्रसंग चल रहा था। घायल युवक पहले से शादीशुदा है, जिसके दो बच्चे भी हैं, जो उसकी पत्नी के साथ गांव में रहते हैं। घायल युवक सेक्टर-63 में एक निजी प्रिंटिंग प्रेस में नौकरी करता है। युवती दिल्ली के दल्लूपुरा में अपने परिजनों के साथ रहती थी। दोनों गांव से ही एक दूसरे को जानते थे। एडीसीपी ने बताया कि मामले की जांच में पता चला है कि युवती बुधवार की रात को आरोपी से शादी करने के लिए कह रही थी। इसी बात पर दोनों के बीच विवाद हो गया। पूछताछ में परिजनों ने बताया कि निशा को आरोपी धनंजय बुधवार को उनके घर से नोएडा घुमाने की बात करके अपने साथ लेकर आया था। दोनों के एक ही गांव के होने के कारण आरोपी धनंजय अक्सर दल्लूपुरा, दिल्ली में रहने वाली युवती के घर जाया करता था। घर पर युवती आरोपी को चाचा बुलाया करती थी। स्थानीय लोगों के मुताबिक युवती अक्सर आरोपी युवक के पास आती रहती थी।

## प्रफुल्ल पटेल के खिलाफ सीबीआई ने बंद कर दिया भ्रष्टाचार का केस

**मुंबई, एजेंसी।** एनसीपी नेता प्रफुल्ल पटेल के खिलाफ भ्रष्टाचार के एक मामले को सीबीआई ने बंद कर दिया है। जानकारी के मुताबिक सीबीआई ने उनके खिलाफ एयर इंडिया-इंडियन एयरलाइन्स मर्जर मामले में क्लोजर रिपोर्ट फाइल कर दी है। बता दें कि मर्जर के वक्त प्रफुल्ल पटेल केंद्र में सिविल एविएशन मिनिस्टर थे। बता दें कि बीते साल जुलाई में अजित पवार के साथ प्रफुल्ल पटेल भी एनडीए में शामिल हो गए थे।

रिपोर्ट के मुताबिक कथित घोटाले में संदिग्ध होने के चलते सीबीआई और ईडी ने उनसे पूछताछ की थी। दरअसल 2019 में ईडी ने विशेष अदालत को बताया था कि इस घोटाले के आरोपी और बिचौलिए दीपक तलवार प्रफुल्ल पटेल के करीबी थे। 2008-09 में केंद्रीय मंत्री रहने के दौरान उन्होंने दीपक को फायदा पहुंचाया था। दीपक ने एयर इंडिया के रूट्स को प्राइवेट एयरलाइन्स में बांटने में मदद की थी। 19 मार्च को सीबीआई ने इस मामले में राउज अवेन्यू कोर्ट के विशेष जज (सीबीआई) के सामने क्लोजर रिपोर्ट फाइल की है। बता दें कि जुलाई में अजित पवार ने प्रफुल्ल पटेल, छगन भुजबल समेत अन्य सीनियर 6 नेताओं के साथ शरद पवार का साथ छोड़ दिया था। फिलहाल अजित पवार और उनके समर्थक महाराष्ट्र की एकनाथ सरकार का हिस्सा हैं। सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले में 2017 में सीबीआई जांच का आदेश दिया था। यह 840 करोड़ के कथित घोटाले से जुड़ा केस था। हालांकि सीबीआई का कहना है कि इस मामले में किसी गड़बड़ी का कोई सबूत नहीं मिला इसलिए क्लोजर रिपोर्ट फाइल कर दी गई है।



## नोएडा एयरपोर्ट पर मिलेगा देसी-विदेशी स्वाद, यात्री चखेंगे हर देश का खाना; रनवे का काम पूरा

**नई दिल्ली, एजेंसी।**
नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के टर्मिनल बिल्डिंग के अंदर यात्रियों को स्थानीय के साथ वैश्विक व्यंजनों का जायका मिलेगा। इसके लिए एचएमएस होस्ट इंडिया प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के साथ अनुबंध किया गया है। यह कंपनी रेस्तरां, कैफे और खानपान की अन्य दुकानों के निर्माण समेत विभिन्न ब्रांड के आउटलेट का संचालन करेगी। कंपनी के 75 देशों में करीब 1200 स्थानों पर साढ़े पांच हजार से ज्यादा बिक्री केंद्र हैं।

नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के सीईओ क्रिस्टोफ श्नेलमैन का कहना है कि एयरपोर्ट का लक्ष्य यात्रियों को साफ वातावरण में गुणवत्तापूर्वक भोजन परोसना है। यात्रियों की सुविधा के लिए यहां पर स्थानीय व्यंजनों को वैश्विक व्यंजनों के साथ मिश्रित किया जाएगा। कंपनी के साथ साझेदारी से ग्राहकों को विश्वस्तरीय सुविधाएं और सेवाएं मिलेगी। सात ब्रांड के आउटलेट संचालित किए जाएंगे, जहां पर दुनियाभर के व्यंजनों का स्वाद चखा जा सकेगा। एयरपोर्ट पर हर देश के व्यंजनों का स्वाद मिलेगा। दुनियाभर के यात्रियों के लिए जेवर एयरपोर्ट पर सुगम यात्रा के साथ ही बेहतर खानपान की सुविधा के लिए प्राधिकरण स्तर पर लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। एयरपोर्ट का काम तेजी से पूरा करने की तैयारी है।

## शिमला में धूं-धूं कर जलने लगा 40 कमरे वाला मकान, एक करोड़ का नुकसान

**शिमला, एजेंसी।**
शिमला के रोहड़ू उपमण्डल के टिक्कर इलाके में भीषण अग्निकांड हुआ है। यहां की ग्राम पंचायत शरोंथा के गांव ब्रेष्टू में गुरुवार शाम एक चार मंजिला मकान जलकर राख हो गया। लकड़ी के बने इस मकान में करीब 40 कमरे थे और सात परिवार रह रहे थे। अग्निकांड की इस घटना से कोई जनहानि नहीं हुई लेकिन कई परिवार बेघर हो गए हैं। प्रभावित परिवारों के पास तन पर पहने कपड़ों के अलावा कुछ भी नहीं बचा है। स्थानीय प्रशासन की ओर से प्रभावितों को फौरी राहत प्रदान की गई है। प्रारंभिक जांच में आग की वजह शार्ट सर्किट सामने आई है।

अग्निकांड की सूचना मिलते ही दमकल वाहन मौके पर पहुंचे और आग पर काबू पाने की कोशिश की। ग्रामीणों ने अपने स्तर पर आग को नियंत्रित करने का प्रयास किया, लेकिन आग इतनी भयंकर थी कि सात परिवारों के आशियाने को जलने से नहीं बचाया जा सका। राजस्व विभाग की टीम अग्निकांड का आंकलन कर रही है। पुलिस के मुताबिक इस घटना में एक करोड़ से अधिक की संपति नष्ट हुई है। रोहड़ू के डीएसपी रविन्द्र नेगी ने बताया कि आग से राख हुए बहुमंजिला मकान में लगभग 35 से 40 कमरे थे। इस मकान में सात संयुक्त परिवार रह रहे थे। शाम 5 बजे के करीब जब आग लगी, तब सभी सदस्य मकान के बाहर अपने रोजमर्रा के काम में व्यस्त थे। उन्होंने कहा कि प्रभावितों में दयानन्द शर्मा, यशवंत शर्मा, सुरेश शर्मा, मनमोहन शर्मा, राम गोपाल शर्मा, पुष्पा देवी और अंजू का परिवार शामिल है। उनका कहना है कि मकान के पूरी तरह से लकड़ी से बने होने के कारण आग तेज़ी से फैली और इसे नियंत्रित करना मुश्किल हो गया था। पुलिस अधिकारी कहा कि आग लगने की इस घटना में एक करोड़ से अधिक का नुकसान हुआ है। प्रशासन की ओर से प्रभावितों के रहने की व्यवस्था की गई है।

## हंसते-हंसते मंजूर कर लूंगी; अदालत में गुलाम हैदर की याचिका पर बोली सीमा हैदर

**नई दिल्ली, एजेंसी।**
पाकिस्तान से अपने बच्चों के साथ रबूपुरा के सचिन मीणा के घर पहुंची सीमा हैदर की मुश्किलें बढ़ सकती हैं। सीमा हैदर के पाकिस्तानी पति गुलाम हैदर के अधिवक्ता ने गौतमबुद्ध नगर न्यायालय में मुकदमा दर्ज कराने के लिए अर्जी दाखिल की थी। न्यायालय में गुरुवार को याचिका पर सुनवाई हुई। अदालत ने पुलिस को नोटिस जारी कर 18 अप्रैल तक जवाब मांगा है।

गुलाम हैदर पक्ष के अधिवक्ता एडवोकेट मोमिन मालिक के मुताबिक सीमा, सचिन और नेत्रपाल के खिलाफ लगभग 20 धाराओं में मुकदमा दर्ज करने की मांग की गई है। आरोप लगाया गया है कि सीमा, सचिन और नेत्रपाल ने गलत दस्तावेज के जरिए जमानत ली थी। अधिवक्ता द्वारा सीमा और सचिन की शादी को भी अवैध बताया गया है। कोर्ट ने याचिका स्वीकार करते हुए थाना जेवर पुलिस को नोटिस जारी कर जबाब मांगा है। सुरजपुर कोर्ट ने जेवर पुलिस से 18 अप्रैल तक जबाब देने को कहा है।

पाकिस्तानी पति गुलाम हैदर के अदालत पहुंचने के बाद सीमा हैदर का रिएक्शन भी सामने आया है। सीमा हैदर ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो जारी करते हुए कहा है कि उसके भविष्य का जो भी फैसला होगा वह उसे मंजूर होगा। सीमा हैदर ने कहा, लोग कहते हैं पछताएगी, लोग कहते हैं रोएगी, लोग कहते हैं ये करेगी... मैं कुछ नहीं करूंगी। जो भी फ्यूचर में मेरे लिए फैसला आता है मैं भगवान का फैसला मानकर मंजूर करूंगी हंसते-हंसते, मुस्कुराते हुए। जो मेरे भगवान जी ने लिखा होगा वह मुझे जरूर मिलेगा। मुझे विश्वास है अपने कृष्ण जी पर, जो भी होगा अच्छा होगा। गौरतलब है कि पाकिस्तानी महिला सीमा हैदर अपने चार बच्चों को लेकर एक साल पहले अवैध तरीके से भारत आ गई थी। सीमा का दावा है कि पबजी गेम खेलते हुए उसे नोएडा के सचिन मीणा के साथ प्यार हो गया। दोनों ने पहले नेपाल में मुलाकात और इस दौरान शादी भी कर ली थी।

कुछ महीने बाद वह बच्चों के साथ नेपाल के रास्ते भारत आ गई। यहां पुलिस को जब यह बात पता चली तो सीमा, सचिन और उसके पिता को गिरफ्तार कर लिया गया। बाद में उन्हें जमानत मिल गई। तब से सीमा सचिन के साथ उसके घर में रह रही है।



आरएनआई रजिस्ट्रेशन : जेएचएएचआईएन/2007/24306, समाचार पत्र के स्वामी,प्रकाशक,मुद्रक सुमन कुमार द्वारा शिवासाई पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड,काठीटांड़,नियर टेंडर बगीचा,रातू,रांची(झारखंड)-835222 से मुद्रित एवं एच. आई.- 67,हरमू हाउसिंग कॉलोनी रांची (झारखंड)- 834002 से प्रकाशित,संपादकः सुमन कुमार। संपर्क नं. 9470578773,संपर्क नं. (का.) 0651-7960613,फैक्स नं. 0651- 7960613, ईमेलः purvanchalsurya@yahoo.co.in / purvanchalsurya0@gmail.com लेखकों द्वारा व्यक्त किए गए विचारों से संपादक की सहमति अनिवार्य नहीं है। न्यायालय से संबंधित सभी मामले रांची से ही निबटाये जाएंगे। ( पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार)